य एषु सुप्तेषु जागर्ति

# राजस्थान पत्रिका

वर्ष : 20 | अंक : 246 | पृष्ठ 12 | ₹5.00

patrika.com /rajasthanpatrika /rpbreakingnews /rajasthan_patrika

दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, गुजरात, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

नई दिल्ली, शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 | चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्दशी, संवत् 2081



**मियामी ओपन टेनिस : 140वें नंबर की एलेक्जेंड्रा ने दूसरी सीड स्विटेक को हराया**
@स्पोर्ट्स &गेमिंग



**अब ग्वादर पर बलूच आर्मी का हमला, 5 को गोली मारी**
@इंडिया&वर्ल्ड



**हर छठा ग्रामीण परिवार परिचितों और साहूकारों से ले रहा कर्ज**
@बिजनेस&वेल्थ

एलएसी पर नजर

## लद्दाख में तैनात होगी सेना की एक और डिविजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारतीय सेना पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सटी सीमा पर नई डिवीजन तैनात करेगी। इसका नाम 72 डिवीजन होगा। यह एलएसी पर स्थायी तौर पर तैनात रहेगी। यह सेना की मौजूदा 3 डिवीजन के अतिरिक्त होगी, जो अभी तक पूरे एलएसी की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रही थी। सेना का यह फैसला रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। गौरतलब है कि सेना की किसी भी डिवीजन में 10 से 15 हजार तक सैनिक होते हैं।

## न्यूज विंडो

### ■ साल में तीन होंगी सीए फाइनल परीक्षा

**नई दिल्ली @पत्रिका.** इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आइसीएआइ) ने साल में तीन बार सीए फाइनल परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। अभी तक यह परीक्षा साल में दो बार होती थी। आइसीएआइ ने इंटरमीडिएट और फाउंडेशन कोर्स की परीक्षाएं साल में तीन बार कराने निर्णय लिया था। अब सीए फाइनल परीक्षाएं भी उसी शेड्यूल के अनुसार होंगी। ये परीक्षाएं जनवरी, मई और सितंबर में होंगी।

### ■ राशिद की अर्जी पर जल्द सुनवाई नहीं



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** दिल्ली हाईकोर्ट ने जम्मू-कश्मीर टेरर फंडिंग मामले में आरोपी सांसद अब्दुल रशीद शेख उर्फ राशिद इंजीनियर की ओर से दायर अर्जी पर जल्द सुनवाई से इनकार कर दिया। राशिद ने अपने खर्च पर संसद में भाग लेने की शर्तें हटाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रतिदिन 1.4 लाख रुपए का भुगतान करने का कहा है।

### ■ डीपफेक पर कोर्ट में सौंपी रिपोर्ट

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** आइटी मंत्रालय ने दिल्ली हाईकोर्ट को डीपफेक पर रिपोर्ट सौंप दी है। इसमें डीपफेक के बारे में चिंताओं को उजागर किया। हाईकोर्ट डीपफेक के अनियंत्रित प्रसार को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। सरकार से डीपफेक बनाने वाले एप तक सार्वजनिक पहुंच को प्रतिबंधित करने का आग्रह किया गया था।

### ■ एसपी को दो घंटे अभिरक्षा में रखा

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** महानगर-1 क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय ने गुरुवार को कुर्सी पर बैठे-बैठे बोलने के कारण हनुमानगढ़ एसपी अरशद अली को दो घंटे अभिरक्षा में रखा। बाद में स्वास्थ्य खराब होने पर कोर्ट ने उन्हें बैठने के लिए कुर्सी उपलब्ध कराई। जयपुर महानगर प्रथम क्षेत्र के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रम-6 की पीठासीन अधिकारी कल्पना पारीक ने अदालती निर्देशों की अवहेलना पर यह कार्रवाई की।


ट्रेड वॉर : भारतीय ऑटो उद्योग के लिए खतरा व मौका दोनों

# ऑटो कंपनियों पर 25% 'ट्रंप टैरिफ', भारत के सात अरब डॉलर के निर्यात पर असर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बुधवार रात को ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। यह नया टैरिफ तीन अप्रैल से प्रभावी होगा। इससे भारतीय ऑटो पार्ट्स के निर्यात पर बड़ा असर पड़ सकता है। भारत हर साल अमरीका को लगभग सात अरब डॉलर के ऑटो पार्ट्स निर्यात करता है। ट्रंप का यह फैसला भारत में इस व्यापार के भविष्य को अनिश्चित बना सकता है। वाइट हाउस के अनुसार, इस नए टैरिफ को जरूरत के अनुसार, बदला जा सकता है। भारत के ऑटो पार्ट्स के निर्यात में अमरीकी भागीदारी 15.7 फीसदी है, जिसपर इस टैरिफ का असर पड़ सकता है। ट्रंप की इस घोषणा के कारण गुरुवार को ऑटो कंपनियों के इंडेक्स में एक फीसदी की गिरावट आई। टाटा मोटर्स का शेयर सबसे ज्यादा पांच फीसदी से अधिक गिरा।

विशेषज्ञों का मानना है कि अमरीका कुछ देशों को छूट देता है तो भारतीय कंपनियों की प्रतिस्पर्धा कम हो सकती है। इसके अलावा, टैरिफ बढ़ने से अमरीका में वाहनों की कीमतें बढ़ती हैं और मांग घटती है, तो इसका असर भारत के निर्यात पर पड़ सकता है। ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, भारत का कुल ऑटो पार्ट्स निर्यात 2023-24 में 21.2 अरब डॉलर तक पहुंच गया था, जिसमें अमरीका और यूरोप का योगदान 32 फीसदी था।



क्या हो रणनीति

### टैक्स कम करने पर उलझन

कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि भारत को अमरीकी टैरिफ का जवाब देने के लिए अपने आयात शुल्क कम करने चाहिए। लेकिन, ग्लोबल ट्रेड एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (जीटीआरआइ) की रिपोर्ट इस कदम के खिलाफ है। बताया गया कि ऑस्ट्रेलिया ने 1980 के दशक में अपने ऑटो सेक्टर पर आयात शुल्क 45 फीसदी से घटाकर पांच फीसदी कर दिया था, जिसके बाद वहां की पूरी ऑटो इंडस्ट्री बंद हो गई। भारत के ऑटो सेक्टर का देश की मैन्युफैक्चरिंग जीडीपी में बड़ा योगदान है, इसलिए इस तरह का जोखिम लेना सही नहीं होगा।

### टाटा मोटर्स पर अधिक नुकसान

■ अमरीकी ऑटो टैरिफ में बढ़ोतरी का टाटा मोटर्स पर सबसे ज्यादा असर पड़ सकता है। **इसकी लग्जरी सब्सिडियरी, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर), अमरीकी बाजार में जमी हुई है।** उस पर बुरा असर होगा।

■ जेएलआर ने 2024 में वैश्विक स्तर पर 400,000 से अधिक कारें बेचीं, **जिनमें से लगभग 23 प्रतिशत अमरीका में बिकीं।** पहले से मंदी की मार झेल रहे इस ब्रांड पर अब अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

क्या होगा आगे..

### क्या भारत के लिए नया अवसर है?

■ ट्रंप के इस नए टैरिफ से भारतीय ऑटो उद्योग के सामने नई चुनौतियां और संभावनाएं दोनों हैं। अब कंपनियों को रणनीतिक रूप से अपने निर्यात को बनाए रखने और प्रतिस्पर्धा में बने रहने के लिए नए विकल्प तलाशने होंगे।

■ अमरीका हर साल 89 अरब डॉलर के ऑटो पार्ट्स आयात करता है, जिसमें सबसे बड़ा हिस्सा मेक्सिको (36 अरब डॉलर) व चीन (10.1 अरब डॉलर) का है। शेष@पेज09

बॉट से फ्रॉड : अमरीका ने भारत में रद्द किए दो हजार वीजा अपॉइंटमेंट

# 35 हजार की 'दक्षिणा' पर वीजा अपॉइंटमेंट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ऑनलाइन सिस्टम को धोखाधड़ी और रिश्वतखोरी रोकने का उपाय समझा जाता है, लेकिन वहां भी फ्रॉड की जुगत निकाल ली गई है। ऐसी ही धोखाधड़ी का खुलासा उस समय हुआ जब भारत में वीजा अपॉइंटमेंट प्रक्रिया में बॉट (ऑनलाइन टूल) के इस्तेमाल कर पता चला। इसके बाद अमरीका ने बॉट की मदद से बुक किए गए दो हजार वीजा अपॉइंटमेंट को रद्द कर दिया है। इन बॉट का इस्तेमाल कुछ एजेंटों द्वारा किया जा रहा था, जो लोगों से भारी रकम लेकर जल्दी अपॉइंटमेंट दिलाने का दावा करते थे। अमरीकी दूतावास ने एक्स पर मामले की जानकारी दी।



**ऑनलाइन टूल का इस्तेमाल कर एजेंट कर रहे थे वारे-न्यारे**

### स्लॉट बुक कराकर बेचने का खेल

**भारत** में अमरीकी वीजा अपॉइंटमेंट के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। बी1/बी2 वीजा (पर्यटन और व्यवसाय) के लिए छह महीने से अधिक की प्रतीक्षा अवधि है। इसका फायदा उठाते हुए कुछ एजेंट बॉट्स की मदद से स्लॉट बुक कर लेते थे और फिर उन्हें 30-35 हजार रुपए में बेच देते थे। 2023 में यह समस्या चरम पर थी, जब बी1/बी2 वीजा अपॉइंटमेंट के लिए प्रतीक्षा अवधि 999 दिनों तक पहुंच गई थी। इससे निपटने के लिए अमरीका ने भारतीय आवेदकों को फ्रैंकफर्ट और बैंकॉक जैसे शहरों में अपॉइंटमेंट बुक करने की अनुमति दी थी।

### अब आगे क्या?

■ अमरीकी दूतावास ने धोखाधड़ी रोकने के लिए कड़े कदम उठाने की बात कही है। बॉट्स का इस्तेमाल करने वाले एजेंटों के खाते निलंबित कर दिए गए हैं। दूतावास ने बताया कि आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

■ इस फैसले से भारतीय नागरिकों को फायदा होगा, क्योंकि अब उन्हें बिना दलाल के सीधा अपॉइंटमेंट मिलने की संभावना बढ़ गई है।

### आपबीती

**एक अभिभावक** ने बताया कि बेटे के अमरीका में नियुक्ति के समय हमने खुद से साक्षात्कार के लिए अपाइंटमेंट लेने की कोशिश की तो काम नहीं बना, जैसे ही एक एजेंट की मदद ली, हमे अपॉइंटमेंट मिल गया।

सुधार : देशभर में एक जैसी होगी बिलिंग

## अब अस्पतालों को इलाज खर्च का देना होगा विस्तृत ब्योरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्र सरकार इलाज के खर्च में अस्पतालों और जांच केंद्रों की मनमानी रोकने के लिए पारदर्शी और एक समान बिलिंग प्रक्रिया लागू करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए जल्द स्वास्थ्य संस्थानों के लिए मॉडल बिलिंग फॉर्मेट जारी करेगी। इसमें इलाज पर होने वाले खर्च का स्पष्ट और विस्तृत ब्योरा देना अनिवार्य बनाया जाएगा। सूत्रों ने बताया कि इस नए बिलिंग फॉर्मेट को भारतीय मानक ब्यूरो और स्वास्थ्य मंत्रालय मिलकर तैयार कर रहे हैं। बिल के नए प्रारूप में अनिवार्य और वैकल्पिक चीजों को भी निर्धारित किया गया है। शेष@पेज09

### ये ब्योरा जरूरी होगा

1 **चिकित्सा प्रक्रिया :** कमरे का किराया, कमरे का प्रकार, डॉक्टर का शुल्क, सर्जरी शुल्क, सर्जन शुल्क, एनेस्थीसिया शुल्क, ऑपरेशन थिएटर चार्ज, रोज होने वाली जांचों की सूची

2 **दवाएं :** दवा की मात्रा व कीमत, इलाज में इस्तेमाल और डिस्पोजेबल, सीरिंज, दस्ताने, कैथेटर की मात्रा और कीमत, बैच संख्या व नर्सिंग शुल्क

3 **अन्य ब्योरा :** उपस्थित डॉक्टरों का पदनाम, छूट या रियायतें, आपातकालीन संपर्क या अन्य जरूरी चिकित्सा जानकारी।

छापे : 3,500 से अधिक प्रोडक्ट जब्त किए

## जाली आइएसआइ मार्क सामान बेच रहे अमेजन और फ्लिपकार्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय से गुरुवार बताया कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआइएस) ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर बेचे जा रहे घटिया सामान के खिलाफ कार्रवाई के तहत अमेजन और फ्लिपकार्ट के गोदामों से ऐसे सामान जब्त किए हैं, जिन पर अनिवार्य आइएसआइ मार्क नहीं था या नकली आइएसआइ लेबल लगे थे। अमेजन के गोदाम से ऐसे 3,500 से अधिक प्रोडक्ट जब्त किए गए।

बीएसआइ ने 19 मार्च को दिल्ली के मोहन को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदामों में तलाशी व जब्ती अभियान चलाया। यह अभियान 15 घंटे से अधिक समय तक चला। जब्त किए गए उत्पादों में 70 लाख रुपए के गीजर, फूड मिक्सर और बिजली के उपकरण शामिल हैं। शेष@पेज09

### देश के कई हिस्सों में सामान जब्त

**एक** महीने में, बीआइएस टीम ने देश के कई हिस्सों में इसी तरह की कार्रवाई की है। इस दौरान दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर में अलग-अलग घटिया वस्तुओं को जब्त किया गया है। ये छापे भारतीय मानक ब्यूरो के चल रहे प्रयासों का हिस्सा हैं।

सुप्रीम कोर्ट: बार प्रतिनिधियों की सीजेआइ से मुलाकात

## जस्टिस वर्मा पर केस की मांग वाली याचिका पर सुनवाई आज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर कथित तौर पर नोटों के जले हुए ढेर मिलने के मामले में एफआइआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को सुनवाई करेगा। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जल भुइयां की बेंच इस मामले की सुनवाई करेगी। सुप्रीम कोर्ट के वकील मैथ्यू नेदुम्पारा सहित चार लोगों ने शीर्ष कोर्ट में याचिका दाखिल कर दिल्ली पुलिस को एफआइआर दर्ज कर जांच करने का आदेश देने की मांग की है। याचिका में कहा गया था कि यह पूरा मामला भारतीय न्याय संहिता के तहत विभिन्न धाराओं में संज्ञेय अपराध बनता है और पुलिस एफआइआर दर्ज करने के लिए बाध्य है।

वहीं जस्टिस वर्मा का तबादला इलाहबाद हाईकोर्ट करने के मामले में इलाहाबाद, गुजरात, केरल, जबलपुर, कर्नाटक और लखनऊ हाईकोर्ट के बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने सीजेआइ संजीव खन्ना से मुलाकात की और तबादले पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया। इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने कहा कि सीजेआइ खन्ना ने जस्टिस वर्मा के तबादले की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है।



जस्टिस यशवंत वर्मा

### फायर सर्विस डायरेक्टर से पूछताछ

**जस्टिस** वर्मा के घर पर कैश में आग लगने के मामले में दिल्ली पुलिस ने फायर सर्विस डायरेक्टर अतुल गर्ग का बयान दर्ज दिया। बताया जाता है कि उनसे करीब 6 घंटे तक पूछताछ की। उनका बयान भी रिकॉर्ड किया गया है।

16 साल पहले जस्टिस के घर मिले कैश के मामले में फैसला 29 को @पेज09

चर्चा : केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन ने छेड़ी नई बहस

## 'आप काली होती हैं तो अदृश्य हो जाती हैं'

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**तिरुवंतपुरम.** केरल की मुख्य सचिव शारदा मुरलीधरन (59) ने सोशल मीडिया पर त्वचा के रंग के आधार पर होने वाले भेदभाव पर चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने इस मुद्दे पर बातचीत करते हुए करियर में आई चुनौतियों पर कहा कि एक महिला के रूप में सुना जाना कठिन होता है। लेकिन जब आप काली (गहरे रंग की) महिला होती हैं, तो आप अदृश्य हो जाती हैं। देश में गोरे रंग के लोगों को प्राथमिकता जातिगत भेदभाव से गहराई से जुड़ी हुई है। यह सच्चाई है कि निम्न जाति और गरीब लोगों को अक्सर काला बताया जाता है। गौरतलब है कि मुरलीधरन ने एक दिन पहले त्वचा के रंग के आधार पर भेदभाव को लेकर पोस्ट किया था।

### जाति को लेकर भ्रम

**उन्होंने** कहा कि लोग मेरे रंग से जाति का अनुमान लगाते हैं। वे सोचते हैं कि मैं मलयाली नहीं हूं, फिर सोचते हैं कि नाम उच्च जाति को दर्शाता है। वे देखते हैं कि मैं 'उच्च जाति की व्यक्ति' जैसी नहीं दिखती, तो वे भ्रमित हो जाते हैं।

अमरीका : हाई सिक्योरिटी के बीच वाइट हाउस में घुसा बच्चा



**वाशिंगटन.** अमरीका में बुधवार को एक दिलचस्प घटना सामने आई। एक बच्चा कड़ी सुरक्षा के बीच बाड़ से निकलकर वाइट हाउस में घुस गया। सीक्रेट सर्विस अफसरों की नजर उस पर पड़ी तो उसे गोद में लेकर आए और माता-पिता को सौंप दिया।

जम्मू-कश्मीर : सुरक्षा बलों ने घेरा, मुठभेड़ जारी

## कठुआ में मुठभेड़, 3 आतंकी मार गिराए, तीन जवान शहीद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**श्रीनगर.** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के घने जंगलों में गुरुवार को हुई मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। इस दौरान तीन जवान शहीद हो गए और डीएसपी सहित दो जवान घायल हो गए। शहीद जवानों के नाम तारिक अहमद, जसवंत सिंह, बलविंदर सिंह हैं। ये सभी जम्मू-कश्मीर के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) के सदस्य थे। सुरक्षा बलों ने आतंकियों को घेर रखा है। देर रात तक मुठभेड़ जारी थी।

सूत्रों ने बताया कि सुरक्षा बलों को जुठाना इलाके के जखोले गांव के पास 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एसओजी, सेना, बीएसएफ और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके को घेरकर ऑपरेशन शुरू किया। फायरिंग में सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को मार गिराया। इस दौरान पांच जवान घायल हो गए। इन्हें जम्मू मेडिकल कॉलेज (जेएमसी) ले जाया गया, जहां तीन जवानों ने दम तोड़ दिया। सुरक्षाबलों की ओर से आतंकियों की धरपकड़ के लिए थर्मल इमेजिंग, ड्रोन, हेलीकॉप्टर, बुलेट प्रुफ वाहन और खोजी श्वानों की मदद से बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

### सन्याल गांव से भाग निकले थे

**बताया** जाता है कि ये आतंकी हीरानगर के सन्याल गांव के पास रविवार को हुई मुठभेड़ के बाद भाग निकले थे। सुरक्षा बलों ने मौके से एम-4 कार्बाइन की चार लोडेड मैगजीन, दो ग्रेनेड, बुलेट प्रूफ जैकेट, स्लीपिंग खाद्य सामग्री और आइईडी बनाने का सामान बरामद किया था। ये आतंकी पाकिस्तान जाने की फिराक में थे। इससे पहले ही सुरक्षा बलों ने घेर लिया।

ट्रेंडिंग न्यूज

सलमान बोले

### जितनी उम्र लिखी होगी, उतनी जिएंगे

**मुंबई@पत्रिका.** अभिनेता सलमान खान ने लॉरेंस विश्नोई गैंग से मिल रही धमकियों पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि भगवान-अल्लाह ने जितनी उम्र लिखी होगी, उतनी जरूर जिएंगे। सुरक्षा बढ़ाने पर सलमान ने कहा, 'कभी-कभी इतने लोगों को साथ लेकर चलने से दिक्कत हो जाती है।'



दौरा

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन जल्द भारत आएंगे

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बुलावे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जल्द भारत आएंगे। रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि राष्ट्रपति की यात्रा के लिए तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह यात्रा किस महीने या तारीख को हो सकती है।

आदेश

### भारत में रिलीज नहीं होगी फिल्म 'संतोष'

**मुंबई@पत्रिका.** सेंसर बोर्ड ने ब्रिटिश-इंडियन फिल्ममेकर संध्या सूरी की फिल्म 'संतोष' पर भारत में रिलीज पर रोक लगा दी है। यह फिल्म ऑस्कर में शॉर्टलिस्ट भी हुई थी। बोर्ड का कहना है कि फिल्म में महिला संबंधित मुद्दों, इस्लामोफोबिया व इुलिस फोर्स के प्रति हिंसा दिखाई है।

मेडिकल के क्षेत्र में करिश्मा | ब्रेन-डेड इंसान में प्रत्यारोपण, गंभीर रोगियों को मिल सकेगी राहत

# पहली बार इंसान के शरीर में लगाया सुअर का लिवर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीजिंग.** चीन के डॉक्टरों ने मेडिकल क्षेत्र में चमत्कार कर दिखाया है। उन्होंने पहली बार आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर के लिवर (यकृत) को इंसान में प्रत्यारोपित करने में सफलता पायी है। यह प्रत्यारोपण एक ब्रेन-डेड इंसान में किया गया है, लिवर ने सफलतापूर्वक कार्य किया।

नेचर पत्रिका में प्रकाशित शोध के मुताबिक दुनिया में पहली बार चीन शीआन के झिजिंग में स्थित सैन्य अस्पताल में सुअर के लिवर का परीक्षण मानव शरीर के अंदर किया गया। इस प्रत्यारोपण की सफलता के बाद शोधकर्ताओं को उम्मीद है कि जीन संशोधित सुअर का लिवर गंभीर रूप से बीमार रोगियों को बड़ी राहत दे सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया में लिवर फेल होने से ज्यादातर लोगों की मौत हो जाती है क्योंकि ज्यादातर लोगों को लिवर डोनर नहीं मिल पाता और अगर मिलता भी है तो दूसरे के शरीर में लिवर के रिजेक्शन का खतरा ज्यादा रहता है।

ब्रेन-डेड इंसान में किया गया परीक्षण। रक्त प्रवाह, पित्त बनाने, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया पर खरा उतरा



### दस दिन तक किया गया परीक्षण

**अध्ययन** के अनुसार, 10 मार्च 2024 को एक सुअर के लिवर को ब्रेन डेड वयस्क में प्रत्यारोपित किया गया है। इस लिवर को बेहतर बनाने के लिए छह जीन को संशोधित किया गया था। डॉक्टरों ने बताया कि परिवार के अनुरोध पर 10 दिन के बाद परीक्षण समाप्त कर दिया गया। इस दौरान लिवर सही तरीके से काम करता रहा है और रक्त प्रवाह, पित्त बनाने, प्रतिरक्षा प्रतिक्रिया और अन्य प्रमुख कार्य सफलतापूर्वक किए। डॉक्टरों ने रोगी के नाम, लिंग और अन्य विवरण का खुलासा नहीं किया था।

### इंसान को लंबे समय तक रख सकेंगे जिंदा

**अध्ययन** के सह लेखक शीआन अस्पताल के लिन वांग ने बताया कि सुअर का लिवर 'बहुत अच्छी तरह से काम कर रहा था' व 'सुचारू रूप से पित्त का उत्पादन कर रहा था।' उन्होंने कहा कि इस लिवर ने 10 दिन तक काम किया लेकिन हमारा सपना है कि इस लिवर को एक दिन हम ज्यादा लंबे समय तक इंसान के शरीर में जिंदा रखने में सफल होंगे।

स्पेन के वैज्ञानिकों का शोध : सुरक्षा परत मायलिन का करता है इस्तेमाल

# खुलासा... कड़ी मेहनत करते हैं तो ऊर्जा के लिए मस्तिष्क खा जाता है अपना ही हिस्सा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मैड्रिड (स्पेन).** कोई व्यक्ति ज्यादा देर तक और कड़ी मेहनत वाली मेहनत करता है तो उसका मस्तिष्क ऊर्जा के लिए अपने ही कुछ हिस्सों को तोड़ना शुरू कर देता है। नेचर मेटाबॉलिज्म में प्रकाशित शोध के मुताबिक शरीर में ग्लूकोज का स्तर बहुत कम हो जाता है, तो दिमाग अपनी सुरक्षा परत (मायलिन) को ऊर्जा के रूप में इस्तेमाल करने लगता है। मायलिन एक चिकनी परत होती है जो तंत्रिका कोशिकाओं को महफूज रखती है। स्पेन के न्यूरोसाइंटिस्टों ने शोध के दौरान 10 मैराथन धावकों के दिमाग का दौड़ से पहले और बाद में एमआरआइ स्कैन किया। पता चला कि दौड़ पूरी करने के बाद उनके मस्तिष्क में मायलिन की कमी आई थी। इस दौरान दौड़ की गति, संवेदनशीलता व भावनात्मक प्रक्रियाओं को से जुड़े हिस्से अधिक प्रभावित हुए।

### जीवित रहने की रणनीति

**इस** प्रक्रिया को मेटाबोलिक माइलिन प्लास्टिसिटी कहते हैं। यह जीवित रहने की रणनीति है। मस्तिष्क ऊर्जा कम होने पर काम करना बंद करने की बजाय सुरक्षा कोटिंग का त्याग कर देता है। यही कारण है धावक दौड़ के बाद धीमी प्रतिक्रिया व स्मृति समस्याओं का अनुभव करते हैं।

### अस्थायी होता है असर

**शोध** में पाया गया कि यह असर अस्थायी होता है। शरीर को फिर से पर्याप्त पोषण और आराम मिलता है, दिमाग अपनी सामान्य हालत में लौट आता है। मस्तिष्क के स्कैन से पता चला कि दो हफ्तों बाद दिमाग में मायलिन की मात्रा बढ़ने लगी और दो माह में पूरी तरह सामान्य हो गई।

जिला इकाइयां होंगी आर्थिक सशक्त, वोटर लिस्ट की मॉनीटरिंग जरूरी

# हम थोड़ी और मेहनत करते...तो आज वैकल्पिक सरकार होतीः खरगे





## कांग्रेस जिलाध्यक्षों की बैठक में भावी रणनीति के लिए चार प्रजेंटेशन

### 13 राज्यों के 338 जिलाध्यक्ष हुए शामिल

शादाब अहमद
patrika.com

**नई दिल्ली.** कांग्रेस ने संगठन की 'नींव' जिला इकाइयों को हर तरह से सशक्त करने की पहल शुरू की गई हैं। इसके तहत जिला इकाइयों को मंडल स्तर तक सक्रिय रखने के साथ आर्थिक मजबूती देने की कार्ययोजना बनाई जा रही है। वहीं चुनावों में जीत के लिए सड़कों पर संघर्ष के साथ वोटर लिस्ट की प्रभावी मॉनीटरिंग जरूरी होगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने माना कि यदि हम थोड़ी और मेहनत करते तो 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस 20 से 30 सीटें और जीत सकती थी। यदि ऐसा होता तो आज केन्द्र में वैकल्पिक सरकार बैठी होती। यह सभी बातें कांग्रेस के इंदिरा भवन में 13 प्रदेशों व 3 केन्द्र शासित प्रदेशों के जिलाध्यक्षों की बैठक में हुई हैं। इस बैठक में दोतरफा संवाद हुआ है। जहां कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कोषाध्यक्ष अजय माकन, संगठन महासचिव के.सी.वेणुगोपाल समेत प्रदेशों के प्रभारियों ने अपनी बात रखी, वहीं जिलाध्यक्षों के विचार भी सुने गए।

### संसद से सड़क तक आरएसएस-भाजपा के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी

**खरगे** ने कहा कि हमारे 'संविधान बचाओ' अभियान ने संविधान को बदलने की भाजपा-आरएसएस की गुप्त मंशा को उजागर किया। आज, भाजपा के पास बहुमत नहीं है और वह दो घटक दलों पर निर्भर है। कांग्रेस ने लगभग 100 सीट हासिल कीं। अगर हमने अधिक मेहनत की होती, तो हम 20-30 सीट और हासिल कर सकते थे। इतनी सीट हासिल करने से देश में वैकल्पिक सरकार बन सकती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा और आरएसएस के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह जारी है। हमें इस लड़ाई को सड़कों पर ले जाना चाहिए। उन्होंने जिला अध्यक्षों पार्टी के सेनापति बताया। यह जमीन पर आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं।

### चार प्रजेंटेशन से समझाई गई रणनीति

1. **चुनाव अभियानः** शशिकांत सेंथिल ने चुनाव के दौरान जिला, ब्लॉक और मंडल इकाइयों को सक्रिय रखने की रणनीति बताई। वोटर लिस्ट पर नजर रखने के तरीकों को समझाया।
2. **संपत्तियों का उपयोगः** विजेन्द्र सिंघला ने जिलों में कांग्रेस की संपत्तियों के रखरखाव, साफ-सफाई के साथ उनके उपयोग के तरीकों के बारे में बताया।
3. **मीडियाः** पवन खेड़ा ने राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यालयों की सूचनाओं को जिला इकाइयां किस तरह से जनता के बीच पहुंचाने की रणनीति समझाई।
4. **सोशल मीडियाः** सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीडिया की अहमियत के साथ इसके उपयोग के बारे में जानकारी दी।

### शेष राज्यों की बैठक 3 और 4 अप्रेल को

कांग्रेस मीडिया व प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने बताया कि शेष राज्यों के जिलाध्यक्षों की बैठक का दौर 3 और 4 अप्रेल को होगा। गुरुवार को हुई बैठक में कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, अरूणाचल प्रदेश, गोवा, लक्षपदीप, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, पुदुचेरी, तेलंगाना, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश के जिलाध्यक्ष शामिल हुए।

### जीत के लिए बनाए दीर्घकालिक रणनीति

पार्टी ने माना है कि राज्य स्तर पर चुनाव जीतने के लिए दीर्घकालिक रणनीति की जरूरत हैं। इसके साथ नेताओं को एकजुट होकर काम करना होगा। कांग्रेस की विचारधारा मजबूत है, लेकिन सरकार के बिना इसे लागू नहीं किया जा सकता।

**सिफारिश की बजाय सक्षम को चुने :** खरगे ने साफ संकेत दिए कि जिलाध्यक्षों समेत अन्य नियुक्तियों में स्थानीय नेताओं की सिफारिशों को तरजीह नहीं दी जाएगी। चयन का आधार सबसे सक्षम, प्रतिबद्ध और मेहनत होगा।

## स्नेह मिलनः भजनों के साथ बृज की होली



राजस्थान के चित्तौड़गढ़ से सांसद और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी की ओर से होली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी, पीयूष गोयल, सीआर पाटिल, भाजपा राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष समेत कई नेता शामिल हुए। इस दौरान सभी ने श्री अन्न परिपूर्ण राजस्थानी भोजन, शेखावाटी का चंगथाप, भजनों के साथ बृज की होली सहित सांस्कृतिक लोक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

पीएम-आशा योजना 2025-26 तक बढ़ाई

## किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जा रही है उपजः चौहान

### राज्य सरकार करें सुनिश्चित, एमएसपी से नीचे नहीं हो कोई खरीदः कृषि मंत्री

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के कहा कि किसानों की उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी कार्य जारी हैं। दलहन में आत्मनिर्भरता हमारा संकल्प हैं। प्रमुख तुअर उत्पादक राज्यों में तुअर खरीदी में तेजी आई है। दालों के घरेलू उत्पादन बढ़ाने, किसानों को प्रोत्साहित करने और आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार ने खरीद वर्ष 2024-25 के लिए राज्य के उत्पादन के सौ प्रतिशत मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के तहत तुअर, उड़द और मसूर खरीद को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने बजट 2025 में यह घोषणा की है कि दालों में आत्मनिर्भरता के लिए 2028-29 तक राज्य के उत्पादन का सौ फीसदी तुअर (अरहर), उड़द और मसूर खरीद की जाएगी। खरीफ 2024-25 सीजन के दौरान मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्यों में तुअर (अरहर) की खरीद मंजूरी दी हैं। किसानों के हित में कर्नाटक में खरीद अवधि 90 दिन से बढ़ाकर 1 मई तक करने को मंजूरी दी हैं।

### 100% तुअर खरीद के लिए प्रतिबद्ध सरकार



चौहान ने बताया कि भारत सरकार केंद्रीय नोडल एजेंसियों के माध्यम से किसानों से सौ फीसदी तुअर खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। आरएमएस 2025 के दौरान चना, सरसों और मसूर की खरीद को मंजूरी दी गई है। पीएम-आशा योजना 2025-26 तक बढ़ाई। इस दौरान किसानों से एमएसपी पर दालों और तिलहनों की खरीद जारी रहेगी। आरएमएस 2025 के लिए चने की कुल स्वीकृत मात्रा 27.99 लाख मीट्रिक टन और सरसों की 28.28 लाख मीट्रिक टन है। प्रमुख राज्यों में राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात शामिल हैं। मसूर की कुल स्वीकृत मात्रा 9.40 लाख मीट्रिक टन है।

### नैफेड-एनसीसीएफ के जरिए खरीद जारी

मंत्री चौहान ने बताया कि आंध्रप्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में नैफेड-एनसीसीएफ से एमएसपी पर खरीद जारी है । 25 मार्च तक इन राज्यों में कुल 2.46 लाख मीट्रिक टन तुअर (अरहर) की खरीद की गई। इन राज्यों के 1,71,569 किसान लाभान्वित हुए। उत्तर प्रदेश में तुअर की कीमत वर्तमान में एमएसपी से ऊपर चल रही हैं।

### तमिलनाडु में खोपरा खरीद को मंजूरी

तमिलनाडु में खोपरा (मिलिंग और बॉल) की खरीद को मंजूरी दी गई है। किसानों को पंजीकरण और प्रक्रिया सरल बनाने के लिए नैफेड और एनसीसीएफ पोर्टलों का उपयोग सुनिश्चित किया हैं। केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्य सरकार से अपील है कि वे यह सुनिश्चित करें कि एमएसपी से नीचे कोई खरीद नहीं हो।

बीसलपुर बांध

## 265 करोड़ का इंटेक बनेगा..., मिलेगा अतिरिक्त पानी

**जयपुर.** वित्त विभाग ने बीसलपुर बांध पर 265 करोड़ रुपए की लागत से इंटेक वैल (कुआं) बनाने पर सहमति दे दी है। सरकार की बजट घोषणा के अनुसार 1986 करोड़ रुपए की लागत से बीसलपुर से जयपुर तक नई लाइन डालने की राह भी अब आसान होने लगी है। जलदाय इंजीनियरों ने जल संसाधन विभाग के इंजीनियरों को बीसलपुर बांध पर इंटेक बनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा है। इसके बनने के बाद बांध में 11 टीएमसी अतिरिक्त पानी को जयपुर शहर लाया जा सकेगा। इंटेक बनाने की सहमति मिलने के बाद जलदाय इंजीनियरों ने नई लाइन बिछाने की घोषणा का प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया है। जलदाय इंजीनियरों के अनुसार लाइन डालने के लिए वित्तीय संस्था से 1986 करोड़ रुपए का लोन लेने की प्रक्रिया शुरू होगी। नई पाइप लाइन बिछाने की घोषणा के साथ ही जलदाय इंजीनियर चिंतित दिख रहे थे। उनकी चिंता का बड़ा कारण नई पाइप लाइन में फिल्टर प्लांट स्थापना के लिए 40 बीघा जमीन नहीं मिलना था।

जानलेवा साबित हो रहे खदानों में गहरे गड्ढे , तत्काल संज्ञान ले सरकार

# लोकसभाः खनन समाप्त होने पर खदानों का रिक्लेमेशन नहीं करने का मुद्दा गूंजा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**नई दिल्ली.** छत्तीसगढ़ राज्य में कोयला, लोह अयस्क, सीमेंट और अन्य खनिज खदानों की बदहाल स्थिति से हो रहे हादसों का मुद्दा गुरुवार को लोकसभा में उठा। भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने ध्यानाकर्षण माध्यम से मुद्दा उठाया।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ देश का सबसे बड़ा कोयला उत्पादक राज्य हैं, जहां कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी सीसीएल सहित अन्य सरकारी एवं निजी खनन कंपनियां बड़े पैमाने पर कोयले एवं अन्य खनिजों का खनन कर रही हैं। भारत में जितना कोयला खनन होता है, उसमें सबसे अधिक खनन छत्तीसगढ़ में हैं।

एशिया की सबसे बड़ी कोयला खदान भी इसी राज्य में हैं। चिंता का विषय यह है कि खनन समाप्त होने के बाद खदानों का रिक्लेमेशन (भूमि सुधार) नहीं होता है।



### खदानों के खुले रहने से ये गंभीर समस्याएं

- बरसाती पानी भरने से भू-जल स्तर और जल स्त्रोत प्रदूषित।
- खनन से उत्पन्न रासायनिक अपशिष्ट और जहरीले तत्वों का भूजल में मिलना।
- स्थानीय लोगों को पीने के साफ पानी की समस्या, गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं का खतरा।
- ट्यूबवेल एवं अन्य जल स्त्रोतों से आने वाला पानी गंदा।
- खदानों में गहरे गड्ढे स्थानीय लोगों और पशुओं के लिए जानलेवा।
- खुले खदानों से भूस्खलन और आकस्मिक दुर्घटनाओं का खतरा।

### छत्तीसगढ़: 100 से अधिक खदान की दुर्दशा

वर्तमान में छत्तीसगढ़ में 100 से अधिक खदानें ऐसी हैं, जिनसे खनिज निकालने के बाद उन्हें उसी स्थिति में छोड़ा गया है। खनन कंपनियां खनिज निकालने के बाद खदानों को ऐसे ही छोड़ देती हैं, जिससे वह भूमि अनुपयोगी बन जाती है। हाल ही एक बस दुर्घटना में 10 मजदूरों की मृत्यु हो चुकी है, जो इस समस्या की गंभीरता को दर्शाता है।

### ये उठाए जाएं कदम

खनन कंपनियों को कानूनी बाध्य किया जाए कि वे खनन समाप्त होने पर खदानों का रिक्लेमेशन करें। परित्यक्त खदानों को समतल कर बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया जाए और राज्य सरकार को हस्तांतरित किया जाए।

## युवाओं के बलबूते ही देश का विकास संभवः जूली



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** राजस्थान के नेता प्रतिपक्ष टीकाराम ने जूली ने कहा कि युवा इस देश का भविष्य हैं। युवाओं के बलबूते पर ही देश का विकास संभव है।

जूली गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के राजस्थानी विद्यार्थियों की ओर से आयोजित राजरस 2025 राजस्थान संस्कृति की झलक कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा देश के भविष्य का भार उठाते हैं और उनमें देश की बेहतरी के लिए क्रांति लाने की क्षमता होती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और सशक्तीकरण दो सबसे महत्वपूर्ण कारक हैं, जिनके बारे में हमारे देश के युवाओं को जागरुक किया जाना चाहिए। इसलिए हमारे राष्ट्र के विकास को सुनिश्चित करने के लिए युवाओं के समग्र विकास को सुविधाजनक बनाना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। इस मौके पर अवसर पर पॉलिटिकल साइंस कुलपति रेखा सक्सेना, एनएसयूआई दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष आशीष लाम्बा, संयुक्त सचिव दिल्ली विश्वविद्यालय लोकेश चौधरी, राष्ट्रीय सचिव आकाश चौधरी सहित बड़ी संख्या में विद्वान मौजूद रहे।

किसानों को विशेष बजट आवंटित कर मुआवजा देने की मांग

## 'भारत-पाक सीमा क्षेत्र में 33 साल पहले अवाप्त हुई भूमि, नहीं मिला मुआवजा'



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** बाड़मेर सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल ने राजस्थान से सटी भारत-पाकिस्तान सीमा पर 33 साल पहले अवाप्त की गई हजारों बीघा भूमि का मुआवजा नहीं देने का मामला लोकसभा में उठाया। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान सांसद उम्मेदाराम ने कहा कि 1992 में तारबंदी के कारण बाड़मेर जिले में 228 किमी और जैसलमेर जिले के 464 किमी लंबी दूरी सहित बीकानेर, श्रीगंगानगर के साथ इन चारों जिलों की कुल 1070 किमी लंबी दूरी में तारबंदी और जीरो पॉइंट के बीच हजारों बीघा जमीन अवाप्ति में आ गई थी। 33 साल बाद भी इन किसानों को उनकी भूमि का मुआवजा नहीं मिला। अपनी जमीन पर खेती करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इसकी स्वीकृत भी नहीं दी जा रही है। केन्द्र सरकार को किसानों को हुए नुकसान की भरपाई के लिए विशेष बजट आवंटित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंजाब और जम्मू कश्मीर में किसानों को जीरो लाइन के पास भूमि पर खेती करने की अनुमति दे रखी है तो राजस्थान के किसानों से भेदभाव क्यों हो रहा है। इस मामले में राज्य सरकार ने आरोपी अधिकारी से जूनियर अधिकारी को जांच दे दी। देश सुरक्षा कारणों को मध्य नजर रखते हुए इस गंभीर मामले की केन्द्र सरकार को राष्ट्रीय उच्च स्तरीय कमेटी गठित करनी चाहिए।

### प्रशासनिक भ्रष्टाचार की जांच के लिए कमेटी गठन की मांग

सांसद उम्मेदाराम ने लोकसभा में नियम 377 के तहत बाड़मेर जिले में गडरा रोड़ व रामसर के तत्कालीन एक उपखंड अधिकारी पर पद का दुरुपयोग का मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाया कि दो उपखंड का चार्ज लेकर सीलिंग एक्ट का उल्लंघन कर किसानों को डरा धमकाकर अवैध और जाली कागजातों के माध्यम से हजारों बीघा जमीनें खुद या परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों के नाम करवा दी और अवांछित बाहरी लोगों को बेच दी, जो राष्ट्रीय सुरक्षा नियमों के विरूद्ध और वर्जित हैं।

लोकसभा में उठाया मुद्दा

## भाजपा सांसद मंजू शर्मा ने की जयपुर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाने की मांग



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** जयपुर की सांसद मंजू शर्मा ने जयपुर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलवाने की मांग खेल मंत्री से की। सांसद मंजू शर्मा ने लोकसभा में लोकमहत्व के मुद्दे को उठाते हुए कहा कि क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य होने के बाद भी राजस्थान में भारतीय खेल प्राधिकरण का एक भी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नहीं है। जबकि हाल ही के वर्षो में ओलंपिक, एशियन गेम्स तथा कॉमन वेल्थ खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्य के कई खिलाडियों ने एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, कबड्डी, निशानेबाजी, तीरंदाजी आदि खेलों में देश का नाम रोशन किया है। सांसद शर्मा ने कहा कि राजस्थान में एक भी नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस नहीं होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को सर्वोच्च श्रेणी का प्रशिक्षण नहीं मिल पा रहा हैं। जयपुर राजस्थान की राजधानी होने के साथ-साथ यहां की क्लाईमेटिक कंडिशन भी खिलाडियों के अनुकूल हैं। यदि जयपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलता है तो इससे सिर्फ राजस्थान ही नहीं, पडोसी राज्यों के खिलाड़ियों को भी लाभ मिलेगा।

## पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए ट्यूरिज्म मीट



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** राजस्थान के पर्यटन को नए आयाम तक पहुंचाने के लिए बीकानेर हाउस में पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित ट्यूरिज्म मीट में पर्यटन मंत्रालय और विभिन्न राज्यों के पर्यटन अधिकारियों, ट्रेवल एजेंटों, राजस्थानी और गैर राजस्थानी लोग जुटे। बीकानेर हाउस में राजस्थान उत्सव के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। राजस्थान पर्यटन विभाग की उप निदेशक डॉ दिपाली शर्मा से बताया कि राजस्थान पर्यटन पूरे देश में 7वां स्थान रखता है। पिछले वर्ष में 28 प्रतिशत से भी अधिक देशी एवं विदेशी पर्यटकों बढोतरी हुई है, जो गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि इस उत्सव के माध्यम से पर्यटन के प्रचार-प्रसार के लिए पूरे बीकानेर हाउस परिसर में पर्यटक स्थलों के कटआउट्स, सेल्फी प्वाईट, बड़ी स्क्रीन और रंगीन फलैक्स लगाए गए हैं।

**पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई पॉलिसीः** राजस्थान सरकार की उप आवासीय आयुक्त रिंकू मीणा ने कहा कि राजस्थान सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नई पॉलिसी बनाई है। इसके माध्यम से राजस्थान के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पर्यटन, एडवेंचर और डेजर्ट टूरिज्म, वन्य जीव पर्यटन, धार्मिक पर्यटन, फेस्टिवल टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार इंफ्रास्ट्राक्चर विकास, पर्यटन स्थलों तक सड़क, हवाई और रेल संपर्क का सुधारीकरण, हेरिटेज होटल और होमस्टे को बढ़ावा, डिजिटल प्रमोशन और मार्केटिंग इको टूरिज्म और सस्टेनेबल टूरिज्म, फिल्म पर्यटन आदि क्षेत्रों के सामूहिक एवं समुचित विकास पर जोर दे रही है।

## दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद का पुनर्गठन किया जाए



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस दिल्ली स्टेट की बैठक और रोजा इफ्तार का आयोजन दरिया गंज में किया गया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. शकील अहमद मेरठी ने की। बैठक में दिल्ली में बनी भारतीय जनता पार्टी की नई सरकार से उम्मीद जताई गई कि पिछली सरकारों से कहने के बावजूद चिकित्सा और सेहत से जुड़े जो काम नहीं हो पाए थे वो अब मौजूदा दिल्ली सरकार से होने की संभावना है। इस समय दिल्ली और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार है। दिल्ली सरकार से सर्वसम्मति से मांग की गई कि पिछले आठ वर्ष से भंग पड़ी भारतीय चिकित्सा परिषद दिल्ली राज्य का पुनर्गठन जल्द से जल्द किया जाए। बैठक में डॉ सैयद अहमद खान, मोहम्मद आरिफ इकबाल, डॉ मिर्ज़ा आसिफ बेग, डॉ फहीम मलिक, डॉ शकील अहमद हापुड़ी शामिल रहे।

## एलपीजी के बल्क परिवहन टेंडर की केंद्रीय एजेंसी से जांच करवाने की मांग

### हनुमान बेनीवाल ने उठाया मुद्दा



**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष व नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने ओएमसी की ओर से एलपीजी के बल्क परिवहन की निविदा में एमएसएमई के प्रावधानों की अवहेलना करने का मुद्दा उठाया। इस पर केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि यह सात वर्ष पुराना मामला है और इसमें जोधपुर हाईकोर्ट का अभी भी स्टे हैं। वहीं मद्रास हाईकोर्ट जांच कर कह चुका है कि इसमें कोई मेलाफाइड इंटेशन नहीं है। बेनीवाल ने प्रश्नकाल में कहा कि 2023 में नियम विरुद्ध टेंडर प्रक्रिया को दो वर्षो के लिए बढ़ाने के साथ इस पूरे मामले की केंद्रीय एजेंसी से जांच करवाने की मांग की। उन्होंने कहा कि भारत में बल्क एलपीजी परिवहन के लिए वर्ष 2018 में ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने जो निविदा निकाली,उसके बाद इन कम्पनियों में बैंठे अधिकारियों ने एमएसएमई के पात्र ट्रांसपोर्ट ऑपरेटरों के हक पर अतिक्रमण किया और अपात्र लोगो को भी एलपीजी के बल्क परिवहन का कार्य दे दिया। बेनीवाल ने पेट्रोलियम मंत्री पर सदन और लोक सभा अध्यक्ष को गुमराह करने का आरोप लगाया।

**भीलवाड़ा के राजकुमार जाट की हत्या की सीबीआई जांच की मांगः** सांसद हनुमान बेनीवाल ने शून्य काल में राजस्थान के भीलवाड़ा जिले के निवासी राजकुमार जाट की गुजरात के राजकोट जिले में हुई हत्या का मामला उठाया। इस वारदात में आपराधिक पृष्ठिभूमि वाले एक पूर्व विधायक और उसके परिवार का नाम भी आ रहा है। ऐसे में गुजरात पुलिस से जानकारी तलब करके इसकी जांच सीबीआई से करवाने की जरूरत है।

## ट्रेंडिंग वीडियो

1. 

डोनाल्ड ट्रम्प का टैरिफ बम, 2 अप्रैल से होगा लागू

2. 

जम्मू कश्मीर में बड़ी कार्रवाई: आतंक के ठिकानों पर छापे

youtube.com/@RajasthanPatrikaTV

राज्य के वायरल वीडियो, शॉर्ट्स क्यूआर कोड स्कैन कर देखें।

## न्यूज शॉर्ट्स

### आरपीएससी: 1217 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए सफल घोषित

**अजमेर @ पत्रिका.** आरपीएससी ने सहायक आचार्य- ज्योग्राफी (कॉलेज शिक्षा विभाग) परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित किया। 1217 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अस्थायी रूप से सफल घोषित किया। सचिव रामनिवास मेहता ने बताया कि प्रथम और द्वितीय पेपर पिछले वर्ष 18 मई और तृतीय पेपर 7 जनवरी को हुआ था। सफल अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र की 2 प्रतियां, सभी शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक, जाति एवं अन्य वांछित प्रमाण-पत्रों की फोटो प्रति सहित आयोग कार्यालय में भेजने होंगे।

### राज्यपाल बागडे कल पाली आएंगे

**पाली @ पत्रिका.** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे 29 मार्च को दो दिवसीय दौरे पर पाली आएंगे। वे दोपहर 2 बजे अजमेर से रवाना होकर 2:30 बजे राजकीय कन्या महाविद्यालय हेलीपैड पर पहुंचेंगे। वहां से सर्किट हाउस जाएंगे। इसके बाद वे दोपहर 3:20 बजे कलक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेंगे। शाम को सोनाणा खेतलाजी जूनीधाम रवाना होंगे। वहां से सोनाणा खेतलाजी के दर्शन कर समारोह में भाग लेंगे। इसके बाद 30 मार्च को रणकपुर जैन मंदिर के दर्शन कर उदयपुर रवाना होंगे।

### अजमेर: बालिका से दुराचार के दोषी को अंतिम सांस तक कैद

**अजमेर @ पत्रिका.** अनुसूचित जाति की पांच वर्षीय बालिका से दुराचार (यौन हिंसा) के मामले में पॉक्सो अदालत ने गुरुवार को सुनाए फैसले में दोषी को प्राकृतिक जीवन जीने तक जेल में रखने के आदेश दिए। अदालत ने अभियुक्त को एक लाख 6 हजार रुपए के जुर्माने से भी दंडित किया। अभियुक्त शेख मोहम्मद उर्फ असर निवासी सादसपुर, बाढ़गंज, जिला खिदीरपुर हाल खानाबदोश, दरगाह क्षेत्र निवासी है। पुलिस ने कोलकाता से आरोपी के रिकार्ड की भी पुष्टि की। विशेष लोक अभियोजक विक्रम सिंह शेखावत ने 17 गवाह व 30 दस्तावेज पेश किए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से पीडित प्रतिकर के लिए 6 लाख रुपए की अनुशंसा भी की।

### सप्ताह में दो दिन उपपंजीयक कार्यालय 12 घंटे खुले रहेंगे

**बीकानेर @ पत्रिका.** वैसे तो सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 9.30 से शाम 6 बजे तक रहता है। परन्तु राज्य सरकार ने प्रदेश के 41 उपपंजीयक कार्यालय सप्ताह में दो दिन सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक 12 घंटे खुले रखने की व्यवस्था लागू की है। सोमवार और शुक्रवार को उपपंजीयक कार्यालय में काम ज्यादा रहता है। वित्त (कर) संयुक्त शासन सचिव डॉ. खुशाल यादव ने कहा कि 41 चयनित उप पंजीयक कार्यालयों का समय 1 अप्रेल से सोमवार एवं शुक्रवार को सुबह 8 बजे से शाम 8 बजे तक रहेगा। सोमवार को अवकाश आने पर अगले दिन सुबह 8 बजे कार्यालय खुल जाएंगे।

### राजस्थान दिवस, स्कूलों में नो बैग डे 29 को

**बीकानेर @ पत्रिका.** राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को स्कूलों में नो बैग डे का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को राजस्थान की सांस्कृतिक, इतिहास और विविधता से रूबरू करवाने का उद्देश्य रखा गया है। शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। इसमें प्रदेश के सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को राजस्थान की पारंपरिक वेशभूषा में आने के लिए भी कहा गया है।

---

**एनजीटी के आदेश की अवहेलना:** सर्वे में माना अवैध खनन और अतिक्रमण, लेकिन ठोस कार्रवाई नहीं

# शेखावाटी की काटली नदी पर माफिया की बुरी नजर

### बहाव क्षेत्र में कर रहे खेती और अतिक्रमण

**अरुण शर्मा**
patrika.com

**पचलंगी (झुंझुनूं).** शेखावाटी की जीवन रेखा मानी जाने वाली काटली नदी को खनन माफिया ने बुरी तरह से छलनी कर दिया। नदी के बहाव क्षेत्र में न केवल बड़े पैमाने पर खेती की जा रही है, बल्कि कच्चे और पक्के निर्माण भी कर लिए गए हैं। खास बात यह है कि राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण (एनजीटी) के आदेश के बावजूद इन अवैध खनन और अतिक्रमण के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जबकि एनजीटी के आदेश पर अजमेर में आनासागर झील के पास बने सेवन वंडर्स, फूड कोर्ट आदि को हटाने की कार्रवाई शुरू की गई थी।


बजरी के अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर टॉली और जेसीबी।

### आदेशानुसार रिपोर्ट कर रहे तैयार

एनजीटी के आदेशों के अनुसार रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट का काम नीमकाथाना और गुढ़ागौड़जी में शुरू हो चुका है और शीघ्र ही अन्य स्थानों पर भी कार्य शुरू किया जाएगा। **-नथमल खेदड़,** जल संसाधन विभाग के अधिशासी अभियंता

### एनजीटी ने सरकार और विभागों से मांगा जवाब

**एनजीटी** ने जल संसाधन विभाग को निर्देश दिए थे कि वह काटली नदी की भौगोलिक स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर संबंधित जिला कलक्टर की वेबसाइट पर प्रकाशित करें। साथ ही नदी के प्रभावित लोगों से आपत्तियां लेकर कार्रवाई की जाए, लेकिन सात महीने से अधिक का समय बीतने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए। एनजीटी के आदेशों की अवहेलना को देखते हुए पर्यावरण प्रेमी अमित कुमार और कैलाश मीणा ने पुन: एनजीटी में याचिका दायर की। एनजीटी ने राज्य सरकार और संबंधित विभागों से एक मई तक जवाब मांगा है, जिसमें यह स्पष्ट करना होगा कि आदेशों का पालन क्यों नहीं किया गया।

### सर्वे रिपोर्ट में नदी में अवैध खनन और अतिक्रमण की पुष्टि

**एनजीटी** के आदेश पर भारतीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने काटली नदी की जांच की थी। सर्वे रिपोर्ट में पाया गया कि नदी में बड़े पैमाने पर अवैध खनन और अतिक्रमण हो रहा है। झुंझुनूं से लेकर चूरू जिले तक काटली नदी का नामोनिशान नहीं मिला।

---

**लकड़ी के बल्ले के साथ प्लास्टिक की बॉल**

# 22 करोड़ का खेल...हॉकी लिस्ट में नहीं, बॉक्सिंग ग्लव्स किट में नहीं

**बृजमोहन आचार्य**
patrika.com

**बीकानेर.** प्रदेश में पहली बार सरकारी स्कूलों को स्पोर्ट्स ग्रांट की जगह वितरित की गई स्पोर्ट्स किट में मिले सामान पर सवाल उठ रहे हैं। खेल किट में राष्ट्रीय खेल हाकी नदारद हैं तो कबड्डी का मैट और बॉक्सिंग में हेलमेट व ग्लव्स नहीं हैं। इसमें पांचवीं से आगे की कक्षाओं के खिलाड़ियों के लिए लकड़ी के बल्ले के साथ प्लास्टिक की बॉल दी है। स्कूली खेलकूद में खेलों में बच्चे कैसे तैयारी कर पाएंगे, इस पर प्रश्नचिन्ह लग रहा है। स्कूलों में 20 हजार स्पोर्ट्स किट वितरण पर सरकार ने 22 करोड़ 29 लाख खर्च किए हैं। एक निजी फर्म को 25 मार्च तक स्कूलों में स्पोर्ट्स किट की आपूर्ति करने के लिए कहा था। इसके बाद सभी ब्लॉक में किट की आपूर्ति कर दी गई।

स्कूलों में पहले गुणवत्तायुक्त सामान मिलता था। इसके लिए ग्रांट मिलती थी, लेकिन इस बार घटिया स्तर की खेल सामग्री का वितरण किया गया है।
**-किशोर पुरोहित,** अध्यक्ष शिक्षक संघ भगतसिंह

### प्रदेश में बीस हजार किट पर 22 करोड़ 29 लाख रुपए किए खर्च



***तीन तरह की किट:*** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 20 हजार 120 किट वितरित की गई है। इस पर 22 करोड़ 29 लाख 23 हजार 13 रुपए का खर्च आया है। इसमें 3 तरह की किट है। प्राथमिक स्तर के विद्यार्थी, उच्च प्राथमिक स्तर तथा सीनियर सैकंडरी स्तर तक के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग किट है।

#### किट में खेल सामग्री प्लास्टिक की

**कक्षा** एक से पांच तक की किट में खेल सामग्री प्लास्टिक की है। पहले शारीरिक शिक्षक स्कूल में खिलाड़ी की आयु के अनुसार सामान खरीद करते थे। इस किट में बल्ला और विकेट प्लास्टिक के हैं। जबकि कक्षा पांच तक के पढ़ने वाले बच्चों की आयु वर्ग 6 से 14 वर्ष तक की होती है। यह सामान बाल बाटिका के स्तर का है। किट की 12 माह की वारंटी और राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद का नाम तथा लोगो अंकित है।

#### किट में सामान

- ***प्राथमिक स्तर:*** इस कक्षा की स्पोर्ट्स किट में प्लास्टिक का बल्ला, प्लास्टिक के स्टंप, प्लास्टिक की बॉल, स्नैक लैडर, फर्स्ट एड किट, स्किपिंग रोप, फुटबॉल, फ्रिसबी, डबल एक्शन पंप, फुटबॉल
- ***उच्च प्राथमिक स्तर:*** इसमें टेनिस बॉल, फुटबॉल, लकड़ी का बैट, बैडमिंटन रैकेट, हैंडबॉल, शटल कॉक, फर्स्ट एड किट, बॉलीबॉल आदि कई तरह का सामान शामिल किए गए हैं।
- ***सैकंडरी एवं सीनियर सैकंडरी:*** टेनिस बॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, नेट, लकड़ी का बैट, प्लास्टिक का बैट, प्लास्टिक के स्टंप, हैंडबॉल जूनियर, हैंडबाल मैन और वुमेन, बास्केटबॉल, रैकेट, शटल कॉक बॉक्स, फुट एयर पंप, स्टॉप वॉच सहित 26 तरह की सामग्री।

---

### सोशल मीडिया पर विधायक को धमकी, एक गिरफ्तार

**बूंदी @ पत्रिका.** सोशल मीडिया पर बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा से मारपीट की धमकी की पोस्ट डालने पर पुलिस ने गुरुवार को एक जने को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि पिछले दिनों विधानसभा में राणा सांगा के मुद्दे पर बोलते समय विधायक रविंद्र सिंह भाटी को रोकने का आरोप लगाते हुए हरिमोहन शर्मा के खिलाफ रिशेदा गांव निवासी महिपाल सिंह ने नाराजगी जताई। उसने बुधवार को बूंदी जिले के सोशल मीडिया पर एक ग्रुप में हरिमोहन शर्मा के साथ मारपीट की धमकी दी। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। विधायक ने इस बारे में पुलिस के उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। पुलिस ने गुरुवार को महिपाल सिंह को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया।

महिपाल रिशिन्दा नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर यह स्क्रिप्ट लिखी। इस स्क्रिप्ट के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की। स्क्रिप्ट में विधानसभा में रविंद्र सिंह भाटी को बोलने से रोकने का तथ्य गलत है। यह विधानसभा के रिकॉर्ड पर है। मुझे सीधे किसी ने भी धमकी नहीं दी। राणा सांगा की वीरता का मैं नहीं मेरी पूरी पार्टी समर्थन करती है।
**- हरिमोहन शर्मा,** विधायक बूंदी

---

**सवाईमाधोपुर:** रणथम्भौर के जोन एक का मामला

## भालुओं का बाघिन से हुआ सामना, जंगल की ओर भागे

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**सवाईमाधोपुर.** रणथम्भौर बाघ परियोजना में इन दिनों पर्यटकों को बाघ-बाघिनों की जमकर साइटिंग हो रही है। गुरुवार को भी सुबह की पारी में पार्क भ्रमण पर गए पर्यटकों को जोन एक में रोचक नजारा देखने को मिला। यहां दो भालू, जोन एक में बाघिन के इलाके में जा पहुंचे। जहां उनका सामना रणथम्भौर की मशहूर बाघिन नूर यानी टी-39 से हुआ। पहले तो भालुओं ने बाघिन पर दबाव बनाने का प्रयास किया, लेकिन जैसे ही बाघिन ने अपने तेवर दिखाए तो भालू दबे पांव पीछे भागने को मजबूर हो गए। यह नजारा देखकर पर्यटक गदगद हो गए और उन्होंने इस नजारे को कैमरे में कैद किया। पूर्व में रणथम्भौर के जोन तीन और छह में इस प्रकार की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन कई बार भालू बाघ पर भारी पड़ा, जिससे बाघ को अपने कदम पीछे हटाने पड़े।


**सवाईमाधोपुर.** रणथम्भौर के जोन एक में बाघिन नूर के सामने भालू।

खबर का वीडियो देखने के लिए स्कैन करें

## एक्शन: तस्करी के आरोपी की दो करोड़ रुपए की सम्पत्ति फ्रीज

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**पारसोली. (चित्तौड़गढ़).** स्थानीय थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी से काली कमाई के विरुद्ध कार्रवाई की। तस्करी के आरोपी देवीलाल गुर्जर की दो करोड़ की सम्पत्ति जब्त की है।

एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि आरोपी देवीलाल मूलतः इटावा का रहने वाला है। उसने मादक पदार्थ तस्करी करके काली कमाई की। फ्रिज की संपत्ति के समस्त दस्तावेज संबंधित अथॉरिटी को भिजवाए हैं। पुलिस ने चल-अचल सम्पत्ति की पहचान की थी। इसकी वित्तीय जांच करवाई थी।

आरोपी ने इटावा में एक रिहायशी मकान, एक जेसीबी, दो डंपर, एक बोलेरो कैंपर, एक लग्जरी कार व तीन बाइक खरीदी। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत विभिन्न मामले दर्ज हैं। वाहनों की फ्रीजिंग की सूचना आरटीओ चित्तौड़गढ़ और भीलवाड़ा को दी। इटावा में आरोपी के मकान के बाहर सम्पत्ति को फ्रिज किए जाने का नोटिस बोर्ड लगाया है।

**दादी जानकी के 5वें स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि**

## दुनिया भर में दादी ने बढ़ाया नारी शक्ति का मान: मोहिनी दीदी


समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करते संस्थान के पदाधिकारी।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**आबूरोड.** ब्रह्माकुमारीज संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी का 5वां स्मृति दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी मोहिनी दीदी ने कहा कि दादी जानकी ने उस दौर में पश्चिम के देशों में राजयोग ध्यान को प्रतिस्थापित किया, जब महिलाओं के लिए कठिन दौर था।

अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी बीके जयंती दीदी, संयुक्त मुख्य प्रशासिका बीके मुन्नी, बीके सुदेश दीदी, बीके संतोष दीदी, अतिरिक्त महासचिव बीके करुणा, बीके मृत्युंजय, बीके डॉ. प्रताप मिड्ढा ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उनके आवास पर भी उन्हें याद किया। इस दौरान उनके समाधि स्थल शक्ति स्तम्भ पर संस्थान की मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी, बीके मृत्युंजय सहित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित किए।

### रतनजोत के बीज खाने से छह बच्चों की तबीयत बिगड़ी

**ब्यावर (अजमेर) @ पत्रिका.** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सदाभोज का बाडिया में गुरुवार को रतनजोत के बीच खाने से छह बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। इन्हें राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

प्रधानाचार्य चन्द्रकांता ने बताया कि गुरुवार को बच्चों ने स्कूल आते समय रास्ते में रतनजोत के पौधे के बीज एकत्र कर लिए। इनको मध्यांतर से पहले खा लिए। इसके बाद बच्चों की तबीयत खराब होने लगी। बच्चों की तबीयत बिगडने पर उनके परिवारजन को जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य व अन्य स्टाफ गिरिजा (9), आरुषि, विरेन्द (10), अक्षय (11), विकास (11) एवं विराट (10) को लेकर अस्पताल पहुंचे।

### मकान में शॉर्ट सर्किट से लगी आग, 11 को किया रेस्क्यू

**गनोड़ा (बांसवाड़ा) @ पत्रिका.** मोटा गांव कस्बे में गुरुवार रात को एक मकान में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। हादसा ईश्वरलाल दर्जी के मकान में हुआ। इस दौरान गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। ईश्वरलाल कुवैत में व उनका बेटा मोनिश उदयपुर में रोजगार करते हैं। घर पर ईश्वरलाल की पत्नी रेखा देवी, उनकी सांस बबली देवी, बेटी अंजलि, अंजलि के बच्चे पीयू एवं हैरम सहित 11 लोग घर सो रहे थे। दरअसल, बच्चे को प्यास लगी अंजलि ने पानी लेने के लिए दरवाजा खोला तो आग की लपटें कमरे में आ गई। इस पर वह चीखी तो अन्य लोग जागे। सूचना पर तीन फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने सभी को रेस्क्यू किया।

---

**अदालत में झूठी गवाही देने पर सुनाया फैसला**

## दो मामले: पिता-पुत्री और पति-पत्नी को सुनाई पांच साल की सजा

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**बूंदी.** बलात्कार से जुड़े दो अलग-अलग मामलों में जिला और सत्र न्यायालय में झूठी गवाही देने पर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने पिता-पुत्री और पति-पत्नी को पांच-पांच साल के कारावास की सजा से दण्डित किया। अभियोजन अधिकारी नीतू जांगिड़ ने बताया कि वर्ष 2014 में बलात्कार व पोक्सो एक्ट से जुड़े प्रकरण में गांवड़ी निवासी बजरंगलाल और उसकी पुत्री प्रियंका ने झूठी गवाही दी थी। तत्कालीन जिला और सत्र न्यायाधीश रमेशचंद मीणा ने दोनों के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 के तहत परिवाद पेश किया था। इस मामले में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कमल कुमार ने दोनों को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपए जुमनि की सजा से दण्डित किया।

वहीं वर्ष 2014 में बलात्कार के एक अन्य मामले में झूठी गवाही देने पर तत्कालीन जिला और सत्र न्यायाधीश रमेश चंद मीणा ने बीबनवा रोड बूंदी निवासी संतोष शर्मा और उसकी पत्नी शकुन्तला के खिलाफ भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 के तहत परिवाद पेश किया था। इस मामले में भी अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कमल कुमार ने दोनों को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कठोर कारावास और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा से दण्डित किया।

## 15 हजार की रिश्वत लेते बाबू और सचिव रंगे हाथ गिरफ्तार

**भरतपुर @ पत्रिका.** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने गुरुवार को एसटीसी कॉलेज में संतोष कुमार (सचिव) और मोहित कुमार बाबू डीपीएम कॉलेज को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। रिश्वत एक छात्र की कम उपस्थिति को पूरा दिखाने और स्कॉलरशिप दिलाने की एवज में मांगी थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी चौकी भरतपुर को शिकायत मिली थी कि छात्र को अनावश्यक रूप से परेशान कर 25 हजार 500 रुपए की रिश्वत मांगी जा रही थी। सत्यापन के बाद टीम ने आरोपियों को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए धर दबोचा।


आरोपी संतोष व मोहत।

---

**तिलवाड़ा पशु मेला:** दर्शकों में दिखा घुड़दौड़ का जोश


फोटो स्टोरी

**बाड़मेर @ पत्रिका.** भारत प्रसिद्ध रावल मल्लीनाथ तिलवाड़ा पशुमेला अपने परवान पर पहुंच गया है। गुरुवार को मेले का आकर्षण घुड़दौड़ रही। हजारों दर्शकों ने मेले में तेज गति से दौड़ते घोड़ों की रफ्तार, जोश और जुनून का आनंद उठाया। शाम को मेला मैदान का नजारा ही अलग था। मेला मालाणी, सिंधी और काठियावाड़ी घोड़ों के लिए प्रसिद्ध है। मेले में सिंधी नस्ल के एक घोड़े श्याम की कीमत पचास लाख तक लग चुकी है।

## पूर्व सभापति शर्मा कांग्रेस से छह साल के लिए निष्कासित

**चित्तौड़गढ़ @ पत्रिका.** प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चित्तौड़गढ़ नगर परिषद के पूर्व सभापति संदीप शर्मा को अनैतिक कृत्यों में लिप्तता के कारण पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव ललित तूनवाल की ओर से बुधवार को जारी आदेश में कहा गया कि चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष भैरूलाल चौधरी की ओर से प्रेषित पत्र से प्राप्त सूचना व खबरों के अनुसार चित्तौड़गढ़ के पूर्व सभापति संदीप शर्मा ने अनैतिक कृत्यों में लिप्तता के कारण पार्टी की छवि खराब की है। जो घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण पूर्व सभापति शर्मा को कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह वर्ष के लिए तुरंत प्रभाव से निष्कासित किया जाता है। गौरतलब है कि एक महिला ने शर्मा पर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए सदर थाने में प्रकरण दर्ज कराया था। इस मामले में शर्मा की ओर से उच्च न्यायालय में एफआइआर क्रेश करने की याचिका दायर की हुई है।

---

**अनूठा मेला** | **बड़ागांव में 300 साल से चल रही गणगौर की परम्परा**

# गणगौर की अगुवाई कर घर-घर छोड़ने जाते हैं ईसर

**राजेश शर्मा**
patrika.com

**झुंझुनूं.** लोकपर्व गणगौर यूं तो लगभग पूरे राजस्थान में उल्लास से मनाया जाता है, लेकिन शेखावाटी के बड़ागांव का गणगौर मेला अपने आप में अनूठा है। यहां करीब तीन सौ साल से ज्यादा समय से गणगौर का मेला भरता है। अधिकतर जगह अकेली गणगौर की सवारी निकलती है, लेकिन उदयपुरवाटी क्षेत्र के बड़ागांव में सबसे आगे ईसर की सवारी निकलती है। इसके बाद बड़ी संख्या में सजी-धजी गणगौर निकलती है।

खास बात यह है कि किस घर से ईसर की सवारी निकलेगी इसके लिए एक साल पहले बुकिंग करनी पड़ती है। गांव में ईसर एक घर से निकलते हैं, जबकि जितने घरों में महिलाएं गणगौर का उद्यापन (उजीणा) करती हैं, उतने ही घरों से गणगौर निकलती है। गांव निवासी सेना से रिटायर्ड कैप्टन नवल सिंह ने बताया कि वर्ष 2016-17 में एक साथ 27 गणगौर निकली थी। महिला के मायके पक्ष वाले गणगौर के दिन अपनी बहनों व बहन के ससुराल पक्ष के सदस्यों के लिए अपने सामर्थ्य के अनुसार वस्त्र, मिठाई व उपहार लाते हैं।


**झुंझुनूं** के निकट बड़ागांव में निकली गणगौर की सवारी। फाइल फोटो

### गोपीनाथ मंदिर में होती हैं एकत्र

**गांव** निवासी अशोक सिंह शेखावत ने बताया कि अपने-अपने घरों से निकाली गई गणगौर को सबसे पहले गोपीनाथ मंदिर में लाया जाता है। शाम करीब सवा तीन बजे गणगौर की सवारी शुरू गांव के मुख्य रास्तों से होती हुई मेला मैदान में पहुंचती है। वहां पूजने वाली गणगौर को महिलाएं आसुंओं के साथ कुएं में धमकाकर आती है। बड़ी गणगौर को वापस लाया जाता है। ईसर पहले हर गणगौर को उसके घर छोड़ते हैं इसके बाद आखिरी में खुद जाते हैं।

### पुरुष करते हैं ईसर का श्रृंगार

**कई** साल से ईसर का श्रृंगार कर रहे उम्मेद सिंह ने बताया कि गणगौर का सौलह श्रृंगार महिलाएं करती है, जबकि ईसर का श्रृंगार पुरुष करते हैं।

### 31 मार्च को गणगौर

**इस** बार गणगौर का व्रत 31 मार्च को रखा जाएगा। इस बार तृतीया तिथि का क्षय हुआ है इसलिए यह लोक पर्व द्वितीया युक्त तृतीया में ही मनाया जाएगा। इसके एक दिन पहले सिंजारा मनाया जाएगा।

---

**जिला** एवं थाना स्तर पर गठित टीमें चला रही अभियान

## बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के खिलाफ तलाशी अभियान

**श्रीगंगानगर@पत्रिका.** अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे तलाशी अभियान के दौरान सूरतगढ़ के एक आश्रम से दो बांग्लादेशियों की गिरफ्तारी होने के बाद पुलिस इनके रहने के संभावित ठिकानों को खंगाल रही है। अभियान 31 मार्च तक चलेगा।

बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को पकड़ कर उन्हें बांग्लादेश और म्यांमार भेजे जाने के लिए तलाशी अभियान देश भर में चल रहा है। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर लगातार हो रहे अत्याचार की घटनाओं को देखते हुए तलाशी अभियान में तेजी आई है। सूरतगढ़ क्षेत्र में हरप्रभ आसरा आश्रम से दो बांग्लादेशियों अमीरुल इस्लाम व उज्ज्वल तूहीन खान की गिरफ्तारी पुलिस और सीआइडी जोन की संयुक्त कार्रवाई से संभव हुई।

फॉलोअप



राजस्थान पत्रिका

पुलिस मुख्यालय से निर्देश के बाद टीमें लगातार तलाशी अभियान चला रही है। इस काम में आमजन का भी सहयोग लिया जा रहा है। सूरतगढ़ क्षेत्र में पकड़े गए दो बांग्लादेशियों को अब वापस भेजे जाने की कार्यवाही चल रही है।
**गौरव यादव,** एसपी, श्रीगंगानगर

# पत्रिका She NEWS

महिलाओं-लड़कियों को जागरूक करने का अभियान

## 64 की उम्र में भी रोज कर रहीं 20 किमी साइकिलिंग



पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

शादी के बाद जब दो बच्चियों को जन्म दिया तो तबियत बहुत खराब हो गई थी। मैंने पूरी तरह बिस्तर पकड़ लिया था। मुझे अपनी जिंदगी बोझ लगने लगी थी। जीवन के प्रति नकारात्मकता बढ़ रही थी। फिर मेरे पिता और सहेली ने मुझे पुराने दिन याद दिलाएं। मैं स्कूल में एथलीट थी और योग भी करवाती थी। उन यादों से मेरा हौसला बढ़ा। अपने विचारों को पॉजिटिव किया और परिवार के साथ अपने शरीर पर भी ध्यान देने लगी। यह कहना है भोपाल के बेरसिया इलाके में रहने वाली 64 वर्षीय मालती इंदौरिया का। जिन्होंने 2018 में हेल्थ क्वीन इंडिया में हिस्सा लिया। उस दौरान उनकी उम्र 58 वर्ष थी और ब्यूटी विद ब्रेन का टाइटल जीत नया मुकाम हासिल कर दिखाया।

### पांच साल से कर रहीं साइकिलिंग

मालती पिछले 4-5 साल से साइकिल चला रही हैं। रोजाना करीब 20 किलोमीटर साइकिलिंग करती हैं। वह भोपाल से उज्जैन तक साइकिल यात्रा कर चुकी हैं। इसके साथ ही वह रन फॉर भोपाल की ब्रांड एम्बेसडर भी हैं। वह एमपी जूनियर टीम की हॉकी प्लेयर भी रह चुकी हैं। पिछले 6 से 7 साल से क्रॉफ्टिंग का काम भी कर रही हैं। मालती कहती हैं कि महिलाएं सबसे पहले खुद को आदर दें। वह कहती हैं कि अधिकतर महिलाएं दूसरों को ऊंचा उठाने के चक्कर में खुद को इतना नीचे कर देती हैं कि फिर उनका ऊपर उठना मुश्किल हो जाता है।

### हाउस वाइफ व कॉलेज गर्ल्स को देती हैं सीख

मालती कहती हैं कि मैंने देखा कि ज्यादातर हाउस वाइफ अपने शरीर पर ध्यान नहीं देती हैं। मैं उनसे कहती हूं कि काम के साथ-साथ शरीर का ध्यान रखना भी जरूरी है, क्योंकि शरीर है तो सब कुछ है। आप अपने शरीर के लिए सुबह कम से कम एक घंटा जरूर निकालें और अपनी पसंदीदा एक्सरसाइज जरूर करें। वह आगे बताती हैं कि जब मैं कॉलेज गोइंग लड़कियों को नशा करते देखती हूं तो मुझसे रहा नहीं जाता और उन्हें समझाने लगती हूं कि आपके पास एक ही लाइफ है। इसे ऐसे खराब मत करो। कुछ ऐसा करो कि परिवार को आप पर नाज हो।

किचन टिप्स

## स्टाइलिश और फंक्शनल किचन के लिए आसान टिप्स

आपकी रसोई का माहौल घर के बाकी हिस्सों की तरह ही बेहद जरूरी होता है। यहां न केवल खाना पकता है, बल्कि परिवार के साथ समय भी बिताया जाता है। यदि रसोई को अच्छे से सजाया जाए तो यह न केवल देखने में सुंदर लगेगी, बल्कि कुकिंग करने में भी अच्छा लगेगा। किचन को सजाने के लिए कुछ आसान और प्रभावी उपाय अपनाए जा सकते हैं, जो आपके किचन को एक नया रूप देंगे।



केनी ओबेरॉय
इंटीरियर डिजाइनर
patrika.com



- हल्के और ताजे रंगों का चयन करें जैसे सफेद, पीच या हल्का हरा ताकि रसोई में ताजगी और खुलापन लगे।
- रसोई में सही रोशनी का ध्यान रखें। दीवारों पर लाइटिंग और टेबल पर लाइट्स रखें।
- किचन की दीवारों पर स्टाइलिश शेल्फ लगाएं, जिसमें मसाले, कप और अन्य सामग्री रख सकते हैं।
- किचन में छोटे-छोटे प्लांट्स, क्यूट किचन टूल्स या एंटीक डेकोरेटिव आइटम्स रखें।
- सामान को अच्छे से व्यवस्थित करें ताकि किचन साफ और सजा हुआ लगे।
- रंगीन और आकर्षक किचन टॉवेल और एप्रेन से रसोई में एक अलग फ्लेयर लाएं।
- विंडो डेकोरेशन किचन की खिड़की पर सुंदर पर्दे लगाएं जो किचन के रंग से मेल खाते हों।

प्रेरणादायक

## स्लमडॉग मिलियनेयर हैं कल्पना



कल्पना सरोज की कहानी संघर्ष, साहस-सफलता का उदाहरण है। उनका जन्म गरीब परिवार में हुआ और 12 साल की उम्र में शादी हो गई। शादी के बाद घरेलू हिंसा और गरीबी का सामना किया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। पिता के सहयोग से 16 साल की उम्र में काम शुरू किया, जहां उन्हें सरकारी कपड़ा मिल में महज 2 रुपए मजदूरी मिलती थी। सिलाई से शुरुआत कर उन्होंने होजरी स्टोर में काम किया और फिर 1990 के दशक में अपना बिजनेस शुरू किया। बाद में उन्होंने कमानी ट्यूब्स को घाटे से निकालकर सफल बनाया। आज उनकी कंपनी 100 करोड़ से अधिक का रेवेन्यू जनरेट करती है। उनकी संपत्ति 950 करोड़ रुपए है। 2013 में उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया और वे बेंगलूरु के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की सदस्य भी हैं। उन्हें 'ओरिजनल स्लमडॉग मिलियनेयर' कहा जाता है। उनका जीवन प्रेरणादायक है।

पहल

## जुनून से बदली श्रद्धा की तकदीर



श्रद्धा भंसाली ने अपने जुनून और नयापन के दम पर खानपान की दुनिया में नया मुकाम हासिल किया। 2018 में, उनका नाम फोर्ब्स इंडिया की '30 अंडर 30' लिस्ट में शामिल हुआ। मात्र 25 साल की उम्र में, उन्होंने मुंबई में अपना वेजिटेरियन रेस्टोरेंट 'कैंडी एंड ग्रीन' शुरू किया। श्रद्धा को खानपान से बचपन से ही लगाव था, जिसे उन्होंने हॉबी से आगे बढ़ाकर अपने कॅरियर में तब्दील किया। उनका सफर बेहद प्रेरणादायक है, क्योंकि उन्होंने साबित किया कि महिलाएं सिर्फ घर संभालने के लिए नहीं, बल्कि किसी भी क्षेत्र में सफलता हासिल कर सकती हैं। इस सफलता में उनकी मां का अहम योगदान था, जिन्होंने उन्हें खाना बनाने की कला सिखाई और हमेशा हौसला बढ़ाया। श्रद्धा की सफलता दर्शाती है कि अगर जुनून और मेहनत सही दिशा में हो, तो कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। उनका सफर न केवल उनके परिवार के लिए गर्व का कारण बना, बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

किचन में कार्य करते समय खाना बनाने से लेकर उसकी साफ-सफाई तक में काफी तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अगर आपके पास कुछ किचन सोल्यूशन हों तो आपके नाम व अपनी फोटो सहित हमें वॉट्सऐप नंबर 9057531584 पर भेजें। शी न्यूज पेज पर इन्हें प्रकाशित किया जाएगा। फेसबुक पेज से जुड़ने के लिए यह क्यूआर कोड स्कैन करें।

पत्रिका शी न्यूज़
हमसे जुड़ें facebook.com/patrikaSheNews

मारवाड़ के प्रमुख लोक पर्व गणगौर पूजन के प्रति तीजणियों का उल्लास चरम पर

# गवर पूजन के घर-घर गूंज रहे गीत



घोड़ों का चौक क्षेत्र में तीजणियां।



सुखानंद बगेची क्षेत्र में तीजणियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. मारवाड़ के प्रमुख लोक पर्व गणगौर पूजन के प्रति तीजणियों का उल्लास चरम पर है। गवर माता का पूजन करने वाली तीजणियां गवर-ईसर का पूजन कर गवर गीत गा रही हैं। विश्वकर्मा नगर में तीजणियां नियमित रूप से गणगौर का पूजन कर रही हैं। मंडली की सरला शर्मा व नीलम सांखला ने बताया कि महिलाओं ने गणगौर के गीत गाए और सोलह सिंगार कर गणगौर माता का पूजन किया।

वहीं, तीजणियों ने घर-घर घुड़ला घुमाया व ममता बागड़ी व दीप्ति सांखला के घर पहुंचा, जहां सभी ने गीत गाकर अल्पाहार किया। वर्षा गौड़ ने बताया इस अवसर पर विभिन्न तरह की प्रतियोगिताएं रखी गई। सभी महिलाओं ने प्रतियोगिताओं में भाग लिया। सुखानंद की बगेची के बाणनाथ मंदिर में तीजणियां गणगौर का पूजन कर रही हैं। बगेची की महिला मण्डल की ओर से भी गणगौर पूजन किया जा रहा है। घोड़ों का चौक में मयूरी ग्रुप की तीजणियां स्वांग रचकर घुडला पूजन करने जा रही है। क्षेत्र की मयूरी सोनी, दिव्या, वंदना, प्रभा, सरस्वती, जयश्री, नेहा, अंजलि, कुसुम, सूर्या आदि पूजन कर रही हैं।

**भोळावणी मेला 7 को:** मधुकेश्वर महादेव मंदिर महिला विकास संस्थान की ओर से मधुबन हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में प्रथम बार गणगौर माता के भोळावणी मेले में घुड़ला निकाला जाएगा। मन्दिर मुख्य पुजारी व संस्थान सचिव राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 7 अप्रेल को होने वाले भोळावणी मेले के आयोजन को लेकर संस्थान की बैठक रखी गई। मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति का गठन किया गया। गणगौर कमेटी का व्यवस्था प्रमुख आषुतोष दाधीच को बनाया गया। सांस्कृतिक प्रमुख अमिता स्वामी को, वेशभूषा प्रभारी ज्योति गोस्वामी को, प्रसाद व्यवस्था किरण जोशी को, यातायात व वाहन व्यवस्था संतोष बगड़िया, झांकी व्यवस्था प्रभार शुभा दाधीच को, संगीत व्यवस्था का प्रभार मनीषा शर्मा को बनाया गया। उन्होंने बताया कि गणगौर माता की सवारी सुसज्जित रथ पर निकाली जाएगी। मेले का मुख्य आकर्षण राजस्थानी वेषभूषा में 100 से अधिक युवतियों का सामूहिक नृत्य रहेगा। समिति सचिव अशोक लोहिया चार्ली ने बताया कि आयोजन की तैयारियों के लिए बुधवार को समिति के कार्यकर्ताओं की मीटिंग राखी हाउस में रखी गई। जिसमें मूलचन्द मूंदड़ा, अनूप मूंदड़ा, मदन मोहन भैया, राजकुमार व्यास, मनमोहन भैय्या, अशोक भैय्या, प्रेम जालानी, नटवर व्यास, नीरज अग्रवाल, सुनिल व्यास आदि को विभिन्न कार्यो का जिम्मा सौंपा गया।

### गवर माता की शोभायात्रा 31 को

गणगौर का त्योहार आगामी चैत्र शुक्ला तीज 31 मार्च को धूमधाम से मनाया जाएगा। गणगौर समिति के अध्यक्ष मूलचन्द मूंदड़ा ने बताया कि गवर माता की सवारी 31 मार्च को शाम 5 बजे पेला मुन्दड़ों की गली, राखी हाउस से प्रारंभ होकर पुंगलपाड़ा, हड्डियो का चौक, कबूतरों का चौक, जालोरी गेट के अन्दर, बालवाड़ी स्कूल, खाण्डा फलसा, आडा बजार, सर्राफा बजार, कपड़ा बजार, सिटी पुलिस, त्रिपोलिया बाजार, होते हुए घण्टाघर में विश्राम कर वापस माणक चौक, लखारा बाजार होते हुए राखी हाउस पहुंचेगी।

30 को हिंदू नववर्ष का आगाज

## झांकियां : शुभकामना शोभायात्रा से दिया जाएगा सामाजिक संदेश



जोधपुर @ पत्रिका. नववर्ष चैत्र शुक्ला प्रतिपदा संवत् 2082, 30 मार्च को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। नववर्ष महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक चौहान व महासचिव वरूण धनाडिया ने बताया कि 29 मार्च को हिन्दू नववर्ष संवत् 2082 की पूर्व संध्या पर शा 4 बजे से घंटाघर, नई सड़क, सोजतीगेट, रेलवे स्टेशन, जालोरीगेट, गोलबिल्डिंग, सरदारपुरा बी रोड, राणीजी का मन्दिर, सरदारपुरा सी रोड होते हुए जलजोग चौराहा तक शुभकामना शोभायात्रा निकाली जाएगी। विभिन्न झांकियां निकाली जाएगी। शुभकामना शोभायात्रा में मातृ शक्ति, महिला सशक्तिकरण के संदेश के साथ रहेगी। 30 मार्च को प्रातःकाल प्रमुख चौराहों को सजाया जाएगा। 29 मार्च को जलजोग चौराहा पर अखण्ड भारत माता का चित्र बनाया जाएगा इस चित्र पर शहर के प्रमुख संतो एवं गणमान्य नागरिकों की ओर से दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे।

रामोत्सव सेवा संस्थान करेगा आयोजन

## मोहनगढ़ में हिन्दू नववर्ष पर निकाली जाएगा कलश यात्रा



मोहनगढ़. चैत्र प्रतिपदा रविवार से हिन्दू नववर्ष की शुरुआत हो रही हैं, जिसे लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह देखा जा रहा है। रामोत्सव सेवा संस्थान के तत्वावधान में पन्नोधर राय माता मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष लक्ष्मण दास खत्री ने की, जिसमें सर्वसम्मति से नववर्ष धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। नववर्ष के पहले दिन रविवार सुबह 8:30 बजे से कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिलाएं और बालिकाएं विशेष रूप से शामिल रहेंगी। कलश यात्रा शिव मंदिर से शुरू होकर मुख्य बाजार और विभिन्न मोहल्लों से होते हुए पन्नोधर राय माता मंदिर परिसर पहुंचेगी, जहां विधिवत समापन होगा। यात्रा के दौरान जगह-जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया जाएगा। समारोह के अंत में समिति अध्यक्ष लक्ष्मण दास खत्री की ओर से प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

## आकर्षण का केंद्र बनी रही 21 फीट की अष्ठधातु की गदा, कराया नगर भ्रमण

मेड़ता सिटी. झीलों की नगरी उदयपुर में 84 फीट लंबी एकादश मुखी हनुमान प्रतिमा स्थापना को लेकर निकाली जा रही 21 फीट अष्ठधातु की हनुमान गदा यात्रा के तहत गदा बुधवार को मेड़ता पहुंची। जहां जगह-जगह पुष्प वर्षा व पूजन कर स्वागत किया गया। मीरा नगरी में 21 फीट की गदा लोगों में आकर्षण का केंद्र बनी रही। इस रथ यात्रा ने शहर के प्रमुख मंदिरों का सफर तय किया। दरअसल, उदयपुर में कंचन सेवा संस्थान की ओर से 11 मुखी हनुमान जी की 84 फीट प्रतिमा बनवाई जा रही है। जिसकी स्थापना को लेकर 21 फीट की अष्ठधातु से बनी गदा को भारत भ्रमण करवाया जा रहा है। हनुमान गदा यात्रा पुष्कर से रवाना होकर लाम्पोलाई, गंवारड़ी, धोलेराव, नेतड़िया होते हुए डांगावास पहुंची। डांगावास में प्राचीन भीमशंकर महादेव मंदिर से यह यात्रा दोपहर 2 बजे शहर के अजमेर रोड स्थित महालक्ष्मी बालाजी मंदिर पहुंची।

## भागवत कथा महोत्सव का श्रद्धा व उल्लास के साथ हुआ आगाज



आहोर. श्रीमद भागवत कथा महोत्सव में उपस्थित नगरवासी।

आहोर@ पत्रिका. शहर के शिव कॉलोनी रावलावाला वास में संगीतमय सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा महोत्सव का धूमधाम से शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा के साथ कथा महोत्सव का श्रद्धा व उल्लास से आगाज हुआ। महोत्सव के प्रथम दिन शोभायात्रा, पूजार्चना, कथा प्रवचन समेत विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रभु भक्ति का लाभ उठाया। कथा महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर सर्वप्रथम गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा कथा वाचक दामोदर गोस्वामी महाराज के सानिध्य एवं समाजसेवी व व्यवसायी गोपाराम प्रजापत समेत नगरवासियों की उपस्थिति में गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान जहां लाभार्थी अपने सिर पर श्रीमद भागवत रखकर भगवान श्रीकृष्ण की जयकारे लगा रहे थे। वहीं महिलाएं मंगल गीतों का गान कर रही थी। शोभायात्रा के पश्चात श्रद्धालुओं की ओर से कथा वाचक का बहुमान किया गया। वहीं श्रीमद भागवत का पूजन कर आरती की गई। कथा प्रवचन के प्रथम दिन कथाकार ने प्रवचन करते हुए श्रीमद भागवत का महात्मय समझाया। महोत्सव का समापन आगामी 30 मार्च को होगा।

## पादरली खेतलाजी मंदिर में मेले की तैयारियां जोरों पर

चांदराइ@पत्रिका. पादरली स्थित खेतलाजी मंदिर के मेले की तैयारियां जोरों पर चल रही है। खेतलाजी मेले की पूर्व संध्या पर 1 अप्रैल को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। वहीं 2 अप्रैल को मेला भरेगा। मेले को लेकर मंदिर में रंग रोगन, तोरण द्वार, जगमगाती रंग बिरंगी रोशनी से मंदिर को सजाया जा रहा है।

## चेटीचण्ड महोत्सव 30 से, बैनर का विमोचन

जोधपुर @ पत्रिका. सोजती गेट स्थित झूलेलाल मन्दिर में सिन्धी समाज के आराध्य भगवान झूलेलाल साहिब का तीन दिवसीय चेटीचण्ड महोत्सव 30 मार्च से एक अप्रेल तक मनाए जाएगा। आयोजन के बैनर का विमोचन बुधवार को मंदिर में किया गया। मंदिर के भगवान मूरजानी ने बताया कि बाबा जयराम दास के सान्निध्य में पहले दिन सुबह ध्वजा चढाई जाएगी। समाजसेवियों का सम्मान होगा, शाम को शोभायात्रा निकाली जाएगी।

गणगौर पर्व को लेकर नगरपालिका में हुई बैठक

# शाही लवाजमे के साथ निकलेगी गणगौर की सवारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



नावां. गणगौर पर्व को लेकर आयोजित बैठक में चर्चा करते हुए।

नावां शहर. उपखंड मुख्यालय पर बुधवार को पालिका सभागार में गणगौर पर्व को लेकर कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक पालिका अध्यक्ष सायरी गांधी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें निर्णय लिया कि ईसर गणगौर की सवारी बग्गी के साथ लवाजमा से पालिका परिसर से 4 बजे रवाना होगी। इसमें ईसर-गणगौर की बग्गी पर सवारी के साथ भगवान गणेश, हनुमान, राधाकृष्ण, शिव-पार्वती प्रमुख झांकियां भी शामिल होंगी। गैर नृत्य पार्टी बालोतरा बैंड व ढोल से प्रस्तुति व शोभायात्रा के आकर्षण हाथी, ऊंट, घोड़ा होंगे।

गणगौर पर्व को लेकर महिलाओं के लिए नगरपालिका परिसर एवं गणेश चौक में सेल्फी पॉइंट। हरिओम प्रसाद शर्मा ने कहा कि भगवान की झांकी ही बनाएं, उन्हें नाचने के लिए वाहनों से नीचे नहीं उतारे, जिस पर सभी ने सहमति दी। शोभायात्रा में प्रतियोगिता में महिला-पुरुष पूरी यात्रा में साथ रहेंगे। बैठक में यात्रा के दौरान बेसहारा गोवंश व अन्य जानवरों को लेकर आने वाली समस्या के समाधान करने तथा आयोजन को लेकर पंपलेट, प्रचार-प्रसार पानी सहित गणेश मंदिर तक की समस्त व्यवस्था को लेकर अलग-अलग विषयों पर चर्चा हुई। यात्रा पालिका से पुराना बस स्टेण्ड, सदर बाजार, झण्डा चौक, सुभाष चौक, पीपली बाजार होते हुए गणेश मंदिर पहुंचेगी, साथ ही शाम 8 बजे प्रस्थान कर पीपली बाजार से बोहरों-मिश्रों के मोहल्ले से बेरीवालों के मकान से गौरज चौक होते निधि धर्मकांटा से पालिका प्रांगण पहुंचेगी। यात्रा में राजस्थानी पारम्परिक वेषभूषा में आने वाले महानुभावों में से सर्वश्रेष्ठ परिधान पहनने वाले पुरुष एवं महिला/गौरी (सौलह श्रृंगार) में नगरपालिका परिसर से गणेश के मंदिर तक उपस्थित रहने पर पालिका द्वारा पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। बालक एवं बालिका द्वारा ईसर-गणगौर वेशभूषा प्रतियोगिता के लिए बालक-बालिका अपना नाम 29 मार्च को सायं 5 बजे तक पालिका कार्यालय में किसी भी कार्यदिवस में जमा करवा सकते है। बैठक में पालिका उपाध्यक्ष आनंदीलाल कुमावत, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश योगी, नेता प्रतिपक्ष अवधेश पारीक, भाजपा नेता बाबुलाल दुबल्दिया, सत्यनारायण लढ़ा, व्यापार मंडल अध्यक्ष पवन शाह, कांग्रेस मंडल अध्यक्ष बाबुलाल बजाज, महिला मंडल से अल्पना अग्रवाल, भानुश्री गौड़, पूजा कुमावत, प्रभाती कुमावत, प्रिया बियाणी, कमलेश कंवर ने अपने विचार व्यक्त कर सुझाव दिए।

## संयम में पराक्रम होने पर साधुत्व का जीवन होता है साकार : साध्वी



लाडनूं. मुमुक्षु कल्प का अभिनंदन करते सभा के मंत्री राकेश कोचर।

लाडनूं. साध्वी कंचनरेखा के संसार पक्षीय भतीजे मुमुक्षु कल्प का बुधवार को मंगलभावना कार्यक्रम वृद्ध सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी कार्तिक यशा के सान्निध्य में ऋषभद्वार प्रांगण में आयोजित हुआ। महिला मंडल ने मंगलाचरण प्रस्तुत कर शुभारंभ किया। साध्वी वृंद ने सामूहिक गीतिका का संगान किया।

मुमुक्षु कल्प ने कहा कि पढ़ाई करते समय शासन साध्वी मधुबाला के दर्शन करता था। भुआ महाराज साध्वी कंचन रेखा एवं शासन मधुबाला की प्रेरणा से मुझमें वैराग्य के भाव उत्पन्न हुए।

वृद्ध सेवा केंद्र व्यवस्थापिका साध्वी कार्तिक यशा ने कहा कि संयम में पराक्रम होता है, तभी साधुत्व का जीवन मिलता हैं एवं सपने नहीं संकल्प पूरे होते हैं। साध्वी कंचन रेखा ने कहा कि धार्मिक परिवार में मुमुक्षु कल्प का जन्म हुआ। उपाध्यक्ष राजेंद्र खटेड़ ने कहा संयम रत्न प्राप्त करना विलक्षण कार्य है। तेरापंथ सभा के मंत्री राकेश कोचर ने कहा तेरापंथ नंदनवन है। इसमें दीक्षित होने वाला हर मुमुक्षु आनंद परमानंद की अनुभूति करता है।

अणुव्रत समिति के संगठन मंत्री नवीन नाहटा ने कहा कठिन तपस्या व साधना कर अपने लिए साधुत्व के द्वार खोल लिए हैं। मुमुक्षु की माता रेशमी मेहता ने कहा कि 2003 में आचार्य महाप्रज्ञ का चातुर्मास था, तब कल्प का जन्म हुआ एवं जन्म के 24 घंटे के बाद युवाचार्य महाश्रमण ने कल्प के कानों में मंगल पाठ सुनाया। साध्वी सूरज कुमारी, साध्वी युक्ति प्रभा ने भी विचार व्यक्त किए। संयोजन मीनाक्षी चौरड़िया ने किया।

## आज का राशिफल शुक्रवार, 28 मार्च, 2025

| राशि | फल |
|---|---|
| मेष | *चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ* किसी को भी नीचा दिखाने की कोशिश न करें, अपने व्यवहार को नम्र बनाएं। संतान की उन्नति में आ रही बाधा दूर होगी। |
| वृषभ | *ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो* व्यापार में कर्ज की अधिकता से तनाव बढ़ सकता है। आदतों के कारण आप लोगों से पीछे हैं, समय रहते आदतों को सुधारें। |
| मिथुन | *क, की, कु, घ, ड, छ, के, को, ह* प्रेम-प्रसंग के कारण पारिवारिक माहौल तनावपूर्ण रहेगा। भाइयों का सहयोग मिलने से रुके कार्य पूरे होंगे। |
| कर्क | *हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो* परिजनों द्वारा आपके किए कार्यों की सराहना होगी। लंबे समय से अटके संपत्ति के विवाद सहमति से हल होंगे। |
| सिंह | *मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे* सुनी सुनाई बातों पर ध्यान न दें, अपने विवेक से कार्य करें। संतों के मार्गदर्शन से जीवन की दशा बदल सकती है। |
| कन्या | *टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो* व्यवहार से दिल जीत लेंगे। कार्य की अधिकता से निजी जीवन पर प्रभाव पड़ेगा। अनजान व्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। |
| तुला | *रा,री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते* साझेदारी से लाभ होगा। बिना सोचे समझे आर्थिक निवेश से बचें। बड़ों का मार्गदर्शन नुकसान होने से बचा सकता है। |
| वृश्चिक | *तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू* व्यस्तता के कारण परिवार को समय नहीं दे पा रहे हैं। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। मकान दुकान पर धन खर्च होगा। |
| धनु | *ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे* रहन-सहन में बदलाव लाने की जरूरत है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें। अपनी भावनाओं पर काबू रखें। |
| मकर | *भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी* सामाजिक मान प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कुछ नए की चाह आगे बढ़ने में मददगार साबित होगी, पुराना रुका धन मिलेगा। |
| कुम्भ | *गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा* इच्छाशक्ति को मजबूत करें। किसी काम को करने के लिए पहले एक चित्त होकर निर्णय लें। आप स्वयं पशोपेश में हैं। |
| मीन | *दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि* नौकरी करें या व्यवसाय, इसी दुविधा में रहेंगे। कार्यस्थल पर टूट-फूट संभव है। धार्मिक गतिविधियों में समय व्यतीत होगा। |

ज्यो. पं चंदन श्यामनारायण व्यास, पंचांगकर्ता, उज्जैन

**ग्रह-नक्षत्र** ज्योतिर्विद व वास्तुविद: पंडित मुकेश भारद्वाज

- शुभ वि. सं: 2081
- हिजरी संवत : 1446
- अयन: उत्तरायण
- संवत्सर का नाम: कालयुक्त
- मु.मास : रमजान-27
- ऋतु: बसंत
- शक संवत: 1947
- मास: चैत्र

### आज का दिन

शुक्रवार, 28 मार्च, 2025

सूर्योदयकालीन लग्न व ग्रह स्थिति




**श्रेष्ठ चौघड़िया:** आज चर, लाभ, अमृत के चौघड़िए क्रमशः सूर्योदय से 11.03 तक रहेंगे। शुभ का चौघड़िया 12.34 से 2.05 तक रहेगा। चर का चौघड़िया 5.07 से सूर्यास्त तक रहेगा। इन चौघड़ियों में शुभ कार्य प्रारंभ किए जा सकते हैं।

**शुभ तिथि:** रिक्ता संज्ञक चतुर्दशी तिथि रात्रि 7.55 तक रहेगी, तदुपरांत पूर्णा संज्ञक अमावस्या तिथि रहेगी। चतुर्दशी तिथि में मांगलिक कार्य नहीं किए जाते, किन्तु यह तीर्थाटन, व्रत, जप, मंत्र सिद्धि आदि धार्मिक कार्य के लिए शुभ रहती है। चतुर्दशी में क्षौरकर्म व यात्रा वर्जित होती है।

**नक्षत्र:** उग्र व अधोमुख संज्ञक पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रात्रि 10.09 तक रहेगा, तदुपरांत ध्रुव संज्ञक उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रहेगा। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र के स्वामी अजैकपाद हैं। इस नक्षत्र में कुआं या नींव खोदना, क्रय-विक्रय करना शुभ होता है।

**योग:** शुक्ल योग रात्रि 2.06 तक रहेगा, तदुपरांत ब्रह्म नामक योग रहेगा। शुक्ल योग नैसर्गिक शुभ योग है। इस योग में आध्यात्मिक कार्य, मंत्र साधना, विद्याध्ययन, नवीन कार्यारंभ, प्रणय प्रस्ताव आदि शुभ फलदायी रहते हैं।

**विशिष्ट योग:** वैधृति महापात दिन 1.07 से 4.35।

**करण:** विष्टि करण दिन 9.32 तक रहेगा, तदुपरांत शकुनि करण प्रारंभ होगा। विष्टि चर संज्ञक करण है। इसमें शुभ मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। नाग स्थिर संज्ञक करण है। यह भोजन का दान और भक्ति कार्य के लिए शुभ है।

**व्रत/दिवस विशेष:** मेला पिहोवा तीर्थ (हरियाणा), केदारदर्शन, शब्बेकद्र-जुमातुलविदा (मुस्लिम), पंचक, भद्रा सूर्योदय से दिन 09.34 तक।

**चंद्रमा:** चन्द्रमा दिन 4.47 तक कुंभ राशि में रहेगा, तदुपरांत मीन राशि में प्रवेश।

**शुभ मुहूर्त:** शुभ कार्यों के मुहूर्त नहीं। अभिजीत मुहूर्त दिन 12.07 से 12.56 तक रहेगा। अभिजीत मुहूर्त में शुभ वार, तिथि आदि का विचार कर अत्यावश्यक कार्यों का प्रारंभ किया जा सकता है।

**दिशा शूल:** आज पश्चिम दिशा में दिशा शूल रहेगा इसलिए आज पश्चिम दिशा में यात्रा नहीं करनी चाहिए। यदि पश्चिम दिशा में यात्रा करना आज आवश्यक हो और टालना संभव नहीं हो तो यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व खीर या चावल से बने खाने का सेवन अवश्य करें।

**राहुकाल (मध्यमान से):** दिन 10.30 से 12.00 तक। राहु काल में शुभ कार्यों का प्रारंभ नहीं करना चाहिए। यदि कार्य को टाला जाना संभव नहीं हो तो दूध या दूध से बनी चीजों का सेवन करके ही कार्य प्रारंभ करें। इससे राहुकाल का दुष्प्रभाव कम होगा।

**आज जन्म लेने वाले बच्चे:** आज दिन 4.47 तक जन्मे बच्चों की राशि कुंभ होगी, तदुपरांत राशि मीन होगी। आज रात्रि 10.08 तक पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र रहेगा, तदुपरांत उत्तराभाद्रपद नक्षत्र रहेगा। आज जन्मे बच्चों का लौह पाद होगा। आज जन्म लेने वाले बच्चों के प्रथम नामाक्षर सो, दा, दी, दू, थ पर रखे जा सकते हैं। कुंभ का स्वामी भी शनि है। ये स्वभाव से दयावान, निस्वार्थी, स्वतंत्रताप्रिय, कल्पनाशील और देश-विदेश घूमने के शौकीन होते हैं। ये लोग सेल्समेन, वकील व जज होते हैं। ये जातक उच्चाधिकारी, उच्चपदासीन, प्रोफेसर, जज-वकील या धनी व्यापारी होते हैं। मीन राशि के स्वामी गुरु हैं। इस राशि के बच्चे सौम्य, गंभीर स्वाभाव वाले, बुद्धिमान, विवेकी, ज्ञानी, धार्मिक, परोपकारी, साहित्य प्रेमी, भावुक, अध्ययनशील, सज्जन, कल्पनाशील, उच्चाकांक्षी, स्वाभिमानी चंचल और कार्यों के प्रति थोड़े लापरवाह होते हैं।

डीजे का अंधानुकरण : प्रतिबंध की मांग को लेकर कमिश्नरी में प्रदर्शन

# मुद्दा : डीजे वालों का गाना करो बन्द, बाजा बचाओ

## बैंड-बाजा वादक फनकारों की आजीविका पर खतरा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मुरादाबाद.** उत्तर प्रदेश में बैंड-बाजा वादक परंपरागत कला को संरक्षित करने तथा स्वास्थ्य व वातावरण के लिए हानिकारक डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर बैंड बाजा एसोसिएशन ने कमिश्नरी पर जोरदार प्रदर्शन किया।

बैंड बाजा एसोसिएशन के बैनर हाथों लिए परंपरागत फनकारों का जुलूस गुरुवार को कलक्ट्रेट परिसर से गुजरते हुए मंडलायुक्त कार्यालय पर जाकर सभा में परिवर्तित हो गया।

### धमक व कानफोड़ू शोरगुल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

डीजे की धमक व कानफोड़ू शोरगुल मानव जीवन के दिल दिमाग व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बनता जा रहा है। मुरादाबाद मंडल में भी बारात चढ़त के दौरान डीजे पर पूर्णतया प्रतिबंध लगा कर वातावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा वहीं दूसरी ओर बैंड बाजा वादक कलाकार परंपरा को



जीवित रखा जा सकता है।

### मांगलिक कार्यों में बैंड बाजा सबसे पहले

**बैंड-बाजा वादक एसोसिएशन** के अध्यक्ष मास्टर रज्जन के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने मांगों से संबंधित ज्ञापन मंडलायुक्त कार्यालय में दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि उत्तर भारत में मांगलिक कार्यों जैसे शादी विवाह समारोह में बैंड बाजा वादक वर्ष 1948 से कला के प्रदर्शन से स्वस्थ मनोरंजन करते चले आ



रहे हैं।

### बीमार, बुजुर्ग के साथ बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर

**दुर्भाग्यवश** पिछले कुछ वर्ष से स्वस्थ मनोरंजन की जगह वातावरण व स्वास्थ्य के लिए हानिकारक डीजे के बढ़ते प्रचलन से आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, वहीं दूसरी ओर बीमार, बुजुर्ग के साथ बच्चों की पढ़ाई पर बुरा असर पड़ता है।

वक्ताओं ने कहा कि डीजे के अंधानुकरण से बैंड-बाजा वादक फनकारों की आजीविका पर खतरा मंडरा रहा है।

### डीजे के शोरगुल से अधिवक्ता को आया था हार्टअटैक

**अध्यक्ष** ने कहा कि डीजे के प्रयोग से दुष्प्रभावों का संज्ञान लेते हुए सर्वोच्च न्यायालय को भी इस मामले में हस्तक्षेप करना पड़ा। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा डीजे बजाने व बारात चढ़त की समय-सीमा रात्रि दस बजे निर्धारित कर दी गई। उन्होंने राजस्थान की घटना का हवाला देते हुए कहा कि डीजे के शोरगुल से एक अधिवक्ता की हार्टअटैक से मौत के बाद राजस्थान प्रशासन ने डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने की कार्रवाई करते हुए डीजे को जब्त कर लिया था।

खुशखबर

## देवरिया : दो साल की लापता बच्ची 17 घंटे में बरामद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**देवरिया.** देवरिया जिले के सलेमपुर क्षेत्र से दो वर्षीय गायब बच्ची को पुलिस ने 17 घंटे में बरामद कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

**फेसबुक पर फोटो की पोस्ट तो मिल गए परिजन**

पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि सलेमपुर क्षेत्र मझौली राज निवासी करवल्ला की दो वर्षीय पोती बुधवार को दरवाजे के सामने खेलते समय गायब हो गयी थी। उन्होंने बताया कि पुलिस बीएनएस की धारा 137(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर सलेमपुर तथा अन्य थानों की पुलिस द्वारा फोटो तथा सीसीटीवी फुटेज से तलाश में जुटी थी।

### सूझबूझ आई काम

**प्रवक्ता** ने बताया कि एक युवक आबिद अंसारी ने सलेमपुर स्टेशन पर बच्ची को खेलते देखा तो उसके द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ किया गया, किन्तु किसी भी व्यक्ति के द्वारा बच्ची की पहचान नहीं की गई तब आबिद अंसारी बच्ची को अपने साथ भाई के ससुराल भाजपा रानी क्षेत्र के टीकमपार लेकर चला गया और वहाँ से बच्ची की पहचान के लिए फोटो फेसबुक पर पोस्ट कर दी। बच्ची को सकुशल बरामद कर थाना सलेमपुर लाकर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

## बहराइच में सपाइयों ने कलक्ट्रेट में किया जमकर प्रदर्शन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

**बहराइच.** समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद राम जी लाल सुमन के आवास पर हाल ही में किए गए हमले के विरोध में आज समाजवादी पार्टी (सपा) के कार्यकर्ताओं ने कलक्ट्रेट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन करणी सेना द्वारा सांसद के आवास पर घेराव कर तोड़फोड़ करने के विरोध में किया गया, जिसे सांसद के विवादास्पद बयान से जोड़ा जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक, सांसद राम जी लाल सुमन ने राणा सांगा पर एक विवादास्पद बयान दिया था, जिसके बाद करणी सेना ने आगरा में उनके आवास का घेराव किया। इस घटना के बाद सपा कार्यकर्ताओं में आक्रोश व्याप्त हो गया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हमले में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की।

उत्तरप्रदेश में सुशासन समापन समारोह में बोले योगी

# पूर्वांचल एक्सप्रेस वे के साथ जोड़ा जाएगा गंगा एक्सप्रेस वे

## पत्थर व्यवसाय को दिया उद्योग का दर्जा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**मिर्जापुर.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिर्जापुर में गुरुवार को घोषणा की कि देश के सबसे बड़े एक्सप्रेस वे मेरठ से प्रयागराज तक बनने वाले गंगा एक्सप्रेस वे को अब मिर्जापुर (मां विंध्यवासिनी देवी धाम) से वाराणसी तक बढ़ाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने मिर्जापुर के पत्थर व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देकर यहां पत्थर कलों को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष योजना की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ आयोजन से जहां देश विदेश में इसकी चर्चा हुई।



### 499 करोड़ रुपए की 138 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण

**मुख्यमंत्री** ने 499 करोड़ रुपए की 138 परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण बटन दबाकर कर किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, चाबी,किट एवं सम्मान पत्र आदि वितरित किए। इसके बाद मां विंध्यवासिनी देवी के दर्शन किए और मड़िहान के देवरी कलां में बन रहे मां विंध्यवासिनी राज्य विश्वविद्यालय का भौतिक निरीक्षण किया। अगले सत्र से पठन पाठन चालू करने के लिए विश्व विद्यालय की उपकुलपति डा शोभा गौड़ एवं कुल सचिव सहित अन्य अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री के यहां पहुंचने पर स्थानीय सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने उनका मंच से स्वागत किया। उन्होंने जिले के लिए कई विकास योजना का भी इस अवसर पर सारे विधायक एवं उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह मौजूद थे।

### पीतल उद्योग को कम्यिुटी सेंटर की स्वीकृति

मुख्यमंत्री ने स्थानीय प्रसिद्ध पीतल उद्योग के लिए कम्युनिटी सेंटर बनाए जाने की भी स्वीकृति दी। मिर्जापुर जिले की दो बड़ी समस्याओं पेयजल और आकाशीय बिजली से मौतें के समाधान पर कहा कि पिछली सरकार ने बूंद-बूंद पानी के लिए तरसाया था, लेकिन इस गर्मी में हर घर को हर हाल में पेयजल मिल जाएगा। साथ ही साथ पूरे प्रदेश में आकाशीय बिजली से मिर्जापुर में होने वाली मौतों को रोकने के लिए टेक्नोलॉजी का प्रयोग किया जाएगा अब बिजली गिरने से तीन घंटे पहले आगाह किया जा सकेगा, जिससे शून्य मौतें हो जाएगी। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

### लाल पत्थर से चर्चा में आया था मिर्जापुर जिला

योगी ने यहां स्थानीय बीएलजे इंटर कालेज के मैदान में सरकार के आठ होने पर आयोजित सेवा, सुरक्षा और सुशासन को दृष्टिगत आयोजित समापन समारोह सभा को संबोधित कर रहे थे। बसपा सुप्रीमो मायावती के कार्यकाल में पूरे देश में चर्चा में आए मिर्जापुर जिले के लाल पत्थर व्यवसाय को उद्योग का दर्जा देने के साथ पत्थर कलों को विश्व मंच तक ले जाने के लिए कार्ययोजना तैयार कर उसे मूर्त देने की बात कही। इसे वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट के विस्तार योजना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कहीं भी पत्थर के कार्य होने पर यहां के ही पत्थरों को प्रयोग में लाया जाता है।

धारदार हथियार घटना स्थल से बरामद

# पिता ने 4 बच्चों की गला काट की हत्या, खुद फांसी पर झूला

## दादा बोले आक्रोशित हो जाता था बेटा, बहू भी गई हुई थी मायके

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**शाहजहांपुर.** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के थाना रोजा क्षेत्र में एक पिता ने चार मासूम बच्चों की गला काटकर हत्या कर दी है। बच्चों की हत्या करन के बाद पिता ने खुद भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस में शवों को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अधिकारी ने गुरुवार को घटना की जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने बताया कि थाना रोजा क्षेत्र के गांव मानपुर चचरी के रहने वाला राजीव कुमार (36) ने घर में ही बुधवार रात चार बच्चे स्मृति (13) कीर्ति (9) प्रगति (7) तथा ऋषभ (5) की पहले धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी, जिसमें तीन बेटी और एक बेटा है। बच्चों की हत्या करने के बाद बाद घर के दूसरे कमरे में जाकर खुद भी फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली।

द्विवेदी ने घटनास्थल से मृतक बच्चों के बाबा पृथ्वीराज से पूछताछ कर बताया कि सुबह जब राजीव कुमार के घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसके पिता पृथ्वीराज छत पर चढ़कर जीने के रास्ते से घर के अंदर गए।

पृथ्वी राज ने बताया कि राजीव का एक साल पहले एक्सीडेंट हो गया था, जिससे उसके सिर में काफी चोट आई थी, जिसका अभी भी इलाज चल रहा है। इसी के चलते वह अक्सर आक्रोशित हो जाता था और बुधवार को राजीव की पत्नी भी मायके चली गई थी, कारण पुलिस पर मृतक के पिता ने बताया कि वह अलग घर में रहते हैं , बहू क्यों मायके गई थी, यह जानकारी नहीं है।

झांसी सदर विधायक रवि शर्मा बोले

# सपा-बसपा सरकारों ने अंधकार में धकेला,योगी ने बाहर निकाला

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**झांसी.** उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार के आठ साल के शासनकाल में बुंदेलखंड के झांसी महानगर में कराए गए विकास कार्यों का लेखा जोखा पेश करते हुए झांसी सदर विधायक रवि शर्मा ने प्रदेश की पिछली सरकारों पर तीखा निशाना साधते हुए कहा कि इनकी वजह से उत्तर प्रदेश अंधकार के गर्त में चला गया था और अंधकार से बाहर निकालने का काम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया है।


यहां समाधान कार्यालय पर सदर विधायक ने कहा कि दोनों सरकारों ने प्रदेश को लूटने का काम किया। इन सरकारों ने जाति के आधार पर, संप्रदाय के आधार पर प्रदेश को अंधकार में धकेला और इनके बाद लोगों ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार पर भरोसा जताया।

**जल समस्या समाधान व संरक्षण :** सरकार ने क्षेत्र में जल की समस्या के समाधान के लिए 56 सरकारी संस्थानों पर क्रॉसवेव तकनीक के माध्यम से रेनवॉटर हारवेस्टिंग की व्यवस्था, पानी वाली धर्मशाला का जीर्णोद्धार,आतिया ताल का जीर्णोद्धार और ऐतिहासिक लक्ष्मीताल के जीर्णोद्धार व संरक्षण का काम किया गया। राजकीय संग्रहालय का जीर्णोद्धार और पर्यटकों के आवागमन के लिए विभिन्न आधुनिक सुविधाओं की व्यवस्था की गई।

**झांसी महानगर में स्मार्ट सिटी के माध्यम से कई योजनाएं:** शर्मा ने बताया कि झांसी महानगर में स्मार्ट सिटी के माध्यम से कई योजनाएं दी जिनके धरातल पर उतरने से झांसी महानगर में विकास तेजी से आगे बढ़ रहा है। यहां मूलभूत सुविधाओं और स्वच्छता, शिक्षा, खेल और स्वास्थ्य में करोड़ों रूपए की योजनाओं को अमली जामा पहनाया गया। रोजगार और स्टार्टअप्स के लिए 28 33 करोड़ की लागत से इन्क्यूबेशन सेंट की स्थापना की गई।

लघु सिंचाई विभाग में अनियमितता का मामला | सरकारी खजाने को पहुंचा भारी नुकसान

# भ्रष्टाचार से शासकीय धन का किया दुरुपयोग : निरंजन



## भाकियू ने राष्ट्रपति को सौंपा ज्ञापन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**जालौन.** जालौन जिले में भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) जिला अध्यक्ष डॉ दूजेंद्र नाथ निरंजन ने गुरुवार को लघुसिंचाई विभाग के अधिशासी, सहायक और अवर अभियंता पर पदीय अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए गंभीर वित्तीय घोटाला करने का आरोप लगाया है।

### अधिशासी, सहायक व अवर अभियंता पर आरोप

**भाकियू, जिलाध्यक्ष** ने बताया कि राष्ट्रपति को सौंपे ज्ञापन में लघु सिंचाई विभाग में बड़े पैमाने पर वित्तीय अनियमितताओं और शासकीय धन के दुरुपयोग के आरोप लगाए हैं। अधिशासी अभियंता राजेश, जो मूल रूप से अवर अभियंता के पद पर नियुक्त थे,उन्होंने बांदा और चित्रकूट में कार्यकाल के दौरान सरकारी धन के गबन में ठेकेदारों से मिलीभगत कर भ्रष्टाचार किया। इसके अलावा, उनके अवर अभियंता कार्यकाल में भंडार-कमी, चार्ज हस्तांतरण और अदेयता जैसी अनियमितताएं भी उजागर हुई हैं। राजेश गुप्ता की अधिशासी अभियंता से सहायक एवं अधिशासी अभियंता के पद पर पदोन्नति दी गई, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचा।

निरंजन ने बताया कि इससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान हुआ है। संगठन ने राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से इसके लिए ज्ञापन भेजा है।

भाकियू ने आरोप लगाया कि राजेश कुमार गुप्ता की सेवानिवृत्ति 30 जून 2025 को होनी है, यदि उन्हें वित्तीय अधिकारों से वंचित नहीं किया गया, तो आगे भी सरकारी धन की क्षति हो सकती है। इसलिए, भाकियू ने तत्काल निलंबन की मांग की है।

राजेश और टीम में सहायक

### मशीनों को पंजीकरण प्रक्रिया नियमों के खिलाफ

**भाकियू** ने ज्ञापन में बताया कि प्राइवेट रिंग मशीनों की पंजीकरण प्रक्रिया नियमों के खिलाफ 'पिक एंड चूज' पद्धति के तहत की गई। ज्ञापन में बताया गया कि बिना पात्रता के फर्मों को पंजीकृत किया गया और बिड में दर लिए बिना काम आवंटित किया गया। ठेकेदारों के नाम भुगतान निकल गए लेकिन श्रम विभाग में फर्म और श्रमिकों का पंजीकरण भी नहीं पाया जाता है। अधीक्षण अभियंता, झांसी द्वारा 20 अक्टूबर 2023 को जारी पत्र में नियमों का पालन नहीं किया गया। 11 जनवरी 2024 के पत्र के अनुसार पंजीकृत फर्मों से कार्य नहीं लेने का निर्देश होने के बावजूद इन्हें काम दिया गया। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 24 -25 में भी अपात्र फॉर्म को पत्र दिखाकर बोरिंग कर पंजीकृत किया गया।

अभियंता सुरेंद्र सिंह जादौन व अवर अभियंता अभियंता रामकुमार कृष्ण पाल सिंह शामिल हैं। उन्होंने किसानों के साथ धोखाधड़ी करते हुए शासकीय धन का दुरुपयोग किया है। लखनऊ की एक फर्म के नाम समरसिबल पंप का सरकार द्वारा मिलने वाले अनुदान के लिए अधिकार पत्र पर निकाला जा रहा है, जबकि अनुदान के लिए किसान स्वेच्छा से इसी मार्ग आईएसआई मार्क का पंप विक्रेता से ले सकता है। यह शासनादेश में है विभागीय व्यवस्था में है।

बिहार विधानसभा में दिया जवाब

# एससी-एसटी फंड के दुरुपयोग की संभावना से इनकार

## कर्नाटक और तमिलनाडु सरकार की तर्ज पर बनाएं अधिनियम

**पटना.** बिहार सरकार ने विधानसभा को बताया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति (एससी-एसटी) कल्याण के लिए निर्धारित फंड का दुरुपयोग नहीं किया जा रहा है। मंत्री श्रवण कुमार ने विधानसभा में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) सदस्य सत्यदेव राम के सवाल के जवाब में वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के लिए बजट में निर्धारित फंड का ब्योरा साझा किया। सत्यदेव राम ने पूरक प्रश्न के माध्यम से सीएजी की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि ऊर्जा क्षेत्र, सड़क निर्माण और अन्य में चार हजार करोड़ रुपए का दुरुपयोग किया गया। एससी-एसटी फंड के दुरुपयोग रोकने के लिए विशेष

### कहां है फंड खर्च करने की कोई योजना और रणनीति

**एक** अन्य सदस्य विजेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि सरकार 10 प्रतिशत फंड खर्च नहीं कर पा रही है। उन्होंने पूछा कि एससी-एसटी के लिए फंड खर्च करने की कोई योजना और रणनीति कहां है। विधायक सतीश कुमार ने एससी-एसटी कल्याण कोष के दुरुपयोग को रोकने के लिए कर्नाटक और तमिलनाडु सरकार की तर्ज पर एक अधिनियम बनाने की मांग की। इस पर मंत्री ने एससी-एसटी योजनाओं के फंड के दुरुपयोग की संभावना को खारिज कर दिया।

अधिनियम बनाने की मांग की। भाकपा-माले के सदस्य संदीप सौरभ ने कहा कि राज्य सरकार एससी-एसटी कल्याण फंड का दुरुपयोग नहीं कर सकती।

## सरावगी का दाखिल-खारिज की शिकायत पर सख्त रुख

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने दाखिल-खारिज के मामले में अनियमितता की शिकायत पर सख्त रुख अख्तियार किया है। सरावगी के निर्देश के बाद अररिया जिले के रानीगंज के अंचलाधिकारी (सीओ) प्रियव्रत कुमार को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। उन पर दाखिल खारिज के एवज में अपने एवं अपने एक परिचित के बैंक एकाउंट के माध्यम से रुपए लेने का आरोप है।

सरावगी ने बताया कि प्रियव्रत के विरूद्ध प्राप्त कतिपय परिवाद पत्रों में उनके विरूद्ध पद का दुरुपयोग करने, सरकारी काम यथा दाखिल-खारिज की स्वीकृति,अस्वीकृति के एवज में स्वयं एवं परिचित अनुनय कुमार के एसबीआई के बचत खाते में अवैध रूप से पक्ष अथवा विपक्ष से राशि प्राप्त करने जैसी शिकायतें प्रतिवेदित हैं। परिवादी ने अपने आवेदन में (दो लाख पचहत्तर हजार) रुपए की राशि अंचल अधिकारी कुमार के एवं (दो लाख) रुपए की राशि अनुनय कुमार के खाते में जमा किए जाने संबंधी साक्ष्य संलग्न किए हैं।

मंत्री ने बताया कि उक्त के संदर्भ में जिला स्तर पर गठित त्रिस्तरीय जाँच समिति के प्रतिवेदनानुसार बैंक जमा पर्ची के संबंध में अंचलाधिकारी कुमार द्वारा उक्त राशि को सेल्फ डिपॉजिट बताया गया है।

बिहार : भाकपा राज्य परिषद की बैठक संपन्न

# बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार पर चिंता, जन संघर्ष तेज करने का आह्वान

## मुख्यालयों पर प्रदर्शन मुद्दों पर चर्चा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) बिहार राज्य परिषद की दो दिवसीय बैठक 26-27 मार्च को पटना में संपन्न हुई। बैठक में बिहार विधान सभा चुनाव की तैयारी, शाखा, अंचल, जिला एवं राज्य सम्मेलन, प्रखंड मुख्यालयों पर प्रदर्शन मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में आठ सितंबर, 2025 को पटना में "बदलो सरकार-बचाओ बिहार" राज्यस्तरीय विशाल रैली आयोजित करने का निर्णय किया गया। बैठक में राज्य में बढ़ते अपराध, भ्रष्टाचार,महिलाओं पर बढ़ रहे जुल्म और अत्याचार, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में सर्वे के नाम पर हो रही लूट, कल्याणकारी योजनाओं में लूट आदि पर चिंता व्यक्त की गई और इन सवालों को लेकर जन संघर्ष तेज करने का आह्वान किया गया।

बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व सांसद नागेंद्र नाथ ओझा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी की फैसले की रिपोर्टिंग की। बैठक में लिए गए फैसले की जानकारी देते हुए भाकपा के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रव्यापी वैचारिक-राजनीतिक अभियान के तहत शहीदे आजम भगत सिंह के बलिदान दिवस 23 मार्च से आरंभ है और डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर की जयंती14 अप्रैल 2025 तक पूरे राज्य में चलाये जाएंगे।

### ज्वलंत सवालों को लेकर प्रखण्ड कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जाएगा

**भाकपा** राज्य सचिव ने बताया कि अप्रैल माह में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के संयुक्त आह्वान पर आम जनता से जुड़े ज्वलंत सवालों को लेकर प्रखण्ड कार्यालयों पर प्रदर्शन किया जायेगा। 22 अप्रैल को लेनिन की जयंती का आयोजन प्रखंड से लेकर राज्य स्तर तक किया जाएगा। बैठक में विधानसभा चुनाव लड़ने वाली संभावित सीटों का चयन कर चुनाव की तैयारी शुरू करने का निर्णय लिया गया। चुनाव को दृष्टि में रखते हुए जमीनी स्तर पर जन समस्याओं को लेकर जन गोलबंदी का कार्यक्रम तैयार कर जन संघर्ष तेज किए जाएंगे।

पांडेय ने बताया कि डॉक्टर अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल को जिला स्तरीय भव्य कार्यक्रम के रूप में आयोजित किए जाएंगे, जिससे आगामी विधान सभा चुनावों के मद्देनजर अपने अनुकूल महौल बनाते हुए भाजपा-संघ परिवार की प्रतिगामी वैचारिकी और लोकतंत्र, संविधान, धर्मनिरपेक्षता और सामाजिक न्याय के विरुद्ध जारी फासीवादी हमलों को निर्णायक शिकस्त दी जा सके।

पांडेय ने बताया कि पार्टी का 25 वां राज्य सम्मेलन आगामी आठ से 12 सितंबर, 2025 तक पटना में आयोजित किये जायेंगे। रैली की शुरुआत आठ सितंबर (सोमवार) को विशाल रैली के साथ होगी।

नकद प्रत्यक्ष अंतरण योजना

# विपक्षी सदस्यों की मंत्री से नोकझोंक

## किसानों के मुद्दे पर बिहार विधानसभा में मचा हंगामा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**पटना.** बिहार विधानसभा में गुरुवार को राज्य के किसानों और बटाईदारों के लिए, नकद प्रत्यक्ष अंतरण (डीबीटी) योजना के मुद्दे पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया।

सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार विधानसभा में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी-लेनिनवादी (भाकपा-माले) सदस्य वीरेंद्र कुमार गुप्ता के प्रश्न का जब उत्तर दे रहे थे, तभी विपक्षी सदस्यों की मंत्री के साथ तीखी नोकझोंक हुई। विपक्ष दलों के सदस्यों ने मंत्री के जवाब का विरोध करते हुए कहा कि डॉ. कुमार सवाल का जवाब देने की बजाय केवल केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाल रहे थे।

### विपक्ष के दबाव में नहीं आएंगे

**विपक्ष** के शोर से नाराज मंत्री ने कहा कि वे विपक्ष के दबाव में नहीं आएंगे। इससे सदन में हंगामा शुरू हो गया और विपक्ष एवं मंत्री के बीच तीखी बहस हुई। इस बीच सभाध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने उन्हें शांत कराया। गुप्ता ने पूरक प्रश्न के माध्यम से सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया कि बिहार में 70 प्रतिशत खेती बटाईदार किसानों द्वारा की जा रही है, लेकिन उन्हें डीबीटी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से सवाल किया कि क्या वह बटाईदार किसानों को भी किसान सम्मान निधि का लाभ देने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजेगी। मंत्री ने कहा कि डीबीटी पोर्टल पर एक करोड़ 78 लाख बटाईदार किसान और 26 लाख गैर बटाईदार किसान समेत कुल दो करोड़ चार लाख किसान पंजीकृत हैं।

### कितनी है बटाईदार किसानों की संख्या बताएं

**गुप्ता** ने एक अन्य पूरक प्रश्न के माध्यम से जानना चाहा कि डीबीटी के माध्यम से योजनाओं के अनुदान का लाभ पाने वाले बटाईदार किसानों की संख्या कितनी है। डॉ. कुमार ने कहा कि केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय पहली बार देश के किसानों के लिए केसीसी योजना लागू की गई थी और जब मोदी सरकार सत्ता में आई तो पीएम किसान सम्मान निधि शुरू की गई। विपक्षी सदस्यों ने मंत्री के जवाब पर कड़ी आपत्ति जताई। भाकपा-माले के सत्यदेव राम ने कहा कि मंत्री सदस्यों को धमका रहे हैं जबकि गुप्ता ने मंत्री से असंसदीय शब्दों का इस्तेमाल करने के लिए माफी मांगने की मांग की। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भाई वीरेंद्र ने कहा कि सदन में गलत परंपरा स्थापित की जा रही है।

## भ्रामक खबर चलाने पर मनीष व कई पर प्राथमिकी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**छपरा.** बिहार में सारण जिले के साइबर थाना की पुलिस ने मनीष कश्यप, कन्हैया भेलारी, देशवा बिहार न्यूज, सूचना केंद्र, अपना सिटी न्यूज, काव काव न्यूज, श्रवण कुमार, एमजी न्यूज बिहार, अनूप राठौड़, आपका साथी (बाबा अभिषेक ओझा ) के सोशल मीडिया पर भ्रामक और भड़काऊ खबर चलाने के आरोप में गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

सोशल मीडिया कर्मियों द्वारा भ्रामक और भड़काऊ खबर चला कर समाज में वैमनस्य को बढ़ावा दे रहे थे।


**कार्यालय नगर पंचायत सरिया जिला- सारंगढ़- बिलाईगढ़ (छ.ग.)**
**E-mail- cmonpsariya@gmail.com**

क्रमांक/3311/ लो.नि.वि./ न.पं./2024-25 — सरिया, दिनांक 27/03/2025

// द्वितीय ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू.लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | समय सीमा | फिजिकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | 166359 | Design, Construction, Testing, Commissioning of all the Components of Interception and Diversion, Based Sewage Treatment Plant (STP) work including 05 Years of Operation and Maintenance of the Entire System in Nagar Panchayat Sariya under SBM 2.0 | INR 195.54 Lakh | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lakh Fifty Thousand only) FDR in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Sariya | Rs. 10000/- (Rupees Ten Thousand only) in the form of DD in favour of Chief Municipal Officer, Nagar Panchayat Sariya | Completion Period 18 months (including rainy season) [illegible] from the date of issuing of Work Order) | 15/04/2025 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http//eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://www.uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत सरिया

हो सकता है मैं आपके विचारों से सहमत न हो पाऊं फिर भी विचार प्रकट करने के आपके अधिकारों की रक्षा करूंगा। –वाल्तेयर



राजस्थान पत्रिका
संस्थापक
कर्पूर चन्द्र कुलिश

# सहकार भाव से काम करने वालों को मिलेगी संजीवनी

सहकारिता की मूल भावना है- 'एक सबके लिए, सब एक के लिए।' इसी भावना पर चलते हुए सहकारिता आंदोलन के जरिए देश में कई उद्यमों ने कीर्तिमान कायम किए हैं। लेकिन एक तथ्य यह भी है कि निजीकरण की बाढ़ में पिछले सालों में सबसे ज्यादा चोट सहकारी आंदोलन को ही पहुंची है। संतोष की बात यह है कि अब केन्द्र सरकार दो बड़े क्षेत्रों में सहकारिता को दाखिल कराने जा रही है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सहकारिता मॉडल की टैक्सी सर्विस और कोऑपरेटिव इंश्योरेंस कंपनी की शुरुआत का ऐलान किया है।

भारत में सहकारिता आंदोलन के इतिहास पर नजर डालें तो सहकार के जरिए कारोबार का सबसे बड़ा उदाहरण गुजरात की दुग्ध क्रांति को कहा जा सकता है। त्रिभुवन पटेल और डॉ. वर्गीज कुरियन के नेतृत्व में यह आंदोलन एक बड़ी सफलता बनकर उभरा और आज दुग्ध व दुग्ध उत्पादों का बड़ा उद्योग देशभर में इस आंदोलन के जरिए खड़ा हो गया है। इस सहकारिता क्रांति ने न केवल दूध उत्पादकों को सशक्त किया, बल्कि भारतीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती देने का काम किया है, इसमें संशय नहीं है। पिछले सालों में केन्द्र सरकार के 'सहकार से समृद्धि' कार्यक्रम के तहत भी सहकारिता के क्षेत्र में कई गतिविधियां हुई हैं जिनसे किसानों व महिलाओं को बड़ी संख्या में सहकारिता आंदोलन से जोड़ा गया है। फिर भी चिंता की बात यह है कि आज के वैश्विक व्यापारिक परिदृश्य में छोटे उद्योगों और असंगठित क्षेत्र के लिए चुनौती दिन-प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। इसकी वजह कारोबारी प्रतिस्पर्धा में पिछड़ना भी रहा है। सहकारिता के माध्यम से टैक्सी सर्विस शुरू होने पर बड़े असंगठित वर्ग को सुरक्षा कवच मिलेगा, यह उम्मीद की जानी चाहिए। निजी क्षेत्र की टैक्सी सेवाओं में इनसे जुड़े लोगों का कितना शोषण होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। 'कोऑपरेटिव टैक्सी सर्विस' जैसी पहल से टैक्सी, ऑटो, बाइक और रिक्शा चालकों को न केवल उचित मेहनताना व सम्मान मिलेगा बल्कि आम जनता को भी अपेक्षाकृत सस्ता परिवहन उपलब्ध हो सकेगा। सहकारी मॉडल का इंश्योरेंस क्षेत्र में प्रवेश का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि निजी क्षेत्र में काम कर रही बीमा कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी। यह इसलिए भी क्योंकि बीमा आज सबके लिए जरूरी हो गया है।

वैसे भी सहकारिता आंदोलन को आज हर क्षेत्र में पुनर्जीवित करने की जरूरत है। वैसे तो गांवों में भी ग्राम सेवा सहकारी समितियां कार्यरत हैं लेकिन इनमें भी राजनीति घुसने लगी है। एक तथ्य यह भी है कि बहुराष्ट्रीय कंपनियों की पहुंच ने वस्तु व सेवाओं के हर क्षेत्र में एकाधिकार सा कायम करना शुरू कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सहकारिता को बढ़ावा देने के प्रस्तावित प्रयास ठोस व सुनियोजित तरीके से शुरू होंगे ताकि सहकार भावना से काम करने वाली संस्थाओं को संजीवनी मिल सके।

**चर्चित मुद्दा:** पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का मुद्दा देश की साख, सम्मान और प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है

# पीओके को शामिल करने का माकूल समय कब?

एन.के. सोमानी
अंतरराष्ट्रीय मामलों के विशेषज्ञ
@patrika.com



**विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही लंदन में पीओके का मुद्दा उठाकर मामला गरम कर दिया है। रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के बयान यह बता रहे हैं कि भारत पीओके को हासिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है।**

हाल ही लंदन में भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) का मुद्दा उठाकर मामला गरम कर दिया है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद भारत की ओर से जब कभी पीओके पर किसी तरह का बयान आता है तो पाकिस्तान के कान खड़े हो जाते हैं। भारत और पाकिस्तान से इतर दुनिया के बाकी देशों के लिए भी पीओके उत्सुकता का विषय बन जाता है। हालांकि, एस. जयशंकर से पहले गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित भारत के कई सैन्य अधिकारी और नौकरशाह पीओके को भारत में शामिल किए जाने की बात कह चुके हैं, लेकिन एस. जयशंकर के बयान के अपने मायने हैं। वे देश के विदेश मंत्री हैं, इसलिए उनके बयान की गंभीरता को समझा जा सकता है। दूसरा उन्होंने जिस जगह और जिस समय पर आह्वान किया है, उसके भी गंभीर मायने हैं।

पिछले दिनों एस. जयशंकर इंग्लैंड दौरे पर थे। वहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उनसे पाकिस्तान के एक पत्रकार ने सवाल किया कि आप कश्मीर के मसले के समाधान के लिए क्या करने जा रहे हैं? इस पर जयशंकर ने दो टूक कहा कि हम कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी का इंतजार कर रहे हैं, जो पाकिस्तान के कब्जे में है। जब ये पूरा हो जाएगा तो मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कश्मीर का समाधान हो जाएगा। पाकिस्तान की धरती से 7000 किमी दूर दिए गए एस. जयशंकर के इस बयान के बाद इस्लामाबाद के कूटनीतिक और रणनीतिक गलियारों में खलबली मच गई। विदेश मंत्रालय को सफाई देने उतरना पड़ा।

भारत के वर्तमान नेतृत्व की ओर से समयबद्ध अंतराल से पीओके को लेकर जो बातें कही जा रही हैं, क्या उससे यह समझ लेना चाहिए कि पीओके को भारत में शामिल करने का माकूल समय आ गया है? भावनाएं अपनी जगह हैं और जमीनी हकीकत अपनी जगह। कूटनीतिक मसले रणनीतिक चतुराई और सामरिक सूझ-बूझ से सुलझाए जाते हैं, भावनात्मक बयानबाजी से नहीं। पीओके को भारत में शामिल करना क्या वास्तव में इतना ही आसान है, जितना हमारी सरकार के नुमाइंदे बता रहे हैं? पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर का मुद्दा भारत की साख, सम्मान और प्रतिष्ठा से जुड़ा हुआ है। भारत शुरू से ही मामले का समाधान अंतरराष्ट्रीय कानून और कूटनीतिक मानदंडों के सहारे करने का प्रयास कर रहा है। लेकिन पिछले सात दशकों का इतिहास यह बताता है कि व्यापक रणनीतिक दृष्टिकोण (सैन्य विकल्प सहित) के बिना पीओके को भारत में शामिल करना मुश्किल ही नहीं असंभव भी है। तो क्या भारत पीओके को हासिल करने के लिए सैन्य कार्रवाई भी कर सकता है? श्रीनगर स्थित भारतीय सेना के एक वरिष्ठ कमांडर की टिप्पणी भी है कि एक बार आदेश मिलने के बाद हम पीछे मुड़कर नहीं देखेंगे।

रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगों के बयान यह बता रहे हैं कि भारत पीओके को हासिल करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 1994 के संसदीय प्रस्ताव के बाद भारत कभी भी इस दिशा में आगे बढ़ सकता है। 22 फरवरी 1994 को संसद ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है तथा पाकिस्तान को अपने कब्जे वाले राज्य के कुछ हिस्सों को खाली करना होगा। कांग्रेस सरकार द्वारा लाए गए इस प्रस्ताव और इसकी भावना को याद करने के लिए देश हर साल 22 फरवरी को 'जम्मू और कश्मीर संकल्प दिवस' के रूप में मनाता है। लेकिन विडंबना यह है कि तीन दशक से अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी इस 'संकल्प' की पूर्ति अधूरी है। नई दिल्ली के संकल्प की पुष्टि करते हुए अक्टूबर 2022 को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि संसद में पारित प्रस्ताव के अनुसार पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में गिलगित और बाल्टिस्तान जैसे क्षेत्रों को पुनः प्राप्त करने का समय आ गया है। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को हटाने और जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 को पेश करते हुए लोकसभा में कह चुके हैं कि जब मैं जम्मू-कश्मीर की बात करता हूं तो इसमें पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर और अक्साई चिन भी शामिल है।

भारत और पाकिस्तान के बीच इस विवादित भू-भाग को लेकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में अब तक कई प्रस्ताव आ चुके हैं। लेकिन दोनों देशों के आरोप-प्रत्यारोपों की वजह से कोई प्रस्ताव अमल में नहीं लाया जा सका है। सारी बात सेनाओं के वापस लौटने और जनमत संग्रह की मांगों पर ही उलझकर रह गई है। आम जनमानस का भी यह मानना है कि यूएनओ प्रस्ताव को वापस लेकर पीओके को हासिल करने का यह सबसे उपयुक्त समय है। उधर, पीओके के भीतर भी लोगों में गुस्सा भड़क रहा है। सरकार के खिलाफ प्रदर्शनों का सिलसिला बढ़ गया है। आंदोलनकारी अवामी एक्शन कमेटी के नेता राजा गुलाम मुज्तबा इस्लामाबाद को चेता चुके हैं कि दमनकारी कदम उठाए गए तो मंगला डैम में लाशें बहती नजर आएंगी। लंदन में पत्रकार वार्ता के दौरान विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने पीओके की वापसी के लिए चार चरणों में आगे बढ़ने की बात कही। विदेश मंत्री के अनुसार प्रथम तीन चरण (अनुच्छेद 370 हटाना, कश्मीर में चुनाव और सामाजिक जीवन बहाल करना) पूरे हो चुके हैं। आखिरी 25 प्रतिशत काम बाकी है। तो क्या पीओके का भारत में जल्दी ही विलय होने वाला है। पीओके के लिए संसद में 7 और जम्मू-कश्मीर विधानसभा में 24 सीटें रिजर्व कर दी हैं। भारत की यह तैयारी यों ही तो नहीं है।

भारत के जिस हिस्से पर पाकिस्तान और चीन ने सैन्यबल से कब्जा किया था उसे सिर्फ सैन्यबल से ही वापस लिया जा सकता है। इसमें किसी तरह की कानूनी बाध्यता नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि क्या हमारी सॉफ्ट पावर की नीति कश्मीर को मुक्त कराने में कारगर होगी। हालांकि, सैन्य मोर्चे पर हम पाकिस्तान से कई गुणा बेहतर हैं।

दोनों देशों के बीच के संघर्ष का इतिहास भी हमारे पक्ष में है। आंतरिक रूप से भी पाकिस्तान बहुत कमजोर हालत में है। बलोच आंदोलन शहबाज सरकार के लिए परेशानी का बड़ा सबब बना हुआ है। लेकिन शक्ति संघर्ष के मौजूदा दौर में दो परमाणु ताकतों के बीच युद्ध किसी भी पक्ष के लिए लाभकारी सौदा नहीं कहा जा सकता है। दूसरा, भारत पंचशील के सिद्धांतों में आस्था रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के बाद यह कहते रहे हैं कि 'यह युद्ध का समय नहीं है।' भारत ने दुनिया को 'बुद्ध' दिया है 'युद्ध' नहीं। लेकिन एस.जयशंकर ने जिस तरह से लंदन में जाकर पीओके का मुद्दा छेड़ा है, उससे देखते हुए लगता है कि सरकार के भीतर पीओके को लेकर कुछ चल तो जरूर रहा है। विदेश मंत्री का बयान यों ही हवा-हवाई तो नहीं है।

**पत्रिका डिजिटल** पर भी पढ़ें विशेष लेख



*किस मोड़ पर चला गया नुक्कड़ नाटक*
सिद्धायनी जैन
shorturl.at/cyZ8w

*शाहाबाद के जंगल : प्राकृतिक धरोहर और चुनौतियां*
सोनम लववंशी
shorturl.at/v4nR8



*यदि आप भी समसामयिक विषयों, सामाजिक मुद्दों पर लिखते हैं तो हमें writers@in.patrika.com पर ई-मेल करें।*

## प्रसंगवश

# जरूरतमंदों तक गेहूं नहीं पहुंचाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

### गरीब तबके के लिए चलाई जा रही इस अहम योजना में गड़बड़झाला और लापरवाही चिंताजनक है

गेहूं और आटे के दाम पहले ही आसमान छू रहे हैं, ऐसे में राजस्थान में खाद्य सुरक्षा योजना के तहत करीब 4.69 लाख क्विंटल गेहूं उनके वास्तविक हकदारों तक नहीं पहुंच पाना सचमुच चिंताजनक है। एक तरह से इसे गरीबों के मुंह से निवाला छीनना ही कहा जाएगा। गरीबों को दो वक्त की रोटी आसानी से मिल सके इसे देखते हुए खाद्य सुरक्षा योजना वरदान साबित हुई है, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन जिम्मेदारों ने ऐसी लापरवाही बरती कि इस योजना के तहत प्रदेश को आवंटित गेहूं की परवाह ही नहीं की गई। नतीजतन लाखों परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के तहत मिलने वाले गेहूं का इंतजार करते रहते हैं।

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2013 में इस योजना को लागू किया था, जिसका मकसद निम्न आय वर्ग के लोगों को गुणवत्तापूर्ण खाद्यान्न उपलब्ध करवाना रहा है। इस योजना में पात्र परिवार को हर माह प्रति यूनिट पांच किलोग्राम गेहूं दो रुपए किलो की दर पर उपलब्ध कराया जाता है। सरकार जब कोई योजना बनाती है तो लगता है कि अब वंचित वर्ग को राहत मिलने वाली है। लेकिन कभी राशन डीलर हड़ताल पर रहते हैं तो कभी गोदामों से सहकारी समितियां आवंटित गेहूं का उठाव नहीं करतीं। राज्य में क्रय-विक्रय सहकारी समितियों को एफसीआइ के गोदाम से गेहूं उठाकर राशन डीलरों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी दे रखी है, लेकिन हैरत की बात यह है कि ये समितियां आवंटित कोटे का पूरा उठाव नहीं कर रही। ऐसे में हर माह हजारों पात्र लोगों को गेहूं नहीं मिल पाया। प्रदेश में 80 हजार से ज्यादा लोग गेहूं लेने से वंचित रह गए। ये लोग गेहूं की आस में राशन की दुकानों पर चक्कर काटते रहे और राशन डीलर गेहूं नहीं आने के बात कहकर उन्हें लौटाते रहे। इतना ही नहीं, राशन की दुकानों पर आने वाला गेहूं कहीं रास्ते से गायब हो गया तो कहीं डीलर ने ही उसे बाजार में बेच दिया। इसके अलावा इस योजना में गेहूं के परिवहन या अन्य सामग्री की खरीद में घोटाले भी सामने आते रहे हैं। इतना ही नहीं, इस योजना में पिछले सालों बड़ी संख्या में अपात्र लोगों के नाम जोड़ दिए गए। जांच में बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारी और सक्षम व्यक्ति भी इस योजना का लाभ लेते मिले। गरीब तबके के लिए चलाई जा रही इस अहम योजना में गड़बड़झाला और लापरवाही चिंताजनक है। सरकार को गेहूं लैप्स होने के लिए जिम्मेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए गरीब को समय पर सस्ता गेहूं मिले, इसके पुख्ता प्रबंध करने चाहिए।

-जयप्रकाश सिंह
jaiprakash.singh@epatrika.com

**पर्यावरण:** आइएमडी ने इस साल भीषण गर्मी की चेतावनी दी है

# हीट वेव से मुकाबले के लिए देश को दीर्घकालिक एक्शन प्लान की जरूरत



डॉ. महावीर गोलेछा
लेखक उत्तर प्रदेश स्टेट हीट एक्शन प्लान के प्रोजेक्ट लीड हैं
@patrika.com

वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन का सबसे ज्यादा दुष्प्रभाव अत्यधिक गर्मी है। भारत में पिछले दशक के पांच साल सदी के सर्वाधिक गर्म वर्षों में थे। जलवायु परिवर्तन के कारण विश्व के कई भाग गर्मी के प्रकोप में हैं और तापमान अधिक तेजी से बढ़ रहा है, पिछले दो दशकों में लू-तापघात से हजारों लोगों की मौत हो चुकी है। वर्ष 2024 दुनिया के लिए अब तक का सबसे गर्म साल रहा है, जिसने पेरिस समझौते की सीमा को भी पार कर लिया है। भारत में भी यह सबसे गर्म साल दर्ज किया गया है, जिसमें औसत तापमान पिछले 123 वर्षों के औसत से 0.65 डिग्री सेल्सियस से अधिक था। 2024 में भारत के कई शहरों में रिकॉर्ड तोड़ तापमान दर्ज किया गया, जैसे कि राजस्थान के फलौदी में 50.8 डिग्री सेल्सियस और चूरू में 50.3 डिग्री सेल्सियस।


भारत, 1901 के बाद से पिछले पांच वर्षों में अपने पांच सबसे गर्म वर्षों का सामना कर रहा है। सामान्यतः मई-जून के माह में भारत में ग्रीष्म लहरें (हीट वेव्स) आती हैं, लेकिन इस बार देश के कई हिस्सों में हीट वेव्स की समय-पूर्व आने की स्थिति बनी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आइएमडी) ने मार्च से मई 2025 तक देश में भीषण गर्मी का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान अधिकांश क्षेत्रों में सामान्य से अधिक तापमान रहने की आशंका है। खासकर उत्तर, मध्य और पश्चिमी भारत में। लू तापघात के कारण होने वाली मौतों एवं बीमारियों के पर्याप्त आंकड़ें उपलब्ध नहीं होने के कारण इसका मानव स्वास्थ्य के ऊपर होने वाले दुष्प्रभाव का आकलन करना काफी कठिन है। हीट वेव्स से न केवल मानव स्वास्थ्य प्रभावित होता है बल्कि कृषि क्षेत्र, पशुपालन, श्रमिक उत्पादकता तथा अर्थव्यवस्था भी गंभीर रूप से प्रभावित होती है।

वर्ष 2019 की अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन की रिपोर्ट के अनुसार भारत वर्ष 2030 तक हीट वेव्स के कारण लगभग 5.8 प्रतिशत कार्य घंटे गंवा देगा। कार्य दिवसों के नुकसान के कारण गरीब और सीमांत किसानों की आजीविका गंभीर रूप से प्रभावित होती है। चूंकि भारत की अधिकांश आबादी कृषि, दैनिक आमदनी एवं मजदूरी पर निर्भर है, इसलिए देश बढ़ती हीट वेव्स से सबसे अधिक प्रभावित है। समग्र रूप से भारत में हीट वेव्स के कारण वर्ष 2030 में लगभग 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियों का नुकसान हो सकता है। हीट वेव्स के नकारात्मक प्रभाव से मानव स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था, आजीविका एवं अन्य क्षेत्रों को बचने के लिए हीट एक्शन प्लान एक सफल, कारगर एवं महत्त्वपूर्ण रणनीति है। हीट एक्शन प्लान के अंतर्गत समुदायों की रक्षा करने और अत्यधिक गर्मी से जीवन को बचाने के लिए आवश्यक अनुकूलन उपाय लागू किए जाते हैं। भारत में सबसे पहला हीट एक्शन प्लान भारतीय जन स्वास्थ्य संस्थान गांधीनगर द्वारा अहमदाबाद शहर में 2013 में क्रियान्वित किया गया। यह हीट एक्शन प्लान गर्मी के कारण होने वाली बीमारियों एवं मौतों को कम करने में सफल रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा इसे मॉडल हीट एक्शन प्लान के रूप में मान्यता दी गई तथा प्राधिकरण के द्वारा विभिन्न स्तरों पर एक्शन प्लान बनाने के लिए राष्ट्रीय दिशा-निर्देश भी जारी किए जाते हैं।

भारत के अधिकांश राज्यों की आबादी कृषि, दैनिक आमदनी एवं मजदूरी पर निर्भर है, इसलिए अधिकतर राज्य बढ़ती हीट वेव्स से प्रभावित हैं। राज्यों के आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को इस आपदा की जोखिम को कम करने के लिए सक्रिय एवं सतर्क रहने की आवश्यकता है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों को हीट एक्शन प्लान बनाकर बड़े शहरों एवं जिलों में क्रियान्वित करने की आवश्यकता है। चूंकि ग्रीष्म लहरों के कारण होने वाली मृत्यु एवं बीमारियों को रोका जा सकता है, इसलिए राज्य सरकारों को मानव जीवन, पशुधन और वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए दीर्घकालिक कार्ययोजना को हीट एक्शन प्लान में प्राथमिकता देनी चाहिए।

सभी राज्य सरकारों को हीट वेव्स को प्राकृतिक आपदा घोषित करनी चाहिए। तापघात के कारण होने वाली मृत्यु के लिए मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की आवश्यकता है। हीट वेव को प्राकृतिक आपदा घोषित किए जाने से राज्य और जिला प्रशासन को क्षेत्रीय स्तर पर हीट वेव एक्शन प्लान तैयार करने में मदद मिलेगी। एक प्रभावी हीट एक्शन प्लान के लिए मजबूत नेतृत्व, अंतर-एजेंसी समन्वय, वैज्ञानिक विशेषज्ञता, व्यापक संचार रणनीतियों और सामुदायिक जुड़ाव की आवश्यकता होती है। यह सब घटक हीट एक्शन प्लान में होने चाहिए। इस एक्शन प्लान में कमजोर आबादी जैसे कि स्कूली बच्चों, बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, गरीब और बाहरी मजदूरों पर विशेष प्राथमिकता देनी चाहिए। हीट एक्शन प्लान के सफलतम क्रियान्वयन के माध्यम से भारत दुनिया को जलवायु परिवर्तन एवं घातक हीट वेव्स से बड़ी आबादी को बचाने का मॉडल प्रस्तुत कर सकता है।


**सॉड्‌र्स इन रॉक:** नॉर्वे के एकीकरण की गवाह



*'सॉड्‌र्स इन रॉक' स्मारक, जो स्टावेंजर में है। यह नॉर्वे के एकीकरण का एक शक्तिशाली प्रतीक है। यह स्मारक वहां हुई एक ऐतिहासिक लड़ाई की याद में स्थापित किया गया था, जब राजा हाराल्ड फेयरहेयर ने क्षेत्र को एकजुट करके एक साम्राज्य की नींव रखी थी। इस स्मारक में तीन विशाल तलवारें चट्टान में गड़ी हुई हैं, जो शांति, एकता और स्वतंत्रता का प्रतीक मानी जाती हैं। इसे कलाकार फ्रिट्ज रॉएड की ओर से तैयार किया गया था। यह स्मारक इतिहास और प्रकृति का एक बेहतरीन उदाहरण पेश करता है क्योंकि इसके आसपास प्रकृति की खूबसूरती भी है। तलवारों की संरचना नॉर्वे के अतीत के एक महत्त्वपूर्ण अध्याय है।*

## आवास संकट के संघर्ष की कहानी

**बुक इनसाइट**




ब्रायन गोल्डस्टोन की किताब 'देयर इज नो प्लेस फॉर अस: वर्किंग एंड होमलेस इन अमरीका' एक गहन अध्ययन है, जो आवास संकट को उजागर करती है। यह किताब उन परिवारों की वास्तविक कहानियों को सामने लाती है, जो काम करने के बावजूद स्थाई आवास प्राप्त करने में असमर्थ हैं। इसमें कम आय वाले पांच परिवारों के संघर्ष के बारे में बताया गया। इसमें बताया गया कि कैसे किराए की बढ़ती दरें, निम्न वेतन और आवास सुरक्षा की कमी लोगों को बेघर होने के कगार पर लेकर आती है। अमरीका में आवास को मानवीय अधिकार के रूप में नहीं, वस्तु के रूप में देखा जाता है। यह किताब सोचने पर मजबूर करती है कि क्या हम वास्तव में सभी के लिए समान अवसर प्रदान कर रहे हैं? यह केवल एक सामाजिक मुद्दे का अध्ययन नहीं करती, बल्कि यह सरकार की नीतियों और उनके दीर्घकालिक प्रभावों पर भी विचार करने के लिए प्रेरित करती है। गोल्डस्टोन ने पूंजीवादी व्यवस्था में कामकाजी लोग के संघर्ष को अपने शब्दों में समझाया है।

## आपकी बात

### श्वानों का टीकाकरण जरूरी

**श्वानों** द्वारा काटने की बढ़ती घटनाएं चिंता का विषय हैं। बच्चों के साथ ऐसी घटनाएं ज्यादा हो रही हैं। श्वानों का टीकाकरण और जन्म नियंत्रण कार्यक्रम जरूरी हैं। साथ ही, भोजन-पानी की व्यवस्था से उनकी आक्रामकता कम हो सकती है। समुदाय स्तर पर जागरूकता अभियान, श्वानों का पंजीकरण व हमलों की रिपोर्टिंग हो।

- **गिरधर विजयवर्गीय**, जयपुर

### शेल्टर होम बनाए जाएं

**श्वान** हमारी जैव विविधता का ही हिस्सा हैं। पर्यावरण में इनकी भी भागीदारी है। हर शहर में उनके लिए शेल्टर होम होने चाहिए, जहां पर उनकी उचित देखभाल की व्यवस्था हो। उनके लिए भोजन-पानी और टीकाकरण की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। बीमार श्वानों का पता लगाकर उनके इलाज की व्यवस्था भी की जानी चाहिए। इस तरह श्वानों के काटने की घटनाओं को कम किया जा सकता है।

- **खुशबू सांड्या**, शहडोल

**मोटिवेशन स्पार्क्स** कठिन समय को अपनी बेहतरी के लिए एक अवसर के रूप में लेना चाहिए

# जीवन में हताश न हों, हर चुनौती से हम और मजबूत बनते हैं...

*भारतीय मूल के कनाडाई मोटिवेशनल स्पीकर व ऑथर **रॉबिन शर्मा** कहते हैं कि कठिन समय से उबरने के लिए सही दृष्टिकोण और आंतरिक शुद्धिकरण को अपनाने की आवश्यकता होती है। कठिन समय केवल एक बाधा नहीं, बल्कि यह हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है, जो हमें अपनी असली शक्ति और क्षमता को पहचानने का अवसर देता है।*

जब हम जीवन की कठिनाइयों से गुजरते हैं, तो हमें अपने दृष्टिकोण को बदलने की आवश्यकता होती है, क्योंकि किसी भी मुश्किल परिस्थिति में एक सकारात्मक सोच हमें आगे बढ़ने का रास्ता दिखा सकती है। यह हमें जीवन की असली सच्चाइयों को समझने में मदद करता है और अहसास दिलाता है कि हमारी समस्याएं उतनी बड़ी नहीं हैं जितना हम उन्हें समझते हैं। मेरा मानना है कि कठिन समय को अपनी बेहतरी के लिए एक अवसर के रूप में लेना चाहिए। इस समय यह सोचना चाहिए कि कैसे अपनी बेहतरी की ओर बढ़ा जा सकता है?

*कठिन समय हमें शुद्धिकरण का एक अवसर देता है। यह हमें अपने भीतर की नकारात्मकताओं को जलाने और असली प्रतिभा को सामने लाने का मौका देता है। जब कठिन समय से गुजरते हैं, तो इसे अवसर के रूप में देखना चाहिए।*



जब हम कठिनाइयों का सामना करते हैं, तो यह समय हमारी आंतरिक शक्तियों को बाहर लाने का होता है। यह हमें अहंकार से परे जाकर अपने असली उद्देश्य की पहचान करने का मौका देता है। सफल लोग अक्सर अपनी कठिनाइयों से ही सीखते हैं। अपने दर्द और मुश्किलों को महसूस करने का साहस होना चाहिए। यदि हम अपनी दुखद भावनाओं का सामना नहीं करते, तो वे हमारे भीतर एक अवचेतन चोट के रूप में छिप जाती हैं और हमारे विकास में रुकावट डालती हैं।

हमें उन भावनाओं को महसूस करके उन्हें बाहर निकालने की जरूरत है ताकि हम सचमुच उबर सकें। जब हम अपनी भावनाओं को स्वीकार करते हैं और उन्हें छोड़ते हैं, तो हम शांति और संतुलन को फिर से पा सकते हैं। जीवन में सुख और दुख दोनों अनिवार्य हैं, और दोनों ही हमें कुछ न कुछ सिखाते हैं। सुख में हम आभार और खुशी का अनुभव करते हैं, जबकि दुख में हम अपनी ताकत और सहनशीलता को पहचानते हैं। जीवन के उतार-चढ़ाव हमें यह सिखाते हैं कि कभी न हारें, क्योंकि हर चुनौती से हम और मजबूत बनते हैं। सोने को शुद्ध करने के लिए उसे आग में डाला जाता है, वैसे ही जीवन में कठिन समय हमें शुद्धिकरण का एक अवसर देता है।

यह हमें अपने भीतर की नकारात्मकताओं को जलाने और अपनी असली प्रतिभा को सामने लाने का मौका देता है। जब हम कठिन समय से गुजरते हैं, तो हमें इसे एक अवसर के रूप में देखना चाहिए, क्योंकि यह हमें हमारी आत्मिक शक्ति को पहचानने का अवसर देता है। कठिन समय केवल जीवन की चुनौतियां नहीं हैं, बल्कि यह आत्मशुद्धिकरण का एक माध्यम है। हमें अपनी कठिनाइयों का सामना न केवल साहस के साथ करना चाहिए, बल्कि उन्हें समझने और उनसे सीखने का भी प्रयास करना चाहिए। यह हमारे जीवन के उद्देश्यों को पुनः प्राप्त करने में मदद करता है और हम अपने भीतर की असली ताकत को पहचान सकते हैं।

**(विभिन्न वक्तव्यों से लिए गए अंश)**

**patrika.com** पर पढ़ें

### पाठकों की अन्य प्रतिक्रियाएं

**पत्रिकायन** का सवाल था, 'श्वानों द्वारा काटने की बढ़ती घटनाओं को रोकने के लिए क्या उपाय हो सकते हैं?' ऑनलाइन भी देखें।
इसे स्कैन करें
https://shorturl.at/Xazct

**समसामयिक विषयों पर पाठकों के विचार आमंत्रित हैं। पाठकों के चुनिंदा विचार प्रकाशित किए जाएंगे।**

ईमेल करें
edit@epatrika.com

**स्वदेश दर्शन 2.0**

## भोरमदेव क्षेत्र के लिए 146 करोड़ की स्वीकृति

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**कवर्धा.** केंद्र सरकार ने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत भोरमदेव मंदिर परिसर सहित आसपास के ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण, संवर्धन और सुरक्षा के लिए 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इस राशि से भोरमदेव मंदिर सहित रामचुआ, मड़वा महल, छेरकी महल और सरोधा जैसे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक महत्व के स्थलों को विकसित करने के लिए उपयोग किया जाएगा। बता दें कि भोरमदेव मंदिर का पुनरुद्धार का कार्य पिछले काफी समय से किया जा रहा है।

## नीट एसएस कल से, 300 छात्र होंगे शामिल

**पत्रिका ब्यूरो@रायपुर** . नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन नीट सुपर स्पेशलिटी का आयोजन 29 व 30 मार्च को करेगा। इसमें प्रदेश के 300 से ज्यादा एमडी-एमएस डिग्रीधारी डॉक्टर शामिल होंगे। प्रवेश पत्र 25 मार्च को जारी कर दिया गया है। छात्र सेक्शन को तय समय के बाद ही बदल पाएंगे। डीकेएस में न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी व पीडियाट्रिक सर्जरी तथा नेहरू मेडिकल कॉलेज में आंको सर्जरी में एमसीएच की सीटें हैं। आंको सर्जरी को छोड़कर बाकी विभागों में पहले से सुपर स्पेशलिटी की पढ़ाई हो रही है। नीट एसएस में पास छात्र एडमिशन के लिए पात्र होंगे। मेडिकल एक्सपर्ट के अनुसार इस साल परीक्षा में तीन सेक्शन आएंगे।

## प्रदेश में श्रमिकों के लिए एक साल में खर्च होंगे 580 करोड़ रुपए

**रायपुर@पत्रिका.** श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की अध्यक्षता में छत्तीसगढ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के संचालक मण्डल की बैठक हुई। इसमें श्रमिकों के योजनाओं का लाभ वित्तीय वर्ष 2025-26 में सुचारू रूप से देने के लिए 580 करोड़ 11 लाख रुपए के बजट का अनुमोदन हुआ।

बैठक में श्रम मंत्री देवांगन ने कहा, श्रम विभाग की योजनाओं से अधिक से अधिक श्रमिकों को लाभान्वित किया जाए। श्रमिक कल्याण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा है कि श्रमिकों के बच्चे भी समाज के अन्य वर्गों के बच्चों की तरह उन्हें भी आगे बढ़ने का अवसर मिले। इस दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को ई-श्रम पोर्टल में अधिक से अधिक निर्माणी श्रमिक का पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

## हाईवे निर्माण से जुड़े लंबित प्रकरणों के निराकरण की मांग

**रायपुर@पत्रिका.** प्रदेश के विकास और सड़क अवसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गुरुवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की।

उन्होंने रायपुर समेत पूरे राज्य में सड़क निर्माण और मरम्मत से जुड़े कई महत्वपूर्ण लंबित प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की और इनके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई की मांग की।

**#PM's_publicmeeting:** सभा को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा, सभास्थल के लिए 55 एकड़ जमीन पर चल रही तैयारी, दो लाख लोगों के जुटने की सभावना

# मोदी की सभा से पहले हैलीपेड पर गोबर का लेप, मुख्यमंत्री ने लिया जायजा

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**बिलासपुर.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर मोहभट्ठा में 30 मार्च को किसान सम्मेलन व जनसभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान वे एनटीपीसी सीपत की नई यूनिट, बिलासपुर में कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट का शिलान्यास, अभनपुर से रायपुर रेल सेवा का शुभारंभ सहित ऊर्जा, सड़क, शिक्षा के क्षेत्र में कई परियोजनाओं की सौगात देंगे।

55 एकड़ भूमि पर सभा स्थल बनाया जा रहा है। पीएम काफिले में शामिल तीन हेलीकाप्टर की लैंडिंग के लिए सभा स्थल पर मुख्य मंच से थोड़ी दूरी पर ही हेलीपैंड बनाया जा रहा है। खास बात यह रहेगी कि हेलीपैंड पर मिट्टी की सतह के उपर गोबर का लेप किया जा रहा है। इसके लिए 20 टन गोबर लाया गया है।

**2500 पुलिसकर्मियों की ड्यूटी**

**सभा** के लिए प्रदेशभर से 2500 पुलिसकर्मियों की लगी ड्यूटी लगाई गई है। खाली जमीन पर 9 पार्किंग स्थल बनाए गए हैं। सभा स्थल तक पहुंचने के लिए सड़कों को बेहतर बनाने का काम तेजी से जारी है।


@ मोहभट्ठा, बिलासपुर

### 33 हजार करोड़ की सौगात देंगे प्रधानमंत्री

**मुख्यमंत्री** विष्णु देव साय ने कहा कि देश के सर्वाधिक लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का छत्तीसगढ़ आगमन हमारे लिए सौभाग्य की बात है। 30 मार्च को बिलासपुर में होने वाले इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियां जोरों पर हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री के आगमन के लिए हेलीपैड, मंच और बैठक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया है। इस दौरान प्रधानमंत्री 33 हजार करोड़ रुपये के विकास कार्यों की सौगात देंगे।



**#mahadevapp** छापेमारी के बाद देररात लौटी सीबीआई टीम

# इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस व दस्तावेज जब्त

## राजनांदगांव में अभिषेक माहेश्वरी के आवास की हुई तलाशी

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर .** सीबीआई की टीम महादेव सट्टा में छापेमारी और तलाशी के बाद इलेक्ट्रानिक डिवाइस और दस्तावेजों को जब्त करने के बाद देर रात को वापस रायपुर स्थित मुख्यालय लौटी। इसकी रिपोर्ट बनाकर जांच अधिकारी को सौंपी गई है। साथ ही जब्त किए गए सामानों का ब्योरा दिया गया है। इसमें मोबाइल, पेन ड्राइव, लैपटॉप, कम्प्यूटर का बैकअप, चल-अचल संपत्तियों, सहित अन्य दस्तावेज शामिल हैं। उक्त सभी इलेक्ट्रानिक डिवाइस को डिकोडिंग करने के बाद पूछताछ का सिलसिला शुरू होगा। बताया जाता है कि छापे की जद में आने वाले अफसरों के संपत्तियों को खंगालने के लिए उनके गृहग्राम में तलाशी लेकर जानकारी जुटाने के तैयारी चल रही है। इसका ब्योरा मिलने के बाद सभी से पूछताछ का सिलसिला शुरू होगा। बता दें कि सीबीआई ने 26 मार्च को महादेव सट्टा ऐप की जांच करने के लिए छत्तीसगढ़ में रायपुर और भिलाई, मध्यप्रदेश में भोपाल,पश्चिम बंगाल स्थित कोलकाता और दिल्ली स्थित 60 ठिकानों पर छापे मारे। यह कार्रवाई छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल, भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव, पूर्व सीएम के सलाहकार विनोद वर्मा, आईपीएस आनंद छाबड़ा, आरिफ शेख, डीआईजी प्रशांत अग्रवाल, अभिषेक पल्लव, राज्य पुलिस के अधिकारी संजय ध्रुव, अभिषेक माहेश्वरी, पूर्व सीएम के ओएसडी मनीष बंछोर, आशीष वर्मा, जेल भेजे गए सेवानिवृत्त आईएएस अनिल टूटेजा, सौम्या चौरसिया, आरक्षक नकुल और सहदेव के साथ ही कुछ अन्य लोगों के रायपुर और भिलाई स्थित 14 ठिकाने शामिल हैं।

**तलाशी में मिले इनपुट होंगे शेयर :** सीबीआई ने महादेव सट्टा में भोपाल, कोलकाता और दिल्ली में छापेमारी के दौरान मिले इनपुट की संबंधित राज्यों की टीम से जानकारी ले रही है। इसका ब्योरा मिलने के बाद देशभर में फैले ऑनलाइन सट्टे के कारोबार से जुड़े लोगों को कनेक्शनों की जांच होगी। बताया जाता है कि इस खेल से अर्जित ब्लैकमॅनी को व्हाइट करने के लिए शेयर बाजार और अन्य स्थानों में निवेश करने की जानकारी मिली है। उक्त सभी की सिलसिलेवार जांच करने के बाद संदेह के दायरे में आने वालों को तलब किया जाएगा।


@राजनांदगांव

### इनपुट के संबंध में की गई पूछताछ

**सीबीआई** ने राज्य पुलिस के अफसर अभिषेक माहेश्वरी के राजनांदगांव के रिद्धि-सिद्धी कालोनी स्थित आवास की गुरूवार को तलाशी ली। अभिषेक माहेश्वरी की उपस्थिति में सील किए गए घर को खोला गया। इस दौरान तलाशी में मिले दस्तावेजों और कुछ इलेक्ट्रानिक डिवाइस को जब्त किया गया है। बताया जाता है कि महादेव सटटा में अब तक की गई कार्रवाई और जांच के दौरान मिले इनपुट के संबंध में पूछताछ की गई।

### इस तरह से पहुंच रही थी रकम

**महादेव** सट्टा से अर्जित रकम विभिन्न चैनलों के माध्यम से पहुंचती थी। जेल भेजी गई राज्य सेवा की निलंबित अधिकारी सौम्या चौरसिया को मनीष उपाध्याय, पूर्व सीएम के तत्कालीन ओएसडी डॉ. सूरज कुमार कश्यप को प्रशांत त्रिपाठी, राहुल, रोहित उप्पल, एसपी प्रशांत अग्रवाल को एस साहू, एसपी अभिषेक पल्लव, एएसपी संजय ध्रुव एवं कारोबारी विजय भाटिया को आरक्षक भीम यादव, एएसपी अभिषेक माहेश्वरी को आरक्षक संदीप दीक्षित, ईओडब्ल्यू चीफ आरिफ शेख, आईजी आनंद छाबड़ा को अभिषेक माहेश्वरी के जरिए रकम पहुंचाने की जानकारी मिली है।

## महादेव सट्टा व संचालकों को मोदी-शाह का संरक्षण: भूपेश

*__महादेव__ सट्टा ऐप को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र और राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। प्रधानमंत्री को पत्र लिखने के बाद भी अवैध ऑनलाइन बेटिंग और सट्टा कारोबार पर प्रतिबंध नहीं लगाया है। महादेव सट्टा ऐप के संचालक स्वतंत्र घूम रहे हैं, तो उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमित शाह का संरक्षण प्राप्त है। भूपेश ने यह भी आरोप लगाया कि ईडी ने छत्तीसगढ़ के अख़बारों में झूठी ख़बर छपवाई कि सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को गिरफ्तार कर लिया गया है। सच यह है कि कुछ ही दिनों बाद ये दोनों दुबई में पंडित प्रदीप मिश्रा के जजमान बने प्रवचन सुनते पाए गए। अगर सरकार चाहे तो प्रदीप मिश्रा से मदद ले लेती। कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकारवार्ता के दौरान पूर्व सीएम भूपेश ने कहा, सीबीआई की छापेमारी को उल्टा चोर कोतवाल को डांटे की कहावत के रूप में देखा जा सकता है।*


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते भूपेश बघेल।

### सीएम बोले- दोषी बख्शे नहीं जाएंगे

**बेंगलूरु** से वापस लौटने के बाद सीएम विष्णु देव साय ने कहा, भूपेश बघेल के पास दूसरा बोलने के लिए कोई रास्ता नहीं है। सीबीआई के द्वारा महादेव सट्टा ऐप पर यह जांच हो रही है। सबको मालूम है किस तरह से हमारे युवाओं को सट्टे की लत लगा दी गई थी। इसमें चाहे कोई भी दोषी हो बख्शे नहीं जाएंगे। इसमें भाजपा और कांग्रेस के करीबी होने का सवाल नहीं है। जो भी प्रकरण से जुड़ा होगा, सब पर कार्रवाई होगी।

**मौसम:** रायपुर में 40 डिग्री के पार तापमान

## राजनांदगांव सबसे गर्म, पारा 41 डिग्री, आज लू के आसार

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**रायपुर .** प्रदेश में गर्मी फिर से सिर चढ़कर बोलने लगी है। गुरुवार को राजनांदगांव में भीषण गर्मी रही और पारा 41 डिग्री पर पहुंच गया। रायपुर दूसरे नंबर पर सबसे ज्यादा गर्म रहा। यहां 24 घंटे में ही अधिकतम तापमान 2.2 बढ़कर 40.6 डिग्री पर पहुंच गया। बिलासपुर भी खूब तपा और पारा 40.3 डिग्री पर पहुंच गया। अगले दो दिन में मध्य व दक्षिण छत्तीसगढ़ में अधिकतम तापमान 1 से 2 डिग्री तक बढ़ सकता है।

इस ट्रेंड से राजनांदगांव, रायपुर व बिलासपुर में शुक्रवार को लू के हालात बन सकते हैं। प्रदेश में पश्चिमी हवा से गर्मी बढ़ रही है। पश्चिम हवा आने से पूरे प्रदेश का मौसम भी शुष्क हो गया है। इस कारण ज्यादातर इलाकों में अधिकतम तापमान सामान्य से 2 से 3.3 डिग्री तक बढ़ गया है। वहीं रायपुर व जगदलपुर को छोड़कर न्यूनतम तापमान अभी भी सामान्य से डेढ़ डिग्री तक कम है।


@बिलासपुर

### प्रमुख स्थानों का तापमान इस तरह

| स्थान | अधिक. | न्यून. |
|---|---|---|
| रायपुर | 40.6 | 23.2 |
| माना | 39.5 | 21.2 |
| बिलासपुर | 40.3 | 20.2 |
| पेंड्रारोड | 38.4 | 18.6 |
| अंबिकापुर | 37.2 | 15.4 |
| जगदलपुर | 38.4 | 22.2 |
| दुर्ग | 39.3 | 21.2 |
| राजनांदगांव | 41.0 | 21.0 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

### एडवाइजरी जारी

**मौसम** विभाग के अनुसार शुक्रवार व शनिवार को तापमान बढ़ेगा। इससे लू चल सकती है। डॉक्टरों के अनुसार सामान्यजन दोपहर में घर से न निकलें तो बेहतर रहेगा। अगर जरूरी काम हो तो सिर पर गमछा ढंककर ही निकलें। पानी कम से कम 7 से 8 लीटर पीएं। ताकि शरीर में पानी की पर्याप्त मात्रा बनी रहे।

## राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों ने पट्टे की मांग पूरी नहीं होने पर जताया विरोध



**बिश्रामपुर @ पत्रिका.** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पण्डो जनजाति के लोगों द्वारा वर्षों बाद भी पट्टा नहीं मिलने पर गुरुवार को राज्यपाल के आगमन पर सड़क किनारे खड़े होकर अपना विरोध दर्ज कराया है। आनन-फानन में सुरजपुर तहसीलदार ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों का ज्ञापन लेकर विरोध समाप्त कराया। 27 मार्च को राज्यपाल रमन डेका सूरजपुर जिले के प्रवास पर थे। राज्यपाल के आने की सूचना पर ग्राम पंचायत पण्डोनगर के पण्डो जनजाति के लोगों ने एनएच पर सड़क किनारे तख्ती लेकर खड़े होकर वर्षों पुरानी पट्टे की मांग को लेकर अपना विरोध दर्ज कराया गया। पण्डो जनजाति के लोगों का कहना है कि वर्ष 1952-53 में प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद द्वारा पण्डो समाज के लोगों को अपना दत्तक पुत्र बना ग्राम पंचायत पण्डोनगर में आरक्षित वन भूमि पर विस्थापित कराया गया था। इसके बाद वर्ष 1982-83 में सिर्फ मकान व बाड़ी का भू अधिकार पट्टा लोगों को यहां दिया गया लेकिन शेष भूमि का भू अधिकार पट्टा आज तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। इसी बीच ग्राम पंचायत पण्डोनगर में अब भारत पेट्रोलियम को लीज पर भूमि दिए जाने की बात कही जा रही है जिसका भी पण्डो जनजाति के लोगों ने विरोध दर्ज कराया। पण्डो जनजाति के लोगों द्वारा राज्यपाल के प्रवास पर विरोध दर्ज कराए जाने की सूचना मिलते ही तहसीलदार समीर शर्मा मौके पर पहुंच राज्यपाल के नाम लाए गए ज्ञापन को खुद लिया। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, पण्डोनगर सरपंच बसंती, दशरथ पण्डो, शंकर, करीमन, बबलू, पुना राम पण्डो, रामकुमार, ह्रदय, हिम्मत राम, सुखनाथ पण्डो, ठाकुर पण्डो, शिवराज पण्डो व अन्य लोग उपस्थित थे।

**शर्मनाक:** अजाक थाने में है तैनात

## विवाह का झांसा देकर विधवा से डीएसपी ने किया दुष्कर्म

पत्रिका ब्यूरो
patrika.com

**दुर्ग.** अजाक डीएसपी विनोद कुमार मिंज के खिलाफ बलात्कार का मामला दर्ज किया गया है। उसके खिलाफ एक विधवा महिला ने शादी का झांसा देकर बलात्कर करने की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296, 351(3), 69 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। संबंधित थाना पुलिस ने बताया कि 32 साल की महिला की शिकायत के अनुसार वह जुलाई 2024 में ट्रेन से बिहार जा रही थी। तब अंबिकापुर जा रहे विनोद कुमार मिंज से उसकी मुलाकात हुई। दोनों में पहचान हुई। विनोद ने उसके बारे में जानकारी ली। उसे जब मालूम हुआ कि वह विधवा है, तब उसने बातचीत का सिलसिला बढ़ाया और शादी करने का झांसा दिया। महिला उसके झांसे में आ गई। विनोद ने उसे दुर्ग स्थित ट्रांजिट मेस में बुलाया। जहां उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद लगातार उसके साथ संबंध बनाता रहा। अब शादी से इनकार कर रहा है। पुलिस आरोपी डीएसपी विनोद कुमार मिंज की तलाश कर रही है।


आरोपी डीएसपी विनोद कुमार।

## जलाशय में पानी कम तो मछली पकड़ने उतरा हुजूम



**जगदलपुर .** गर्मी के आते ही अंचल के जलाशयों में जल स्तर घटता जा रहा है। जलस्तर कम होते ही ग्रामीण नदी- तालाब में मत्स्याखेट करने उतर पड़े हैं। ऐसे ही एक जलाशय में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण अपने जाल लेकर मछली पकड़ने की जुगत में लगे हुए हैं।

**#Naxalites in trouble** अबूझमाड़ के जिन गांवों में बड़े ट्रेनिंग कैंप थे, वहां अब फोर्स काबिज

# लाल लड़ाकों को ट्रेंड करने सुरक्षित जमीन पड़ रही कम

पत्रिका इनसाइड स्टोरी

आकाश मिश्रा
patrika.com

**जगदलपुर .** बस्तर में नक्सलियों पर लगातार प्रहार हो रहा है। इस बीच या तो वे एनकाउंटर में मारे जा रहे हैं या सरेंडर कर रहे हैं। नक्सल संगठन में 130 नए लड़ाकों की भर्ती की खबर आने के बाद इस बात पर भी चर्चा हो रही है कि आखिर अब वे लड़ाकों को ट्रेंड कर कहां रहे हैं। बस्तर में नक्सलियों के अब तक ऑपरेट होते रहे बड़े ट्रेनिंग बेस ध्वस्त हो चुके हैं। बस्तर में फोर्स लगातार जंगलों में कैंप स्थापित कर रही है। नक्सलियों के प्रभाव क्षेत्र में फोर्स के कैंप की संख्या बढ़ती ही जा रही है। अबूझमाड़ के जिन गांवों को नक्सलियों के लिए सबसे सुरक्षित माना जाता था वहां पर अब फोर्स के चार नए कैंप स्थापित हुए हैं। नक्सली इन्हीं गांवों में अपने लड़ाके तैयार करते थे लेकिन वहां फोर्स की दखल बढने की वजह से ट्रेनिंग देने के लिए सुरक्षित जगह तलाश रहे हैं।

**अबूझमाड़ : 4 गांव थे नक्सलियों के ट्रेनिंग बेस :** अबूझमाड़ के कुतुल, बेड़माकोटी, कोडलियार, पदमकोट में फोर्स के कैंप स्थापित होने के बाद से यहां नक्सलियों का प्रभाव बेहद कम हो चुका है। अब वे यहां पहले की तरह गतिविधियां नहीं कर पा रहे हैं। पहले इन्हीं 4 गांवों में नक्सलियों की बड़ी बैठकें, ट्रेनिंग व अन्य आयोजन होते थे। नक्सलियों के बड़े लीडर भी इन गांवों में शरण लिया करते थे जो अब इनसे दूर जा चुके हैं। इसके अलावा अबूझमाड़ के रेकावाया पीडियाकोट,जटवर, तोके में भले ही कैंप स्थापित नहीं हुए हैं लेकिन इनसे लगे गांवों में कैंप स्थापित होने के बाद नक्सली अब सुरक्षित नहीं हैं। इस बात का जिक्र नक्सल लीडर सुधीर के पत्र में भी हुआ है।

**जहां नक्सलियों की सबसे खूंखार बटालियन तैयार होती थी वहां भी घेराबंदी :** बीजापुर जिले के नेशनल पार्क इलाके में तर्रेम से पामेड़ के बीच का इलाका नक्सलियों की सबसे खूंखार बटालियन नंबर 1 का इलाका हुआ करता था। इस इलाके में दुर्दांत नक्सली हिड़मा और देवा बारसे कभी पूरी बटालियन को ऑपरेट करते थे। बटालियन के नए लड़ाके भी यहीं तैयार हुआ करते थे। तर्रेम से पामेड़ के बीच अब छह नए कैंप स्थापित होने के बाद बटालियन का प्रभाव कमजोर हुआ है। बटालियन नंबर 1 के इलाके में आने वाले पीडिया, कोंडापल्ली, जिड़पल्ली 1, जिड़पल्ली 2, वाटेवागू, कोडगुंडम में कभी नक्सली स्वच्छंद होकर ट्रेनिंग कैंप चलाते थे।

**14 महीने में 38 कैंपों ने नक्सलियों की जमीन छीनी :** प्रदेश में नई सरकार के आने के बाद पिछले 14 महीने में बस्तर संभाग के अलग-अलग जिलों में 38 कैंप स्थापित किए गए हैं। सबसे ज्यादा कैंप बीजापुर और नारायणपुर के अबूझमाड़ में स्थापित हुए हैं। सभी 38 कैंप उन इलाकों में स्थापित किए गए हैं जहां कभी सिर्फ नक्सलियों की चला करती थी। इन इलाकों में नक्सली अपनी अघोषित सरकार चलाते थे। फोर्स के कैंप स्थापित होने के बाद नक्सलियों से उनकी जमीन छीनी गई है।


*बस्तर के गांव में गश्त करते सुरक्षाबल के जवान।*

### तीन गांवों से निकाले 130 लड़ाके

**नक्सलियों** की माड़ डिवीजन ने अबूझमाड़ में इंद्रावती के पार नेलनार समेत तीन गांवों से 130 लड़ाके संगठन में भर्ती किए हैं। इनकी उम्र 9 साल से 25 साल तक है। इंटेल के सूत्र बताते हैं कि इन्हें जबरन संगठन में भर्ती किया गया है। नक्सलियों ने बकायदा ग्राम सभा करवाकर फरमान जारी किया कि संगठन को लड़ाकों की जरूरत है और हर घर से एक-एक बच्चे और युवा को संगठन में काम करने के लिए भेजा गया।

### सिमटता जा है नक्सल संगठन

नक्सल संगठन अब बस्तर में पूरी तरह से बिखरता और सिमटता जा रहा है। अलग-अलग मुठभेड़ के बाद नक्सलियों के पास से मिल रहे पत्र व अन्य दस्तावेजों से भी यह स्पष्ट हो रहा है कि अब नक्सलियों का मनोबल काफी कमजोर हो चुका है। नक्सली अब किसी भी इलाके में ट्रेनिंग कैंप स्थापित कर नए लड़ाके तैयार करने की स्थिति में नहीं हैं।
**-सुंदरराज पी.,** आईजी बस्तर रेंज

**पर्यटन स्थलों पर दुकानों में महिलाओं से की मुलाकात**

# राज्यपाल डेका पहुंचे मैनपाट, उल्टा पानी देखा और मेहता प्वाइंट में सनसेट का लिया आनंद

**अम्बिकापुर.** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका अपने दो दिवसीय प्रवास पर गुरुवार को सरगुजा के मैनपाट पहुंचे। यहां संभागायुक्त नरेन्द्र दुग्गा, आईजी अंकित गर्ग, कलेक्टर विलास भोसकर व एसपी योगेश पटेल ने उनका स्वागत किया। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्हो, एसडीएम फागेश सिन्हा, नीरज कौशिक सहित पुलिस विभाग एवं प्रशासन के आला अधिकारी मौजूद रहे।

राज्यपाल रमेन डेका ने पर्यटन स्थल उल्टा पानी पर्यटन स्थल का दौरा किया और वहां के प्राकृतिक नजारे का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान राज्यपाल डेका ने पर्यटन स्थल पर स्थित दुकानों में महिलाओं से मुलाकात की और शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भरता और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



इसके पश्चात उन्होंने मेहता प्वाइंट का दौरा किया, यहां उन्होंने सनसेट (सूर्यास्त) का आनंद लिया। राज्यपाल ने पर्यटन स्थल के सौंदर्यीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर भी चर्चा की जिससे पर्यटकों को और अधिक आकर्षित किया जा सके। गौरतलब है कि राज्यपाल 28 मार्च को तिब्बती मॉनेस्ट्री का भ्रमण करेंगे और अम्बिकापुर स्थित सैनिक स्कूल के छात्रों से संवाद करेंगे। इसके अलावा राज्यपाल डेका एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण करेंगे। अपने प्रवास के दौरान राज्यपाल रमेन डेका केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे और योजनाओं की कार्य प्रगति की जानकारी लेंगे।

जनहित याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई आज

## सरपंच ने कटवा दिए थे 80 से ज्यादा पेड़, कलेक्टर ने नहीं की कार्रवाई

**इंदौर.** रतलाम जिले के जावरा तहसील के गांव लालाखेड़ा में काटे गए 80 से ज्यादा पेड़ों के मामले में शुक्रवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होगी। पेड़ कटाई के मामले में रतलाम कलेक्टर के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के चलते एक जनहित याचिका हाईकोर्ट में लगाई गई है, जिसके तहत सुनवाई होगी। याचिका दायर करने वाले मांगीलाल बागरी के वकील अनिल ओझा ने बताया कि 2023 में सरपंच बद्रीलाल ने 80 से ज्यादा पेड़ों को कटवा दिया था। जिसकी शिकायत के बाद तहसीलदार ने मौका मुआयना कर रिपोर्ट दी थी, जिसमें सरकारी जमीन पर उगे बड़े पेड़ों की कटाई और जमीन पर कब्जे की बात कही। साथ ही इसके लिए सरपंच को जिम्मेदार बताते हुए उस पर कार्रवाई की अनुशंसा एसडीएम जावरा को की थी। लेकिन इसके बाद में भी यहां कोई कार्रवाई नहीं हुई। कलेक्टर को भी तहसीलदार के पत्र की जानकारी देते हुए कार्रवाई के लिए कहा गया, लेकिन उन्होंने भी कोई कार्रवाई नहीं की।

मऊगंज घटना में आर्थिक सहायता

## शहीद एएसआइ के परिजन को 1 करोड़ का चेक

**भोपाल@पत्रिका.** मऊगंज घटना में शहीद हुए पुलिस के सहायक उप निरीक्षक रामचरण गौतम के परिजनों से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मुलाकात की। उनके साथ डीजीपी कैलाश मकवाना भी थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने शहीद की पत्नी व उनके परिजनों को व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा अनुदान के तहत 1 करोड़ रुपए की राशि का चेक सौंपा।



जावद तहसील कोर्ट ने जारी किए आदेश

## मजदूरों को नहीं दिया वेतन, सीसीआइ की फैक्ट्री दो अप्रेल को होगी कुर्क

**नीमच@पत्रिका.** जावद की सीमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआइ) फैक्ट्री की संपत्ति दो अप्रेल को कुर्क होगी। तहसील कोर्ट ने प्रबंधन को इसके आदेश जारी किए हैं। 22 मार्च को तहसीलदार 55 मजदूरों के बकाया वेतन की वसूली के लिए नयागांव की फैक्ट्री पहुंचे थे। लेकिन कोई जिम्मेदार नहीं मिला। इसके बाद कोर्ट ने सीसीआइ के महाप्रबंधक एके सुधांशु को दो अप्रेल को सुबह 11 बजे उपस्थित रहने के निर्देश दिए। कोर्ट ने चेतावनी भी दी है, जिम्मेदार अधिकारी की मौजूदगी नहीं रही तो एकपक्षीय कार्रवाई की जाएगी। कोर्ट ने फैक्ट्री की संपत्तियों की नीलामी पर रोक लगा दी है। दरअसल, फैक्ट्री के स्क्रैप को नीलाम करने की प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसके टेंडर निकाले गए थे। बिना मजदूरों को बकाया वेतन दिए प्रबंधन फैक्ट्री की बेशकीमती संपत्तियों को 44 करोड़ रुपए में बेचने का टेंडर किया था। विरोध के बाद भी संपत्ति ऑनलाइन बेची गई।

## न्यूज विंडो

### कंपनी के प्लांट में आग, पाइप जले

**मंदसौर.** नाहरगढ़ के गांव शकरखेड़ी मगरे पर सिंचाई परियोजना के अंतर्गत कार्य करने वाली वेंसर कंपनी का पाइप सहित अन्य सामान रखने के प्लांट में अज्ञात कारणों से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते बड़ा रुप ले लिया। कुछ ही देर में आग ने विकराल रुप लिया और लाखों रुपए के पाइप जलकर खाक हो गए। आग पर काबू पाने के लिए सीतामऊ, मंदसौर सहित अन्य जगहों की फायर फाइटर को बुलाया गया।

### ट्रैक्टर बेचने का झांसा देकर 1.80 लाख ठगे

**जबलपुर.** रांझी में शातिर ठग ने खुद को सेना का जवान बताकर ट्रैक्टर बेचने का विज्ञापन दिया। उसने एक युवक को एक लाख 80 हजार रुपए का चूना लगा दिया। रांझी पुलिस ने बताया, मढ़ई निवासी वीरेन्द्र कुमार (30) रिछाई में मजदूरी करता है। उसने सोशल मीडिया पर विज्ञापन देखे मोबाइल नंबर पर बात की। खुद को सेना का जवान बताया। जम्मू कश्मीर में तबादले के नाम पर ट्रैक्टर बेचना बताया। पैसे डालने के बाद उसने कई दिनों तक ट्रैक्टर नहीं भेजा।

### महिला आरोपी पर भी चलेगा मुकदमा

**जबलपुर.** मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के मामले में महिला को आरोपी के तौर पर शामिल किए जाने का महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल सिंगल बेंच ने निर्णय दिया। मामले में भोपाल के छोला मंदिर थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया था, पड़ोसी युवक ने शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाए, जिसमें उसकी मां और भाई की भी सहमति थी। बाद में आरोपी शादी से मुकर गया।

### कॉलेज में मारपीट, 12 छात्रों को नोटिस

**इंदौर.** एमजीएम मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को हुए सीनियर व जूनियर छात्रों के बीच हुई मारपीट पर डीन ने गुरुवार को 12 छात्रों को नोटिस दिए हैं। वहीं, कमेटी जांच कर रही है कि इस घटना का संबंध रैंगिंग से तो नहीं है। हालांकि रैंगिंग की शिकायत पर 8 छात्रों को क्लास से बाहर किया गया है। बताया जा रहा है, स्थानीय व अन्य शहरों के स्टूडेंट के दो गुटों के बीच खाना खाते समय मारपीट हुई थी।

पोर्टल बंद... प्रमोशनल फीस नहीं भर पाने से उसी क्लास में करनी होगी पढ़ाई

# 530 रुपए फीस के चक्कर में छात्राओं का एक साल बर्बाद

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**सागर.** शासकीय कॉलेजों में 530 रुपए एडमिशन फीस जमा करने में हुई चूक से छात्राओं का एक साल बर्बाद हो रहा है। शहर के गर्ल्स डिग्री कॉलेज में ही फीस न भरने के कारण करीब 200 छात्राओं को मुख्य परीक्षा में नहीं बैठने दिया जाएगा। यह स्थिति अकेले किसी एक कॉलेज की नहीं, बल्कि प्रदेश के 500 से ज्यादा सरकारी कॉलेजों की बताई जा रही है। पोर्टल भोपाल स्तर से बंद किया गया है, जिसे कॉलेज प्रबंधन के बार-बार पत्राचार के बाद भी नहीं खोला गया। अब प्रमोशन फीस नहीं भर सके विद्यार्थियों को फिर से उसी क्लास की पढ़ाई करनी होगी, जिसमें वे पिछले एक साल से हैं।

### परीक्षा के समय चला पता

बी-कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा अनुज्ञा तिवारी ने बताया कि साल भर वह पढ़ाई करती रही। प्रबंधन ने 2280 रुपए फीस भी जमा कराई। वहीं उसने इंटरनल एग्जाम और प्रोजेक्ट भी दिए, लेकिन जब फाइनल परीक्षा का समय आया, तो पता चला कि 530 रुपए प्रमोशन फीस नहीं भरी, इसलिए परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएगी।

### 200 छात्राओं को परीक्षा में नहीं बैठने दिया



### सीसीए दिलवाया, फीस भी भरवाई

**थर्ड ईयर** की छात्रा भावना सिंह ने बताया कि 530 रुपए के चक्कर में हमें एक ही क्लास की दो साल पढ़ाई करनी पड़ेगी। जब हमारा एडमिशन नहीं था, तो कॉलेज ने सीसीए कैसे दिलवा दिए, 2400 रुपए फीस क्यों जमा कर ली?

### प्रदेश के 5 हजार के करीब विद्यार्थी प्रभावित

उच्च शिक्षा विभाग से मिली जानकारी अनुसार विद्यार्थियों को एक क्लास से दूसरी क्लास में पहुंचने पर 530 रुपए एडमिशन फीस भरनी होती है। प्रदेश के करीब 571 शासकीय कॉलेज में से शायद ही कोई ऐसा कॉलेज होगा, जहां शत-प्रतिशत बच्चों ने एडमिशन फीस भरी होगी। बताया जा रहा है कि प्रदेश में करीब 5 हजार विद्यार्थी मुख्य परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे।

### पत्राचार किया

जुलाई से लेकर जनवरी तक एडमिशन फीस का पोर्टल खुला रहा है। इसके बाद यह पोर्टल भोपाल स्तर से बंद कर दिया गया। छात्राओं की परेशानियों को देखते हुए पत्राचार भी किया, लेकिन पोर्टल नहीं खुल सका। छात्राओं ने जो फीस जमा की है, उसे वापस कर दिया जाएगा।

**- डॉ. आनंद तिवारी,** प्राचार्य, गर्ल्स डिग्री कॉलेज

एनटीए का नया आदेश

## अब सरकारी कॉलेज और स्कूलों के सेंटर में ही होगी नीट परीक्षा

**इंदौर.** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने राष्ट्रीय योग्यता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) को लेकर नया आदेश जारी किया है। सरकारी कॉलेज व स्कूलों को ही अब सेंटर बनाया जाएगा। 4 मई को परीक्षा होना है, जिसमें इंदौर के 25 हजार से अधिक विद्यार्थी भाग लेंगे। इसके लिए जिला स्तर पर कमेटी का गठन हुआ है, जिसके संयोजक कलेक्टर हैं। इनकी मॉनिटरिंग में ही परीक्षा होगी। विवि, सरकारी कॉलेज व स्कूलों की सूची बनाई जा रही है ताकि बैठक संख्या का आंकलन लगाकर तैयारी की जा सके। मेडिकल कॉलेजों में यूजी स्नातक भर्ती के लिए नीट की परीक्षा होती है। पिछले साल तक सीबीएसई स्कूलों में कराई जाती थी, लेकिन बिहार व झारखंड में पेपर लीक होने की घटना से परीक्षा पर सवाल खड़े हो गए थे। इसको देखते हुए एनटीए की उच्चस्तरीय कमेटी ने सुरक्षा, अखंडता और समावेशिता को देखते हुए फैसला किया है कि अब केवल सरकारी संस्थान में ही परीक्षा होगी।

बालाघाट

## 11 राइस मिल की जांच, 1151 क्विंटल चावल कम मिला

**बालाघाट@पत्रिका.** ईओडब्ल्यू की जांच में करोड़ों रुपए के धान घोटाले का मामला सामने आया है। राइस मिलों में भी अनियमितताएं पाई गई हैं। जांच में अन्य राज्यों के चावल स्थानीय राइस मिलों में मिले हैं, जबकि बालाघाट का चावल सिवनी की राइस मिल में पाया गया। इससे गड़बड़ियों के और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। मामले को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर मृणाल मीना ने जांच के आदेश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम और वेयरहाउस की संयुक्त टीम ने जिले की राइस मिलों की जांच शुरू कर दी है। दो दिनों में 11 राइस मिलों की जांच की गई, जिसमें 1151 क्विंटल चावल कम पाया गया। इसके अलावा, विभिन्न अनियमितताएं भी सामने आई हैं।

## महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय को नैक की ए ग्रेड

**उज्जैन@पत्रिका.** महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विवि ने इतिहास रच दिया है। राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) ने विवि को 7 अंक के पैमाने पर 3.08 के सीजीपीए के साथ ए ग्रेड प्रदान की है। यह ग्रेडिंग 27 मार्च से अगले 5 वर्षों के लिए मान्य होगी। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के बाद राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उच्च शिक्षा मंत्री इंदरसिंह परमार ने विवि परिवार को बधाई दी। इस सफलता के जश्न में विवि सजाया गया।

पत्रिका आईना
विजय चौधरी

## ये खामोशी किसके लिए?

एक विशाल भवन, सैकड़ों कुर्सियां, गूंजने के लिए तैयार माइक, अनुशासन की घंटियां, नियमों की मोटी किताबें, संदर्भों से भरी लाइब्रेरी-सबकुछ मौजूद था। पर जो सबसे जरूरी वही नदारद, 'विधायकों की आवाज!' मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र खत्म हो गया, पर यह जाते-जाते अजीब सी खामोशी छोड़ गया। 31 विधायक पूरे सत्र में एक भी सवाल नहीं पूछ सके और 15 तो इतने 'संत' निकले कि किसी बहस में हिस्सा लेने की भी जरूरत नहीं समझी। ये मौन आखिर क्यों? इनका काम जनता की आवाज उठाना है या सिर झुकाकर सत्ता के इशारों पर तालियां बजाना?

दिलचस्प यह है कि जब 'पत्रिका' ने सवाल न पूछने की वजह जाननी चाही तो जवाब और भी चौंकाने वाला था, 'सरकार अपनी ही है, काम वैसे ही हो जाता है, सवाल पूछने की जरूरत ही नहीं!' वाह! यानी जो विधायक सवाल पूछ रहे हैं, वे फिजूल मेहनत कर रहे हैं? लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की भूमिका सिर्फ हाजिरी लगाने और सत्ता के कदमों में कदम मिलाने तक ही रह गई है? क्या अब उन्हें सवाल पूछने की ट्रेनिंग दी जानी चाहिए?

एक विडंबना यह भी है, जो विधायक सवाल पूछ भी रहे हैं, वे किस विषय पर? सड़क, नाली, पुलिया, बिजली के खंभे, तालाब निर्माण जैसी 510 याचिकाएं डाली गईं। क्या विधानसभा अब नगर निगम या ग्राम पंचायत का एक्सटेंशन बन गई है? क्या विधायक खुद को पार्षद और सरपंच समझने लगे हैं? विधानसभा का असली उद्देश्य नीति-निर्माण और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करना है, न कि गलियों, नालियों और बिजली के खंभों की व्यवस्था संभालना। अगर कुछ विधायकों को छोटे-मोटे विकास कार्यों की इतनी ही चिंता है, तो बेहतर होगा कि वे अपनी ऊर्जा स्थानीय निकाय चुनावों में लगाएं-पार्षद या सरपंच बनकर जमीनी स्तर पर बदलाव लाएं। विधायक का पद महज समस्याओं की फेहरिस्त गिनाने के लिए नहीं, प्रदेश की दिशा और दशा तय करने के लिए होता है। अगर वे खुद को इस जिम्मेदारी के योग्य नहीं मानते, तो फिर इस बोझ को ढोने का दिखावा क्यों?

राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना चाहिए कि वे किस तरह के जनप्रतिनिधि तैयार कर रहे हैं। हर सत्र से पहले दलों की बैठक होती है, पर वहां भी वही परिपाटी चल रही है, 'नेता बोलते हैं, बाकी सिर हिलाते हैं।' जो बोलता है, उसे अनुशासनहीन समझ लिया जाता है और धीरे-धीरे 'बोलने' की परंपरा ही खत्म होती जा रही है। यही चलता रहा तो अगली पीढ़ी के नेता प्रश्न पूछने के लोकतांत्रिक अधिकार को ही भूल जाएंगे।

अब जनता को सवाल करना चाहिए–अगर सदन में बहस नहीं कर सकते, सरकार से जवाब नहीं मांग सकते, तो फिर वहां बैठे क्यों हैं? क्या विधायक बनना सिर्फ सरकारी सुविधाएं भोगने का लाइसेंस बनकर रह गया है? अगर ऐसा ही है, तो जनता को भी अगले चुनाव में इसी खामोशी से जवाब देना चाहिए!

veejay.chaudhary@epatrika.com




**श्योपुर@पत्रिका.** पेड़ के पीछे शावक की लुकाछिपी की ये तस्वीर कूनो नेशनल पार्क की हैं। भारत की धरती पर जन्मे शावक की यह तस्वीर केन्द्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर पोस्ट की। कूनो में नामीबिया और दक्षिण अफ्रिका से चीते लाए गए हैं। मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावकों को खुले जंगल में छोड़ा गया है। जहां मां अपने बच्चों को शिकार के गुर सिखा रही है तो वहीं दामिनी का शावक भी इनके साथ धमाचौकड़ी मचा रहा है।

सीवरेज लाइन चोक होने पर कर रहे थे खुदाई

## दीवार गिरने से दबे तीन मजदूर, एक की मौत

**बुरहानपुर@पत्रिका.** नागझिरी वार्ड के पीपल घाट रोड पर एक मकान की 9 इंची आरसीसी दीवार भरभराकर गिरने से पास में काम कर रहे तीन मजदूर दब गए। दो को समय रहते निकाल लिया, लेकिन तीसरा मजदूर देर तक दबा रहा। आसपास के लोग दौड़े भी, लेकिन आरसीसी का मलबा भारी होने से निकालना आसान नहीं था। देर होने से एक मजदूर ने दम तोड़ दिया। घटना में वसीम पिता रहीम खान(19) निवासी लोहार मंडी की मौत हो गई, जबकि दो मजदूर एजाज शाह और आसिफ घायल हुए। हादसे की सूचना पर प्रशासनिक अफसर, पुलिस, निगम अमला मौके पर पहुंचा। संदेह था कि और कोई अंदर दबा हो सकता हैं तो रेक्स्यू कर मलबे को हटाया गया।



### ऐसा है पूरा मामला

घटना गुरुवार दोपहर 12 बजे की है। एजाज हुसैन के मकान की सीवेज लाइन चोक होने से तीन मजदूर गली में जमीन की खुदाई कर नए पाइप डाल रहे थे। अचानक पड़ोसी आजम एवं असलम कुरैशी के मकान की आरसीसी दीवार मजदूरों पर आ गरी। दीवार गिरने का धमाका सुनकर भीड़ लग गई।

स्वास्थ्य केंद्र ने नहीं किया भर्ती

## ठेलागाड़ी में अस्पताल ले जाते हुआ प्रसव, नवजात की मौत



**रतलाम/सैलाना@पत्रिका.** नगर में गर्भवती को प्रसव पीड़ा होने के बावजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भर्ती नहीं किया। गर्भवती को बार-बार वापस घर भेज दिया गया। अधिक प्रसव पीड़ा होने पर घर से ठेलागाड़ी पर गर्भवती को अस्पताल ले जाते समय रास्ते में प्रसव हो गया और नवजात की मृत्यु हो गई। परिजनों ने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उनका कहना है, समय पर महिला को भर्ती किया होता तो नवजात की जान बच जाती। मामले में कालिका माता रोड निवासी कृष्णा ग्वाला ने गुरुवार दोपहर सैलाना एसडीएम मनीष जैन को शिकायती पत्र देकर लापरवाह कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

### @10 जिले

अधिकतम तापमान

कहां- कितना

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग्वालियर | 39.9 | सागर | 39.2 |
| भोपाल | 38.8 | सतना | 38.9 |
| शिवपुरी | 40.0 | जबलपुर | 38.0 |
| खजुराहो | 39.9 | नौगांव | 40.0 |
| दमोह | 40.0 | इंदौर | 38.2 |

(आंकड़े डिग्री सेल्सियस में)

ट्रेंडिंग न्यूज

पचमढ़ी

### बी फॉल के लिए 8 दिन पर्यटकों का प्रवेश बंद

**नर्मदापुरम.** हिल स्टेशन पचमढ़ी में इन दिनों घूमने जाने वाले पर्यटक बी फॉल नहीं जा पा रहे हैं। यहां बी फॉल जाने वाला रास्ता खराब है। प्रबंधन ने बीते 19 मार्च से यहां प्रवेश बंद कर दिया है। प्रवेश नहीं मिलने से सैलानी मायूस हैं। प्रबंधन का कहना है कि अगले एक सप्ताह के भीतर मार्ग दुरुस्त कर बी फॉल में पर्यटकों को प्रवेश दिया जाएगा।



सिवनी

### चलती मालगाड़ी से इंजन हुआ अलग

**सिवनी.** सिवनी से नैनपुर की तरफ जा रही एक मालगाड़ी चलते-चलते इंजन से अलग हो गई। मालगाड़ी काफी देर तक ट्रैक पर ही खड़ी रही। वहीं इंजन लगभग दो किमी दूर निकल गया। वॉकी टॉकी पर लोको पायलट को इंजन अलग होने की सूचना दी गई। इसके बाद लोको पायलट ने इंजन रोककर पीछे लाया और मालगाड़ी के सबसे आगे वाले डिब्बे को जोड़ा गया।

केवि भिंड के प्राचार्य पर गंभीर आरोप

## पीड़िता का तर्क-प्राचार्य कहते हैं अकेली किराए से रहती हो, मेरे साथ क्यों नहीं रहती

**ग्वालियर@पत्रिका.** हाईकोर्ट की युगल पीठ ने केंद्रीय विद्यालय संगठन भिंड में हुए यौन उत्पीड़न के मामले में अहम आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि कार्यालयों में महिलाओं के साथ होने वाले यौन उत्पीड़न के मामलों की सुनवाई के लिए विशाखा कमेटी होती है। इसमें महिलाओं की सुरक्षा के लिए दिशा निर्देश बनाए गए हैं। विद्यालय की आंतरिक कमेटी महिला शिक्षक की शिकायत पर विचार करेगी। संबंधित पक्षों को उचित अवसर देते हुए कानून के तहत कार्रवाई करेगी।

दरअसल, केंद्रीय विद्यालय संगठन भिंड में एक महिला शिक्षक ने प्राचार्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इसकी शिकायत कलेक्टर, पुलिस और केंद्रीय विद्यालय संगठन भोपाल को भी की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसको लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की, लेकिन हाईकोर्ट ने शिक्षक का अभ्यावेदन निराकरण करने का आदेश दिया। महिला शिक्षक ने युगल पीठ में रिट अपील दायर की। शिक्षक की ओर से अधिवक्ता डीपी सिंह ने तर्क दिया कि प्राचार्य दबाव बनाते हुए कहते हैं कि किराए के मकान में अकेली रहती हो, मेरे साथ आकर क्यों नहीं रहती।

### कमेटी करेगी सुनवाई

कोर्ट ने शिक्षक का पक्ष सुनने के बाद विशाखा कमेटी को शिकायत पर सुनवाई करने का आदेश दिया है। याचिका में स्कूल के प्राचार्य अजय कुमार सक्सेना को भी प्रतिवादी बनाया, लेकिन उनकी ओर से याचिका में पक्ष रखने के लिए कोई उपस्थित नहीं हुआ।

आरधना

चैत्र नवरात्र को लेकर माता मंदिरों में विशेष तैयारियां, 30 मार्च से शुरू हा रहा पर्व

# रवि-पुष्य नक्षत्र के संयोग में 6 अप्रेल को मनेगी राम नवमी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**उज्जैन.** माता की भक्ति में लीन होने चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर 6 अप्रेल रविवार को रामनवमी का पर्व मनाया जाएगा। इस बार राम नवमी का पर्व विशेष रूप से शुभ रहेगा, क्योंकि यह रवि-पुष्य नक्षत्र के संयोग में आ रहा है। रवि-पुष्य नक्षत्र में आने वाले पर्वों का विशेष महत्व माना जाता है। राम नवमी का पर्व केवल धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह आत्मिक शांति, पारिवारिक सुख और सामाजिक समृद्धि का मार्ग भी प्रशस्त करता है। ज्योतिषाचार्य पंडित अमर डब्बावाला के अनुसार, इस बार की राम नवमी योग, संयोग और नक्षत्र की विशेष स्थिति के कारण भक्तों को मनोवांछित फल देने वाली सिद्ध होगी।



### अहोरात्र रहेगा पुष्य नक्षत्र

27 नक्षत्रों में पुष्य नक्षत्र को राजा माना जाता है। पुष्य नक्षत्र के स्वामी शनि और उपस्वामी बृहस्पति हैं। इस वर्ष पुष्य नक्षत्र का अनुक्रम 60 घटी (लगभग 24 घंटे) तक रहेगा अर्थात पुष्य नक्षत्र पूरे दिन और रात बना रहेगा यानी अहोरात्र रहेगा।

### राम नवमी पर नवरात्रि पूर्णाहुति का संयोग

राम नवमी के दिन नवरात्रि जप और पाठ की पूर्णाहुति भी होगी। उपासक और साधक इस दिन दोपहर 12 बजे तक नवरात्रि जप और पाठ की पूर्णाहुति संपन्न करेंगे। दिन और नक्षत्र का यह संयोग इस पर्व को और भी विशेष बना रहा है।

### राम मंगला शासनम् से बढ़ती है नेतृत्व क्षमता

जब कोई पर्व विशेष योग और नक्षत्र के संयोग में आता है, तो उसका लाभ भक्त विशेष अनुष्ठानों के माध्यम से ले सकते हैं। वाल्मीकि रामायण और रामचरितमानस के छंद, दोहे और चौपाइयों के पाठ से संकट, पीड़ा, व्याधि और अपमृत्यु के दोषों का निवारण संभव है। मानसिक तनाव और चिंता से मुक्ति के लिए राम स्तुति और रामाष्टकम का पाठ किया जा सकता है। राम मंगला शासनम् का पाठ करने से नेतृत्व की क्षमता का विकास होता है।

### भक्ति और परिवार में सुख-शांति

रामनवमी पर भक्ति में वृद्धि के लिए राम स्तुति और रामाष्टकम का पाठ लाभकारी है। परिवार में सुख-शांति और समृद्धि के लिए बालकांड और अयोध्या कांड का नित्य पाठ करना शुभ रहेगा। परिवार की सुरक्षा और संतान सुख के लिए बालकांड का पाठ विशेष रूप से फलदायी है।

## शादी के लिए निकाले रुपए, बदमाश बैग लेकर फरार

**खरगोन@पत्रिका.** शहर के हृदय स्थल कहे जाने वाले राधावल्लभ मार्केट में गुरुवार को लूट की घटना हुई। यहां एक किसान का ध्यान भटकाकर करीब 3.80 लाख रुपए से भरा बैंग पलक झपकते ही बदमाशों ने गायब कर दिया। पीड़ित के मुताबिक यह राशि घर में शादी के चलते खरीदी के लिए निकाली थी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस की भी सांसे फूल गई। आनन-फानन में थाना प्रभारी बीएल मंडलोई सहित एक दर्जन पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। बैंक सहित दुकानदारों एवं किसान से पूछताछ कर चोरों की तलाश शुरू कर दी। पीड़ित किसान कृष्णलाल कुशवाह निवासी जामन्या ने पुलिस को बताया उनके परिवार में शादी है। गहने खरीदे हैं, उसकी राशि चुकाने के लिए उन्होंने शहर की दो अलग-अलग बैंकों से राशि का आहरण किया था।

| शेयर बाजार | सेंसेक्स | भारत | निफ्टी | सोना | स्टैंडर्ड (24 कैरेट) | सोना (एमसीएक्स) | चांदी | चांदी (999) | चांदी (एमसीएक्स) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 77,606 (+317.93) | | 23,592 (+105.10) | | ₹90,400 (प्रति 10 ग्राम)(+400) | ₹88,395 (प्रति 10 ग्राम)(+757) | | ₹10,0900 (प्रति किग्रा)(+900) | ₹10,0656 (प्रति किग्रा)(+1179) |

काम की खबर

# सभी तरह का एनपीएस खाता खुलवाने पर लगेगा ₹400 का समान शुल्क

*नई दिल्ली@ पत्रिका. केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए एक अप्रेल से एनपीएस के तहत यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) लागू करेगी। इसमें कर्मचारियों को अंतिम 12 महीने की औसत बेसिक सैलरी का 50% गारंटीड पेंशन मिलेगा। केंद्रीय कर्मचारी एनपीएस या यूपीएस में के कोई भी विकल्प चुन सकते हैं। इस बीच पेंशन नियामक पीएफआरडीए ने ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीकों से एनपीएस अकाउंट खुलवाने के नए चार्जेज का ऐलान किया है। नया शुल्क रेगुलर एनपीएस अकाउंट के साथ एनपीएस लाइट और एनपीएस वात्सल्य के लिए समान रखा गया है, जो पहले अलग-अलग था। अब वात्सल्य के लिए एनपीएस-ऑल सिटीजन जितना ही चार्ज लगेगा।*



## शुरुआती कंट्रीब्यूशन पर इतनी फीस

**पीएफआरडीए** ने मास्टर सर्कुलर जारी कर सभी तरह के एनपीएस खाता खोलने और अलग-अलग सर्विसेज पर लागू नए शुल्क की घोषणा की है। इसके तहत अब एनपीएस खाता खोलने के लिए शुरुआती रजिस्ट्रेशन फीस 400 रुपए तक होगी। इसके अलावा शुरुआती कंट्रीब्यूशन अमाउंट पर अधिकतम 0.50% फीस ली जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 25,000 रुपए होगी। हालांकि इसके बाद के सभी योगदानों पर भी यह फीस लागू होगी।

***गैर-वित्तीय लेनदेन पर फीस*** गैर-वित्तीय लेनदेन जैसे व्यक्तिगत जानकारी में बदलाव आदि के लिए 30 रुपए की अधितकम फीस वसूली जाएगी।

### परसिस्टेंसी फीस

एनपीएस ऑल सिटिजन मॉडल के तहत परसिस्टेंसी चार्ज वसूला जाता है, जो सालाना योगदान पर निर्भर है। जिन एनपीएस खातों को खोलने और मैनेज करने में सब्सक्राइबर्स की मदद बैंक या कोई अन्य वित्तीय संस्थान (पीओपी) करता है, इस ग्राहकों से यह चार्ज वसूला जाता है।

- सालाना योगदान 1,000 से 2,999 रुपए के बीच है ***तो 50 रुपए प्रति वर्ष फीस लगेगी।***
- 3,000 से 6,000 रुपए सालाना योगदान पर 75 रुपए और ***6,000 रुपए से अधिक योगदान पर अधिकतम 100 रुपए सालाना फीस ली जाएगी।***
- यह फीस यूनिट ***कैंसिलेशन के माध्यम से काटी जाएगी।***

### इन्हें देना होगा परसिस्टेंसी चार्ज

- यह फीस उन ग्राहकों से लिया जाएगा, जो लगातार छह महीने से अधिक समय तक ***किसी विशेष प्वाइंट ऑफ प्रेजेंस (बैंक-वित्तीय संस्थान) से जुड़े रहते हैं।***
- इसके तहत मिनिमम कंट्रीब्यूशन प्रति ट्रांजैक्शन 500 रुपए और सालाना कंट्रीब्यूशन 1,000 रुपए होना जरूरी है। ***इसके अलावा सभी फीस पर जीएसटी और अन्य टैक्स अलग से वसूले जाएंगे।***

***ई-एनपीएस लेनदेन पर फीस:*** ई-एनपीएस के माध्यम से एक्स्ट्रा कंट्रीब्यूशन पर 0.20% फीस ली जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 10,000 रुपए है।

**डी-रेमिट योगदान पर फीस** डी-रेमिट के माध्यम से किए गए योगदान पर 0.20% फीस वसूला जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 10,000 रुपए होगी। यह फीस समय-समय पर यूनिट डिडक्शन के माध्यम से काटा जाएगा। यह फीस भी केवल एनपीएस-ऑल सिटिजन और टियर-2 खातों के लिए है।

***एग्जिट प्रोसेसिंग फीस:*** एनपीएस खाते से निकासी या एग्जिट प्रोसेसिंग के लिए 0.125% फीस लिया जाएगा, जिसकी अधिकतम सीमा 500 रुपए होगी। यह फीस अपफ्रंट यानी अग्रिम रूप से लिया जाएगा।

**नाबार्ड सर्वे :** 10% ग्रामीण परिवार सालाना 50% की दर से चुका रहे ब्याज

# हर छठा ग्रामीण परिवार परिचितों और साहूकारों से ले रहा कर्ज

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ग्रामीण क्षेत्रों में कर्ज लेने वाला हर छठा परिवार साहूकारों या निकट संबंधियों के ऋण के चंगुल में फंसा है। इनमें से ज्यादातर लोग खर्च पूरे करने के लिए कर्ज ले रहे हैं। नाबार्ड के सर्वेक्षण में सामने आया है कि गांवों में कर्ज लेने वाले परिवारों में से 17.7% लोग गैर-संस्थागत तरीके यानी साहूकार और जानने वालों से कर्ज ले रहे हैं। इनमें से काफी लोगों से सालाना 50% से भी अधिक दर से ब्याज वसूला जा रहा है। खासकर जिन लोगों ने साहूकारों और लोन ऐप्स से कर्ज लिया है। हालांकि सितंबर 2024 के मुकाबले मार्च 2025 में गैर-संस्थागत माध्यम से कर्ज लेने वालों की संख्या घटी है।

नाबार्ड ने देश के 28 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश के 600 गांवों में 6,000 लोगों के बीच फरवरी के अंतिम सप्ताह और मार्च के प्रथम सप्ताह में यह सर्वेक्षण किया। इसके बाद यह सर्वे रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट बताती है कि संस्थागत (बैंक, को-ऑपरेटिव बैंक और वित्ती संस्थाएं) तरीके से ऋण लेने वाले लोगों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन लोन को समय पर अदा करने की गति में गिरावट आई है। लोगों ने माना है कि उनकी बचत घट रही है और जरूरी खर्च तेजी से बढ़ रहे हैं।

### गांव के लोग कहां से ले रहे लोन

| स्रोत | हिस्सेदारी |
|---|---|
| संस्थागत | 51.6% |
| गैर-संस्थागत | 17.7% |
| परिचितों | 11.6% |
| साहूकारों | 4.4% |
| सभी से | 32.4% |



**13%** कमाई कर्ज अदायगी में जा रही लोगों की, उपभोग की वस्तुओं पर 64 कर रहे खर्च

**13% से 16% ही बचत** कर पा रहे भारतीय परिवार अपनी कुल आय का

### दोहरा ऋण ले रहे लोग

**काफी परिवारों** को अपनी जरूरतों को देखते हुए दोहरा ऋण लेना पड़ रहा है। सर्वे के अनुसार, 32% से अधिक परिवार औपचारिक यानी बैंक-एनबीएफसी आदि के साथ गैर-औपचारिक माध्यम से ऋण ले रहे हैं। यानी ये परिवार अपने कामकाज करने के लिए बैंकों से भी ऋण ले रहे हैं, लेकिन आवश्यकता अधिक होने पर साहूकारों, परिचित लोगों से भी कर्ज उठा रहे हैं। इस श्रेणी के परिवारों में दोहरा ऋण चल रहा है। इसकी वजह है कि भारतीय परिवार अपनी कुल आय का 13-16% ही बचत कर रहे हैं।

### कितना ब्याज चुका रहे

| कर्जदार | सालाना ब्याज दर |
|---|---|
| 31.7% | 00%* |
| 9.1% | 0-5% |
| 6.8% | 5.10% |
| 12.8% | 10-15% |
| 4.9% | 15-20% |
| 10.6% | 20-25% |
| 2.6% | 25-30% |
| 12.4% | 30-40% |
| 1.7% | 40-50% |
| 6.6% | 50-60% |
| 0.9% | 60% से अधिक |

*(*कोई ब्याज नहीं चुका रहे, क्योंकि ये लोग कम समय के लिए परिचितों से कर्ज लेते हैं)*

**हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट :** देश में 248 अरबपति, इनकी नेटवर्थ ₹98 लाख करोड़

# धनकुबेरों की संख्या में भारत तीसरे नंबर पर पहुंचा, इस साल देश में 13 नए अरबपति

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** भारत अब दुनिया में अरबपतियों की संख्या के मामले में अमरीका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट 2025 के मुताबिक, देश में अब 284 अरबपति हैं, जिनकी कुल नेटवर्थ 98 लाख करोड़ रुपए है। यह भारत के जीडीपी का एक-तिहाई और सऊदी अरब की पूरी जीडीपी से भी ज्यादा है। इनमें से 175 लोगों की संपत्ति बढ़ी है, जबकि 109 अरबपतियों की दौलत या तो घटी या स्थिर रही है। इस साल भारत में 13 नए अरबपति बने हैं।

***रोशनी नाडर पांचवीं सबसे धनी महिला:*** एचसीएल टेक्नोलॉजीज की चेयरपर्सन रोशनी नाडर 3.5 लाख करोड़ रुपए की कुल संपत्ति के साथ दुनिया की पांचवीं सबसे धनी महिला बन गई हैं।

### दुनियाभर के टॉप 5 अमीरों की लिस्ट



| उद्योगपति | नेटवर्थ |
|---|---|
| एलन मस्क | 420 |
| जेफ बेजोस | 266 |
| मार्क जकरबर्ग | 242 |
| लैरी एलिशन | 203 |
| वॉरेन बफे | 167 |

*(नेटवर्थ अरब डॉलर में)*

### ये उद्योगपति हैं भारत के टॉप 5 धनकुबेर...



| उद्योगपति | नेटवर्थ |
|---|---|
| मुकेश अंबानी | 8.6 |
| गौतम अदाणी | 8.4 |
| रोशनी नादर | 3.5 |
| दिलीप सांघवी | 2.5 |
| अजीम प्रेमजी | 2.2 |

*(नेटवर्थ लाख करोड़ रुपए में)*

### मुकेश अंबानी हुए टॉप 10 से बाहर

**ग्लोबल लेवल** पर अमीरों की लिस्ट में मुकेश अंबानी अब टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। इसकी वजह है कि अंबानी की नेटवर्थ में पिछले एक साल में कुल एक लाख करोड़ रुपए की कमी आई है। अब मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 8.6 लाख करोड़ रुपए है। वे अब भी भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति हैं। दूसरे नंबर पर गौतम अदाणी हैं, जिनकी दौलत इस साल एक लाख करोड़ बढ़ी है। रोशनी नाडर दुनिया की टॉप 10 सबसे अमीर महिलाओं में शामिल अकेली भारतीय हैं।

**चंडीगढ़ :** 15 लाख की रिश्वत का मामला

# 16 साल पहले जस्टिस के घर मिले कैश के मामले में फैसला 29 को

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चंडीगढ़.** दिल्ली हाइकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर पर लगी आग के दौरान नोटों के मिलने के मामले के बीच चंडीगढ़ के 16 साल पुराने जज नोटकांड में भी सुनवाई पूरी करने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया गया। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अलका मलिक की विशेष अदालत 15 लाख रुपए की रिश्वत से जुड़े इस मामले में 29 मार्च को फैसला सुनाएगी। यह मामला पूर्व जज निर्मल यादव सहित अन्य लोगों के खिलाफ पुलिस ने 2008 में दर्ज किया था। बाद में पंजाब के तत्कालीन राज्यपाल और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के प्रशासक जनरल (सेवानिवृत्त) एसएफ रोड्रिग्स के आदेश पर मामला सीबीआइ को स्थानांतरित कर दिया गया था।

इस मामले में नामजद तीन आरोपियों के बयान दर्ज किए गए, जबकि नामजद हाईकोर्ट की पूर्व जज निर्मल यादव ने अपने लिखित बयान दर्ज कराए थे। गौरतलब है कि इस आरोप के बाद 2010 में जस्टिस निर्मल यादव का तबादला उत्तराखंड हाईकोर्ट में कर दिया गया। वहां से 2011 में रिटायर के ही साल में उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई, फिर 2014 में स्पेशल कोर्ट ने जस्टिस यादव के खिलाफ आरोप भी तय कर दिए।

### नाम की वजह से हुई गड़बड़ी

**मामले** के मुताबिक पंचकूला के एक प्लॉट के मामले में फैसला देने के लिए पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट की जज निर्मल यादव के नाम पर 15 लाख रुपए की रिश्वत ली गई थी। नाम की गलती के चलते महाधिवक्ता संजीव बंसल का मुंशी प्रकाश राम पैसे लेकर हाईकोर्ट की न्यायाधीश निर्मलजीत कौर की कोठी पर चला गया था। चंडीगढ़ पुलिस ने मामले में पूर्व जज निर्मल यादव समेत पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल संजीव बंसल, बिल्डर राजीव गुप्ता, दिल्ली के बिजनेसमैन रविंदर सिंह भसीन और निर्मल सिंह के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया था। संजीव बंसल की मौत हो चुकी है।

**सेंसेक्स 318 अंक चढ़ा**

## ऑटो पर 25% टैरिफ के बावजूद चढ़े बाजार

**मुंबई@ पत्रिका.** अमरीकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से ऑटो आयात पर 25% टैरिफ की घोषणा के बाद वैश्विक बाजारों में कमजोरी के बावजूद भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त में बंद हुए। इंडेक्स में हैवी वेटेज रखने वाले फाइनेंशियल स्टॉक में तेजी के चलते बाजार चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स 200 से ज्यादा अंक गिरकर 77,087 पर खुला, पर अंत में 318 अंक चढ़कर 77,606 पर बंद हुआ। इसी तरह निफ्टी 50 भी 105 अंक यानी 0.45% की बढ़त लेकर 23,592 पर बंद हुआ। ट्रंप टैरिफ के कारण ऑटो इंडेक्स में करीब 1% की गिरावट आई। सबसे अधिक 5.5% की गिरावट टाटा मोटर्स में दिखी।

**इंडिया रेटिंग्स की रिपोर्ट**


## सस्ते लोन जल्द! दरों में 0.25% कटौती संभव

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** भारत की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआइ) अगले महीने अपनी नीतिगत ब्याज दर रेपो रेट में 0.25% की कटौती कर सकता है। यह अनुमान इंडिया रेटिंग्स ने अपनी ताजा रिपोर्ट में लगाया है। एजेंसी का कहना है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में आरबीआइ 0.75% तक कटौती कर सकता है, बशर्ते महंगाई काबू में रहे और वैश्विक चुनौतियां न बढ़े। इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, हमें उम्मीद है कि 2024-25 में महंगाई 4.7% तक सिमट जाएगी।

**सुस्त चाल :** धरातल पर योजनाएं गति नहीं पकड़ रही

# ग्रामीण विकास योजनाओं की 35% राशि खर्च ही नहीं हुई

### किस योजना पर कितना खर्च




पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** ग्रामीण विकास योजनाओं के लिए हर वर्ष बजट चाहे भरपूर दिया जा रहा है, लेकिन धरातल पर योजनाएं अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही हैं। ग्रामीण विकास व पंचायतीराज से संबंधित संसद की स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया है कि ग्रामीण विकास की केंद्रीय वित्त पोषित योजनाओं के लिए वर्ष 2024-25 में बजट का जो संशोधित अनुमान रखा गया था, उसमें से 34.82% पैसा खर्च नहीं हो सका है। संसदीय समिति ने पाया है कि 2024-25 के संशोधित बजट में आवंटित 1,73,804 करोड़ रुपए के मुकाबले वास्तविक खर्च केवल 1,13,284 करोड़ रुपए रहा, जो आवंटित राशि से 34.82% कम है। समिति ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए ग्रामीण विकास विभाग के कुल बजटीय आवंटन में 2.27% की मामूली वृद्धि हुई है, जो कि 1,88,754.53 करोड़ रुपए है। यह मामूली वृद्धि ग्रामीण प्रगति की सतत गति के लिए पर्याप्त नहीं है।

### इतनी राशि खर्च नहीं हुई

**वित्तीय समीक्षा** के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) का 15,825 करोड़ रुपए, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का 3,546 करोड़ रुपए, नेशनल सोशल असिस्टेंस प्रोग्राम का 1,813 करोड़ रुपए, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का 2,583 करोड़ रुपए, मनरेगा का 1,628 करोड़ और दीनदयाल उपाध्याय- ग्रामीण कौशल्य योजना का 1,313 करोड़ रुपया वर्ष 2024-25 में खर्च नहीं हो सका।

## पेज एक का शेष...

### अब अस्पतालों...

इससे मरीजों को यह समझने में आसानी होगी कि उनके पैसे का उपयोग कहां हुआ? नए प्रारूप लागू होने से सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि उन्हें अपने बिल का हर हिस्सा समझने का मौका मिलेगा। अभी कई बार बिल में एकमुश्त राशि लिखी होती हैं। नए नियम में जरूरत पड़ने पर वे बिल की जांच कर सकेंगे और गलत शुल्क लगने पर शिकायत कर सकेंगे।

### जाली आइएसआइ...

दिल्ली के त्रिनगर में स्थित फ्लिपकार्ट की सहायक कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड पर की गई दूसरी छापेमारी में, डिस्पैच के लिए पैक किए गए ऐसे स्पोर्ट्स फुटवियर के स्टॉक का पता लगाया गया, जिनमें आइएसआइ मार्क और मैन्युफैक्चरिंग डेट नहीं थी। इस ऑपरेशन के दौरान लगभग छह लाख रुपए मूल्य के लगभग 590 जोड़ी स्पोर्ट्स फुटवियर जब्त किए गए।

### क्या भारत...

भारत का हिस्सा अभी केवल 2.2 अरब डॉलर का है। इसका मतलब है कि इस बाजार में विस्तार की संभावना है।

- भारतीय कंपनियां जैसे सोना कॉमस्टार (गुरुग्राम), भारत फोर्ज (पुणे), मदरसन ग्रुप, टीवीएस होल्डिंग्स और जेके फेनर पहले से ही अमरीकी बाजार में मौजूद हैं। हालांकि, अमरीका में उत्पादन शुरू करना महंगा और चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**हनीट्रैपिंग :** गृह मंत्री बोले - एजेंसी करेगी जांच

# मिस्र के पास लाल सागर में डूबी पर्यटन पनडुब्बी, छह की मौत

**काहिरा.** मिस्र के लोकप्रिय पर्यटन स्थल हर्गहाडा के पास लाल सागर में एक पर्यटन पनडुब्बी के डूबने से छह लोगों की जान चली गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

हादसा उस वक्त हुआ, जब सिंदबाद नामक पनडुब्बी समुद्र के अंदर प्रवाल भित्तियों (कोरल रीफ) और समुद्री जीवों को दिखाने के लिए 65 फीट की गहराई में गई थी। पनडुब्बी में 44 लोग सवार थे, जिनमें से ज्यादातर रूसी पर्यटक थे।

हादसे के बाद बचाव दल ने तेजी से राहत अभियान चलाया और 29 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। आशंका जताई जा रही है कि एक चट्टान से टकराने के बाद हादसा हुआ, हालांकि अभी सही कारणों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

***72 फीट नीचे तक जा सकती है पनडुब्बी...*** फिनलैंड में निर्मित यह पनडुब्बी एक बार में 44 यात्रियों और दो क्रू मेंबर्स को 72 फीट तक की गहराई में ले जाने में सक्षम है।



# एक्टिंग में नर्वसनेस पर की खुलकर बात

## हर नए किरदार से डरती हैं मंजू



फिल्म शूट करने को लेकर डर पर बात की मंजू वारियर ने। उनका कहना है कि 'यह डर आपको बेहतर के लिए प्रेरित करता है।'

'पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ काम करने का अनुभव उन सभी के लिए खास होता है, जो उनकी टीम का हिस्सा होते हैं।'

सेलेब न्यूज

पत्रिका फीचर डेस्क
patrika.com

तीन दशक से बॉलीवुड की स्टार और राष्ट्रीय पुरस्कार सहित कई पुरस्कार जीतने वाली अभिनेत्री मंजू वारियर के मुताबिक वो किसी सीन को शूट करने में अब भी उतनी ही नर्वस होती हैं, जितनी अपनी पहली फिल्म के पहले शॉट के लिए थी। मंजू कहती हैं, 'यह डर मुझे कभी बुरा नहीं लगता, शायद यही मुझे बेहतर के लिए प्रेरित करता है। 'एम्पुरान' के लिए भी मैं बहुत डरी हुई थी।'

### सुकुमारन से हुई प्रभावित

उन्होंने पृथ्वीराज सुकुमारन की तारीफ भी की जो 'एल2: एम्पुरान' में मुख्य अभिनेता हैं और फिल्म के निर्देशक भी। मंजू ने बताया कि 'पृथ्वीराज उनके टॉप-5 पसंदीदा निर्देशकों में शामिल हैं। मैं कह सकती हूं कि ऐसे निर्देशक के साथ काम करना बहुत खुशी की बात है, अपनी टीम पर भरोसा करता है।'

### नई फिल्म के लिए उत्साहित

मंजू वारियर अपनी अपकमिंग फिल्म 'एल2: एम्पुरान' को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्हें फिल्म के बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। वे कहती हैं कि 'फिल्म में मोहनलाल जैसे शानदार कलाकार के साथ काम करना मेरे लिए बड़ी बात है। अलग किरदार को निभाने को लेकर मैं खुश हूं।'

कर्टेन रेजर

### जाह्नवी कपूर के साथ राम चरण



अभिनेता राम चरण के जन्मदिन पर 'आरसी 16' के निर्माताओं ने उनकी अपकमिंग फिल्म की जानकारी दी है। निर्माताओं ने कहा कि वे अगली ब्लॉकबस्ट 'पेड्डी' में नजर आएंगे। निर्देशक बुची बाबू सना ने बताया कि फिल्म एक मामूली इंसान की पहचान की लड़ाई है। कन्नड़ अभिनेता शिव राजकुमार भी फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण वेंकट सतीश किलारू ने मैत्री मूवी मेकर्स के साथ किया है। इसमें राम चरण के साथ जाह्नवी कपूर हैं।

वायरल

### एडवांस बुकिंग में 50 करोड़ का बिजनेस



मोहनलाल और पृथ्वीराज सुकुमारन की 'एल2: एम्पुरान' ने इतिहास रच दिया है। एडवांस बुकिंग में ओपनिंग डे पर वर्ल्डवाइड 50 करोड़ कमाने वाली पहली मलयालम फिल्म बन गई है। यह सिर्फ एडवांस बुकिंग के आंकड़े हैं, जबकि फिल्म का फाइनल ओपनिंग डे कलेक्शन इससे कई ज्यादा होने की उम्मीदें हैं। पहले दिन के आंकड़े शुर वार शाम रिलीज होंगे। फिल्म ओवरसीज मार्केट में भी शानदार परफॉर्म कर रही है। खासतौर पर गल्फ कंट्री और यूएस में। 'एम्पुरान' 'लूसिफेर' की सेकंड सीरीज है।

न्यूज रील

### निक्की की पोस्ट क्यों हुई वायरल?



निक्की शर्मा रणवीर इलाहबादिया से ब्रेकअप पर चर्चा में हैं। रणवीर इलाहबादिया और निक्की शर्मा ने एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर अनफॉलो कर दिया है। हाल ही में निक्की शर्मा ने इंस्टाग्राम एकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मुस्कुराती नजर आईं। फैंस इसे रणवीर पर तंज करना मान रहे हैं।

### रिलीज से पहले चर्चा में 'छोरी 2'



हॉरर-थ्रिलर फिल्म 'छोरी 2' का दर्शकों को बेचैनी से इंतजार है। इससे पहले रोंगटे खड़े कर देने वाली कहानी और लोककथाओं पर आधारित फिल्म 'छोरी' को जबरदस्त कामयाबी मिली थी। उसी के सीक्वेल को लेकर सोशल मीडिया पर काफी अच्छा रेस्पॉन्स देखने को मिल रहा है।

# मिनिमलिस्ट हैं ईशान



'मैं अपनी बॉडी के साथ मेंटल हेल्थ के लिए भी काम करता हूं क्योंकि यह आपको ओवरथिंकिंग से दूर रहने में भी मदद करता है। यह मेरी जीवनशैली का एक हिस्सा है।'

ईशान खट्टर मिनिमलिस्ट होने में विश्वास करते हैं और वे हमेशा अपने आउटफिट्स रिपीट करते हैं। उनका कहना है कि 'मैं फैशन को लेकर अवेयर हूं, लेकिन पर्यावरण के लिए रोज नए कपड़े खरीदना ठीक नहीं। मैं इस बात को लेकर सतर्क रहता हूं। मुझे एक ही ड्रेस को बार-बार पहनने में कोई शर्म नहीं।' वहीं उन्होंने कहा कि फिटनेस उनके काम का बेहद अहम हिस्सा बन चुकी है।

***वेब सीरीज:*** ईशान ब्रिटिश वेब सीरीज 'ए सूटेबल बॉय' और अमेरिकी वेब सीरीज 'द परफेक्ट कपल' में भी काम कर चुके हैं। अब वे 'द रॉयल्स' सीरीज में अहम किरदार निभाने जा रहे हैं, जिसमें वह भूमि पेडनेकर के साथ नजर आएंगे।

चर्चित फिल्म

### फ्लॉप फिल्म के दूसरे पार्ट की तैयारी

एक्शन-क्राइम फिल्म 'आवारापन' साल 2007 की फ्लॉप फिल्म रही और अब इसके सीक्वेल की घोषणा की गई है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी इस फिल्म की सीक्वेल 3 अप्रेल को रिलीज होगी। यह फिल्म दक्षिण कोरियाई फिल्म 'ए बिटरस्वीट लाइफ' की रीमेक थी। मोहित सूरी ने बताया कि इस एक्शन ड्रामा फिल्म 'आवारापन 2' में शिवम की कहानी वहीं से शुरू होती है, जहां पिछली बार खत्म हुई थी।

शॉर्ट स्टोरीज

### दिब्येंदु को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड



अभिनेता दिब्येंदु भट्टाचार्य को वेब सीरीज 'पोचर' के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2025 में सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार दिया गया। दिब्येंदु ने इस अवॉर्ड को अपनी दिवंगत मां को समर्पित करते हुए कहा कि 'यह अभिभूत करने वाला बहुत खास दिन है। मेरे काम को मान्यता देने के लिए गिल्ड को बहुत-बहुत धन्यवाद।'

### 'आमी डाकिनी' में हितेश और राची



सुपरनेचुरल जॉनर का मिस्ट्री ड्रामा 'आमी डाकिनी' की कहानी कोलकाता के रहस्यमयी माहौल में गढ़ी गई है। इस डरावनी कहानी के केंद्र में हैं, अयान रॉय चौधरी और मीरा घोष, जिनका किरदार हितेश भारद्वाज और राची शर्मा निभा रहे हैं। हितेश ने कहा कि 'अयान मेरे पिछले किरदार से बिलकुल अलग है। राची शर्मा कहती हैं कि 'मीरा की मासूमियत हॉरर शो में एक नए तरह का रहस्य डालती है।

सेलेब शो

# बेटे वायु का चेहरा दिखाया



कई लोग वायु को क्यूट बता रहे हैं। वहीं कुछ फैंस उसका चेहरा सोनम कपूर जैसा बता रहे हैं, तो कुछ का कहना है कि वायु नाना अनिल कपूर की कॉपी है।

बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनम कपूर ने आखिरकार अपने बेटे वायु का चेहरा सार्वजनिक कर दिया है। उनका बेटा दो साल का हो चुका है, उसकी कई फोटोज सोनम कपूर सोशल मीडिया पर पोस्ट करती रही हैं, लेकिन कभी भी उन्होंने बेटे का चेहरा तस्वीरों में नहीं दिखाया। अब अपनी मां सुनीता कपूर के 60वें जन्मदिन पर उन्होंने सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें साझा की, जिनमें वायु का चेहरा साफ देखा जा सकता है। इन तस्वीरों में वायु को देखकर फैंस ने तारीफ की।

# 'सितारे जमीन पर' में आमिर के साथ जेनेलिया

सलमान खान के बाद अब आमिर खान भी जल्द बड़े परदे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्मों की यूनिक स्टोरी की वजह से दर्शकों को इंतजार रहता है। अब जल्द ही फिल्म 'सितारे जमीन पर' के साथ आमिर खान बड़े परदे पर दिखाई देंगे। खास बात यह है कि इस फिल्म में उनके साथ जेनेलिया डिसूजा दिखाई देंगी। आमिर तीन साल बाद बड़े पर्दे पर लौट रहे हैं।

### खास संदेश देगी फिल्म

आमिर ने इस फिल्म का निर्माण अपनी पूर्व पत्नी किरण राव के साथ मिलकर किया है। 'तारे जमीन पर' की तरह 'सितारे जमीन पर' की कहानी डाउन सिंड्रोम पर आधारित होगी। यह फिल्म इसी साल जून में रिलीज होगी।

आमिर फिल्म में एक और स्वास्थ्य संबंधी परेशानी पर ध्यान केंद्रित करेंगे। फिल्म 'सितारे जमीन पर' के निर्देशक आरएस प्रसन्ना हैं।



स्पेशल रोल

आप भी जुड़ें...

**सिनेवेब-सेलेब्स से**

*आप सिनेवेब-सेलेब्स पेज पर **किस तरह का कंटेंट पढ़ना चाहते हैं,** इस पर अपनी अमूल्य राय दे सकते हैं। इसके अलावा पाठक फिल्मों से संबंधित **लेख, किस्से, हाल में देखी गई फिल्मों व वेबसीरीज की समीक्षा** भी हमसे साझा कर सकते हैं। इसे आप वॉट्सऐप नंबर...*

***9057531584 पर भेजें।***

**जीसीआरआई के चिकित्सक डॉ. सालुंके की ईजाद :** मरीज के ही हैमस्ट्रिंग टेंडन से हड्डी व घुटने से शून्य से लेकर 90 डिग्री मुड़ने में सक्षम हो जाता है पैर

# पिंडली की हड्डी के कैंसर का नई तकनीक से उपचार

ओम प्रकाश शर्मा
patrika.com

**अहमदाबाद.** घुटने के नीचे पिंडली की हड्डी (टिबिया) में होने वाले कैंसर के ऑपरेशन के बाद पैर के मूवमेंट को बनाए रखने के लिए अहमदाबाद के सिविल मेडिसिटी स्थित गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट( जीसीआरआई) में नई तकनीक विकसित की गई है। इसमें मरीज के ही हैमस्ट्रिंग टेंडन का उपयोग किया जाता है। जीसीआरआई की विकसित तकनीक-सालुंके तकनीक- को ऑर्थोपिडिक सर्जन डॉ. अभिजीत सालुंके का नाम दिया गया है। भारत में इस तरह के ऑपरेशन केवल जीसीआरआई में होते हैं। इसे ब्रिटिश मेडिकल जर्नल बोन एंड ज्वाइंट ओपन जर्नल (बीजेओ) में भी प्रकाशित किया गया है। अस्पताल के ऑर्थोपिडिक ओंको सर्जन डॉ. सालुंके के अनुसार घुटने के नीचे की कैंसर ग्रस्त हड्डी को निकालने के बाद उसकी जगह कृत्रिम हड्डी लगाई जाती है। इस हड्डी को घुटने से जोड़ने के लिए जीसीआरआई ने मरीज के ही हैमस्ट्रिंग टेंडन का उपयोग किया है। इस तरह का उपयोग चार महिलाओं समेत 15 मरीजों के उपचार में किया गया है। यह तकनीक अहम साबित हो रही है। इस तकनीक से शून्य से लेकर 90 डिग्री तक पैर मुड़ सकता है।

### क्या है हैमस्ट्रिंग टेंडन

**हैमस्ट्रिंग टेंडन** जांघ के पीछे ऊत्तक की पट्टियां होती हैं जो मांसपेशियों को घुटने और निचले पैर की हड्डियों से जोड़ने का काम करती हैं। इससे मुड़ने की क्रिया ठीक ढंग से होती है।



### 700 से 800 ऑपरेशन प्रतिवर्ष



दुनिया में हड्डी के कैंसर होने की दर प्रति 10 लाख लोगों में से चार लोगों की है। जीसीआरआई में भी प्रतिवर्ष हड्डी में कैंसर के 700 से 800 ऑपरेशन किए जाते हैं।

**डॉ. अभिजीत सालुंके, ऑर्थोपिडिक ओंको सर्जन**

### मरीजों को लाभ, कोई अतिरिक्त खर्च नहीं



पुरानी तकनीक से ऑपरेशन में पैर के मुड़ने की समस्या रहती है, लेकिन इस तकनीक में पूरी तरह से मूवमेंट होता है। इसका लाभ मरीजों को होने लगा है। मरीज का कोई अतिरिक्त खर्च भी नहीं होता।

**डॉ. शशांक पंड्या, निदेशक, जीसीआरआई**

**सोने की तस्करी का मामला**

## अभिनेत्री रन्या राव की जमानत अर्जी सत्र अदालत से भी खारिज

**बेंगलूरु@पत्रिका.** सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार फिल्म अभिनेत्री रन्या राव को सत्र अदालत से भी राहत नहीं मिल पाई। अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र अदालत ने गुरुवार को अभिनेत्री रन्या राव की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले विशेष अदालत ने राव की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। 64वें अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र न्यायाधीश ने रन्या और राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी। रन्या फिलहाल न्यायिक हिरासत में बेंगलूरु के परप्पन अग्रहार केंद्रीय जेल में बंद हैं। डीआरआई ने 3 मार्च को दुबई से लौटने के बाद 33 वर्षीय रन्या को शहर के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया गया था। डीआरआई अधिकारियों ने आरोप लगाया कि उसने अपने पास 12.56 करोड़ रुपए मूल्य की 14.2 किलोग्राम विदेशी सोने की छड़ें छिपा रखी थीं। उसके मोबाइल फोन और लैपटॉप की जांच के आधार पर अधिकारियों ने 9 मार्च को एक और व्यक्ति तरुण राजू को गिरफ्तार किया।

**कर्नाटक**

## दो महीनों में होगा अनुसूचित जातियों का नया सर्वेक्षण

**बेंगलूरु.** राज्य सरकार अगले दो महीनों के भीतर राज्य में अनुसूचित जातियों की आबादी का नया सर्वेक्षण करेगी, ताकि अनुभवजन्य डेटा एकत्र किया जा सके और उसके आधार पर दलित वामपंथी समुदायों की आंतरिक आरक्षण की लंबे समय से लंबित मांग पर निर्णय लिया जा सके। यह निर्णय न्यायाधीश एच.एन. नागमोहन दास आयोग की सिफारिश के आधार पर मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। **बेंगलूरु.** राज्य सरकार अगले दो महीनों के भीतर राज्य में अनुसूचित जातियों की आबादी का नया सर्वेक्षण करेगी, ताकि अनुभवजन्य डेटा एकत्र किया जा सके और उसके आधार पर दलित वामपंथी समुदायों की आंतरिक आरक्षण की लंबे समय से लंबित मांग पर निर्णय लिया जा सके। यह निर्णय न्यायाधीश एच.एन. नागमोहन दास आयोग की सिफारिश के आधार पर मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। आयोग ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक से कुछ देर पहले ही मुख्यमंत्री सिद्धरामय्या को अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपी

**स्टीयरिंग कमिटी में पांच मंत्री शामिल :** सीएस होंगे कार्यकारी समिति के चेयरमैन

# मोटापे से लड़ने को तैयार गुजरात, सीएम की अध्यक्षता में बनी समिति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**भूपेंद्र पटेल,** मुख्यमंत्री

**गांधीनगर.** गुजरात सरकार ने राज्य के नागरिकों में मोटापे की समस्या से जुड़ी जागरूकता को लेकर एक अभियान आरंभ किया है। स्वस्थ गुजरात, मोटापा मुक्त गुजरात नामक अभियान के प्रभावी संचालन के लिए मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल पटेल की अध्यक्षता में एक स्टियरिंग कमिटी बनाई गई हैं। इसमें पांच मंत्रियों को शामिल किया गया है। इन मंत्रियों में स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल, शिक्षा मंत्री डॉ. कुबेर डिंडोर, सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्री भानूबेन बाबरिया, गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी और सहकारिता राज्य मंत्री जगदीश विश्वकर्मा शामिल हैं। मुख्य सचिव पंकज जोशी की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया गया जिसमें 11 विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। विभागों में शहरी विकास, गृह, खेल, पर्यटन, सूचना-प्रसारण, सामान्य प्रशासन, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला-बाल विकास, कृषि और सहकारिता जैसे विभाग शामिल हैं। ये अधिकारी वर्षभर विभिन्न गतिविधियों का समन्वय करेंगे।

**हर आठ में एक व्यक्ति मोटापे से पीड़ित:** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डबल्यूएचओ) के अनुसार हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे से पीड़ित है। 18 वर्ष से अधिक उम्र के 43 फीसदी लोग ओवरवेट और 16 फीसदी मोटे हैं। आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर योजना के तहत गैर-संक्रामक रोग (एनसीडी) रोकथाम की दिशा में सामुदायिक प्रयासों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। सोशल मीडिया के माध्यम से जागरूकता फैलाने पर जोर है।



### पीएम ने की है राष्ट्रीय पहल

**प्रधानमंत्री नरेंद्र** मोदी की ओर से प्रारंभ की गई मोटापा मुक्ति की राष्ट्रीय पहल के अनुरूप यह अभियान तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में विश्व मोटापा दिवस पर घोषणा की थी कि राज्य सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठाएगी।

### वैश्विक समस्या बनी

मोटापा आज एक वैश्विक समस्या बन चुका है। बदलती जीवनशैली, कम शारीरिक गतिविधि, अनियमित खानपान और नींद की आदतों के कारण मोटापे की दर बढ़ रही है। इससे डायबिटीज, हृदय रोग, पाचन संबंधी बीमारियों जैसे गैर-संक्रामक रोगों में इजाफा हो रहा है।

**सामूहिक आत्महत्या :** बेटे-पत्नी को जहर दे खुद ने लगाई फांसी

# उमरगाम में फ्लैट से तीन शव बरामद, मचा हड़कंप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**वापी.सूरत.** उमरगाम स्थित नीलकंठ रेजिडेंसी के फ्लैट में दंपत्ती व उनके ढाई साल के बेटे का शव मिलने से सनसनी मच गई। महिला और बच्चे का शव पलंग पर था वहीं, युवक का शव फंदे से झूल रहा था। शुरुआती जांच में महिला व बच्चे को जहर देने के बाद युवक द्वारा खुद को फांसी लगाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मृतकों की पहचान शिवम विश्वकर्मा (27), उसकी पत्नी आरती (25) व ढाई वर्षीय पुत्र के रूप मे की गई हैं। सामूहिक आत्महत्या का खुलासा गुरुवार सुबह दस बजे हुआ। मृतक शिवम का मित्र विनीत कंसारा उनसे मिलने के लिए घर पहुंचा, उसने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। इस पर आसपास के लोग भी जमा हो गए। अनहोनी की आशंका के चलते लोगों ने दरवाजा तोड़ दिया। फ्लैट के अंदर का नजारा देख कर सब सन्न रह गए। पूरा परिवार मृत अवस्था में था। लोगों से सूचना मिलने पर पुलिस उप अधीक्षक भार्गव पंड्या समेत पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने पड़ोसियों से पूछताछ के बाद एग्जीक्यूटिव मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में पंचनामा करवाया। तीनों शव पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाए। पुलिस ने मौके पर फॉरेन्सिक टीम से जांच भी करवाई। पुलिस का कहना है कि सामूहिक आत्महत्या को लेकर फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता है। सीसीटीवी फुटेज सहित अन्य टेक्निकल एनालिसिस जारी हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। इस घटना के सामने आने के बाद से उमरगांव कस्बे के लोग सकते में हैं।

**प्रतिदिन 25 ज्यादा लोग हार जाते हैं जिंदगी की जंग:** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के विश्लेषण की माने तो राज्य में 2020 से 2022 के बीच तीन वर्ष में आत्महत्या के कुल 25 हजार 478 मामले दर्ज हुए हैं। यानी प्रतिदिन 25 से अधिक लोग मौत को गले लगाने के लिए मजबूर हो जाते हैं। जानकारों की माने तो आत्महत्या कारणों में आर्थिक कारण प्रमुख हैं। हावी हो रहे भौतिकवाद के बीच लोग अपना जीवन स्तर सुधारने की ललक में कुछ भी कर गुजरते हैं। अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए वे अपनी ही नहीं औरों की पूंजी दांव पर लगा देते हैं और फिर उनकी जिंदगी दूभर हो जाती हैं। अधिकतर सामूहिक आत्महत्या के मामलों में ऐसा ही देखने को मिल रहा हैं।

### आर्थिक तंगी व देनदारी से त्रस्त था

शिवम के मित्र ने बताया कि वह फॉरेक्स ट्रेडिंग में लोगों के रुपए निवेश कराता था। जिसमें काफी नुकसान हुआ था। कई लोग उससे रुपए की वसूली का दबाव बना रहे थे और घर तक आते थे। जिससे वह वह बहुत परेशान था। इसी हताशा के चलते यह घटना होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। फ्लैट में दंपती और एक बेटा रहते थे। यह परिवार मूलत: बिहार का बताया जा रहा है।



दंपती का फाइल फोटो

## राजण्णा के बेटे ने की हत्या के प्रयास की शिकायत

**बेंगलूरु.** सहकारिता मंत्री के.एन. राजण्णा के हनीट्रैप में फंसाने की कोशिश के आरोपों के बीच उनके पुत्र और कांग्रेस के विधान पार्षद राजेंद्र राजण्णा ने अपने और पिता राजण्णा की हत्या की कोशिश का आरोप लगाया है। राजेंद्र ने नवंबर 2024 में उनके खिलाफ हत्या के प्रयास के संबंध में पुलिस महानिदेशक के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है। राजेंद्र ने गुरुवार को पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन से भेंट कर उन्हें लिखित शिकायत देने के बाद बताया कि उनके पिता ने गृह मंत्री डॉ. जी. परमेश्वर से भी शिकायत की है। डीजीपी ने उन्हें तुमकूरु जिले के पुलिस अधीक्षक से शिकायत दर्ज करने का सुझाव दिया है। राजेंद्र ने दावा किया पिछले साल 16 नवम्बर को उनकी बेटी के जन्मदिन समारोह के दौरान हत्या की योजना बनाई गई थी। दो व्यक्तियों में संवाद की ऑडियो क्लिप भी सौंपी है।

## जंगल में मंगल : गिर आने वाले पर्यटक 18% बढ़े

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**अहमदाबाद.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्च महीने में गुजरात दौरे के अंतिम दिन विश्व वन्यजीव दिवस के अवसर पर सासण गिर स्थित जंगल सफारी के बाद यहां पर्यटकों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

मोदी की यात्रा से पहले के 20 दिनों में गिर में पर्यटकों की संख्या 49,681 थी, जो उनकी यात्रा के बाद के 20 दिनों में बढ़कर 59,009 तक पहुंच गई। इस तरह इस दौरान पर्यटकों की संख्या में 18.8% की वृद्धि देखी गई। प्रधानमंत्री की गिर जंगल सफारी की यात्रा के चलते पोरबंदर जिले में स्थित बरडा वन्यजीव अभयारण्य को लेकर भी पर्यटकों में रुचि और उत्सुकता पैदा हुई है, जिसे एशियाई शेरों का दूसरा घर कहा जाता है।

इस कारण बरडा सफारी की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या फरवरी की तुलना में मार्च में दोगुनी हो गई है। फरवरी में जहां 108 पर्यटकों ने यहां की यात्रा की थी, जबकि मार्च महीने में 215 पर्यटक बरडा सफारी देखने के लिए पहुंचे।

## 30 मोबाइल टावरों से कॉपर वायर चुराने वाला धरा गया

**सूरत@पत्रिका.** मोबाइल सर्विस प्रोवाइडर कंपनियों के टावरों से कॉपर (तांबे) के तार चुराने वाले गिरोह के युवक को क्राइम ब्रांच ने पांडेसरा इलाके से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 55 किलो तांबे के तार समेत 41 हजार 422 रुपए का सामान जब्त किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मनोज पटेल डिंडोली उमिया नगर में रहता है। वह पिछले करीब छह माह से कॉपर वायर की चोरी में सक्रिय था। वह शहर के विभिन्न इलाकों में लगे मोबाइल टावरों से वायर चुराता था। चुराए गए वायर बेचने की फिराक में वह पांडेसरा तिरुपति नगर इलाके में घूम रहा था। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने भेस्तान, खटोदरा, उधना, लिम्बायत, गोडादरा समेत अन्य इलाकों में से 30 से अधिक मोबाइल टावरों से कॉपर वायर चुराना कबूल किया है।



**अपहरण व हत्या के दो मामलों में था वांछित**

## छोटा राजन गैंग के शूटर रहे बंटी पांडे को सीआईडी ने हिरासत में लिया

**सूरत@पत्रिका.** 21 साल पूर्व वापी में हुए अपहरण व हत्या के मामले में सूरत सीआईडी क्राइम ने छोटा राजन गैंग के शूटर रहे बंटी पांडे को हिरासत में लिया है। सीआईडी के इंस्पेक्टर एमवी बतुल ने बताया कि आरोपी प्रकाश पांडे उर्फ बंटी वापी में एक व्यापारी युवक के अपहरण और हत्या की साजिश में शामिल था।

बंटी के गुर्गे भूपेन्द्रसिंह व उसके साथियों ने 2004 में युवक का अपहरण किया था। उसके परिजनों से 5 करोड़ रुपए की फिरौती मांगी गई थी। फिरौती के लिए बंटी ने मृतक के परिजनों से कॉल किए थे। परिजनों ने पांच लाख की फिरौती दी थी।

इसके बावजूद गिरोह ने युवक की हत्या कर दी थी। इसके अलावा 2004 में ही बंटी व उसके साथियों ने महिधरपुरा के एक हीरा व्यापारी की हत्या की थी। इन दोनों मामलों में अन्य आरोपी तो उस समय पकड़े गए थे, लेकिन बंटी फरार था।

उसके खिलाफ देशभर में हत्या, अपहरण, फिरौती, रंगदारी के 28 से अधिक मामले दर्ज हैं। 2010 में वह उतराखंड में पकड़ा गया था। उसके बाद से उतराखंड की अल्मोड़ा जेल में बंद था। कुछ दिनों पूर्व अल्मोड़ा पुलिस ने उसे वापी कोर्ट में पेश किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पूछताछ के लिए सीआईडी को सौंपा।



### दीक्षा लेकर बन गया साधु

**पकड़े** जाने के बाद शूटर बंटी पांडे दीक्षा लेकर संन्यासी बन गया। जेल में रहने के दौरान ही उसने तीन साल पूर्व उसने कोर्ट से अनुमति लेकर नाथ संप्रदाय में दीक्षा ली और भगवा धारण कर साधु बन गया। सीआईडी की हिरासत में भी वह भगवा वस्त्रों में ही दिखाई दिया।

## चार साल के बच्चे का शव बरामद, हत्या की आशंका



**हावड़ा @ पत्रिका.** डोमजूड़ के सलप डासीपाड़ा इलाके में चार साल के बच्चे शेख अयूस का शव मिलने से सनसनी फैल गई। बच्चा सुबह 9:30 बजे से लापता था और बाद में उसका शव घर से 200 मीटर दूर झाड़ियों में मिला। उसके हाथ बंधे हुए थे और चेहरे पर चोट के निशान थे। प्रथमदृष्टया माना गया है कि, गला घोंटकर उसकी हत्या की गई। डोमजूड़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, लेकिन इस दौरान परिवारवालों से तीखी बहस हुई। जांच के तहत पुलिस डॉग स्क्वॉड की मदद से इलाके की तलाशी ले रही है और मौके से सबूत एकत्र कर रही है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।हावड़ा तृणमूल विधायक और जिला अध्यक्ष कल्याण घोष ने परिवार से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। प्रारंभिक जांच में यह मामला पारिवारिक कलह या रंजिश से जुड़ा माना जा रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सीएम स्टालिन बोले- केंद्र को मुस्लिम भावनाओं की परवाह नहीं**

# तमिलनाडु विस में वक्फ संशोधन विधेयक के खिलाफ प्रस्ताव पारित

पत्रिका बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**चेन्नई.** तमिलनाडु विधानसभा ने केंद्र सरकार के वक्फ संशोधन विधेयक, 2024 का विरोध करते हुए एक प्रस्ताव पारित किया है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने प्रस्ताव पेश करते हुए मुस्लिम समुदाय के अधिकारों पर विधेयक के संभावित प्रभाव के बारे में गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि वह राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपराओं के खिलाफ योजनाएं लागू कर रही है और विशेष रूप से मुसलमानों के अधिकारों की अनदेखी कर रही है। इस कदम ने राज्य की प्रमुख विपक्षी पार्टी अन्नाद्रमुक और भाजपा के बीच तीखी बहस छेड़ दी है।विधानसभा में प्रस्ताव पेश करते हुए मुख्यमंत्री स्टालिन ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाया कि नया वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। केंद्र सरकार द्वारा वक्फ अधिनियम में संशोधन करने का प्रयास वक्फ बोर्ड की शक्तियों को बाधित करेगा, जिससे अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता प्रभावित होगी। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम संविधान प्रदत्त धार्मिक अधिकारों की रक्षा करें। प्रस्ताव में यह भी कहा गया कि भारत की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखने के लिए धार्मिक स्वतंत्रता और सद्भाव आवश्यक है।



### वक्फ एक्ट व प्रस्तावित संशोधन

वक्फ एक्ट 1995 जो वक्फ संपत्तियों को नियंत्रित करता है, पर लंबे समय से भ्रष्टाचार और अतिक्रमण जैसे आरोप लगते रहे हैं। 2024 में प्रस्तावित वक्फ संशोधन बिल का उद्देश्य डिजिटलीकरण, बेहतर ऑडिट, पारदर्शिता और अवैध रूप से कब्जाई गई संपत्तियों को पुन: प्राप्त करने के लिए कानूनी उपायों को लागू करना है। सरकार ने एक संयुक्त संसदीय समिति का गठन किया है।

### भाजपा व अन्नाद्रमुक की प्रतिक्रिया

**भाजपा विधायक** वानती श्रीनिवासन ने विधानसभा में इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया। उन्होंने कहा केंद्र का उद्देश्य वक्फ बोर्डों के कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है, जिससे समुदाय के अधिकारों को नुकसान नहीं होगा। भाजपा का मानना है कि वक्फ बोर्ड की संपत्तियों के उचित प्रबंधन और प्रशासनिक सुधार के लिए यह संशोधन आवश्यक है। वहीं राष्ट्रीय प्रवक्ता कोवै सत्यन ने डीएमके सरकार पर राजनीतिक स्वार्थ के लिए समुदायों के बीच मतभेद बढ़ाने का आरोप लगाया। डीएमके सरकार धर्म और भाषा के आधार पर समाज में एक खास नैरेटिव सेट करने की कोशिश कर रही है।

**मछुआरों का दल चेन्नई पहुंचा**

## श्रीलंका की जेल से सात मछुआरे रिहा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



**चेन्नई.** श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए सात मछुआरों को जेल से रिहा कर दिया गया, वे गुरुवार को चेन्नई एयरपोर्ट पहुंच गए। चार मछुआरों को 20 फरवरी को और अन्य तीन को 22 फरवरी को कथित तौर पर सीमा पार से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले गुरुवार को रामेश्वरम मछुआरा संघ ने कहा श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 11 मछुआरों को पकड़ लिया और उन्हें जांच के लिए कांगेसंदुरै नौसेना शिविर ले गई। इससे पहले 20 मार्च को तमिलनाडु के पकड़े गए 13 मछुआरों को भारतीय दूतावास को सौंप दिया गया जो भारत लौट आए। वे कथित रूप से स्वीकृत सीमा से बाहर मछली पकड़ने के आरोप में पकड़े गए थे।

**मियामी ओपन टेनिस :** क्वार्टरफाइनल में पोलैंड की स्टार खिलाड़ी को दी मात, अब जेसिका पेगुला से होगा मुकाबला

# 140वें नंबर की एलेक्जेंड्रा ने दूसरी सीड स्विटेक को हराया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मियामी.** एलेक्जेंड्रा एला ने कभी सपने में भी नहीं सोचा था कि मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट उनके लिए सबकुछ बदल देगा। एला ने इस टूर्नामेंट में लगातार तीन मैचों में पूर्व ग्रैंड स्लेम चैंपियन खिलाड़ियों को हराया है। सबसे बड़ी बात है कि एला को इस टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड एंट्री मिली थी, लेकिन उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बना ली। क्वार्टरफाइनल में 19 साल की एला ने दूसरी वरीय पौलेंड की इगा स्विटेक को 6-2, 7-5 से हराया। विश्व रैंकिंग में 140वें नंबर की खिलाड़ी की यह करियर की सबसे बड़ी जीत थी। अब उनका सामना चौथी वरीय अमरीका की जेसिका पेगुला से होगा।

**03** पूर्व ग्रैंड स्लेम **चैंपियन खिलाड़ियों को हराया एला ने**

**6-2** 7-5 से दी ***इगा स्विटेक को शिकस्त***

### मुझे विश्वास नहीं हो रहा

मुझे विश्वास नहीं हो रहा कि मैंने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। स्विटेक के खिलाफ मैच मेरे करियर का सबसे बड़ा मैच था। मैं बहुत खुश हूं कि मैं यहां तक पहुंची। मैं जीत की लय आगे भी कायम रखना चाहूंगी। **-एलेक्जेंड्रा एला,** फिलिपींस की खिलाड़ी

### शीर्ष वरीय ज्वेरेव हारे

**टूर्नामेंट** के पुरुष एकल के अंतिम-16 दौर में एलेक्जेंडर ज्वेरेव को फ्रांस के आर्थर फिल्स के हाथों शिकस्त झेलनी पड़ी। गैर वरीय फिल्स ने ज्वेरेव को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

### नडाल ने दी बधाई

**स्पेन** के महान खिलाड़ी राफेल नडाल ने एला को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी। गौरतलब है कि एला ने नडाल की एकेडमी से ही टेनिस की ट्रेनिंग ली है।



फिलिपींस की एलेक्जेंड्रा एला, स्विटेक को हराने के बाद भावुक हो गईं।

**फैसला :** बोर्ड सचिव देवाजीत सेकिया 30 मार्च को कर सकते हैं घोषणा

# बीसीसीआइ के सालाना अनुबंध में होंगे कई बदलाव, श्रेयस अय्यर की वापसी तय

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**मुंबई.** भारतीय क्रिकेटरों के सालाना अनुबंध पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) 30 मार्च को फैसला ले सकता है। गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआइ सचिव देवाजीत सेकिया आगामी रविवार को इस मसले पर भारतीय टीम के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर और टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के साथ चर्चा करेंगे। हालांकि आमतौर पर सालाना अनुबंध की घोषणा आइपीएल से पहले कर दी जाती है लेकिन इस बार इसमें देरी हो गई है। माना जा रहा है कि इस बार कई बदलाव हो सकते हैं।



श्रेयस अय्यर, बल्लेबाज।

### पिछले सत्र में अय्यर को किया था बाहर

**सालाना** अनुबंध में इस बार श्रेयस अय्यर की वापसी हो सकती है, जिन्हें पिछली बार बाहर कर दिया गया था। अय्यर ने हाल में भारतीय टीम को चैंपियंस ट्रॉफी जिताने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्हें ग्रेड-ए में शामिल किया जा सकता है।

***फील्डिंग कोच की हो सकती है छुट्टी:*** बीसीसीआइ कोच गौतम गंभीर के सपोर्ट स्टाफ को थोड़ा कम करना चाह रहा है। माना जा रहा है कि फील्डिंग कोच टी दलीप की छुट्टी हो सकती है, जो पिछले चार साल से टीम के साथ जुड़े हैं।

**महिला फुटबॉल :** बायर्न म्यूनिख को 6-1 से हराया

# ल्योन का दबदबा : रेकॉर्ड 14वीं बार सेमीफाइनल में

जीत का जश्न...



जीत हासिल करने के बाद खुशी मनाती हुई ल्योन टीम की खिलाड़ी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ल्योन (पेरिस).** मेजबान ल्योन ने बुधवार रात यहां खेले गए यूएफा महिला चैंपियंस लीग टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में रेकॉर्ड 14वीं बार जगह बनाई। क्वार्टरफाइनल के दूसरे लेग में ल्योन ने दबदबा कायम रखते हुए बायर्न म्यूनिख को 4-1 से हराया। पहले लेग में ल्योन 2-0 से जीती थी। इस तरह उसने 6-1 के कुल अंतर से अंतिम-4 में प्रवेश किया।

### अब आर्सेनल से भिड़ंत

**रेकॉर्ड** आठ बार की चैंपियन ल्योन का फाइनल में जगह बनाने के लिए सामना आर्सेनल की टीम से होगा। आर्सेनल ने अन्य क्वार्टरफाइनल मुकाबले में रियाल मैड्रिड को कुल 3-2 के अंतर से हराया। आर्सेनल की टीम पहले लेग में 0-2 से हार गई थी लेकिन दूसरे लेग में उसने 3-0 से जीत हासिल कर जोरदार वापसी की और अंतिम-4 में पहुंची।

**ग्रुप-बी में शामिल**

## एशियन कप में भारत को मिला कठिन ड्रॉ

**नई दिल्ली@ पत्रिका.** भारतीय महिला फुटबॉल टीम को आगामी एएफसी एशियन कप क्वालीफायर में कठिन ड्रॉ मिला है। गुरुवार को कुआलालंपुर में टूर्नामेंट के ड्रॉ निकाले गए। ग्रुप-बी में भारतीय टीम का मैच थाइलैंड, मंगोलिया, ईरान और तिमोर लेस्टे से होगा। ग्रुप-बी मैच 23 जून से पांच जुलाई तक खेले थाईलैंड में होंगे। ग्रुप में शीर्ष पर रहने वाली टीम फाइनल में जाएगी, जो ऑस्ट्रेलिया में 01 से 26 मार्च 2026 तक खेला जाएगा।

**इम्पैक्ट प्लेयर**

## ऑलराउंडर के लिए घातक यह नियम

**मुंबई@ पत्रिका.** न्यूजीलैंड के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स आइपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर नियम से ज्यादा खुश नहीं हैं। आइपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस टीम में शामिल फिलिप्स ने कहा, यह नियम आइपीएल में काफी काम आ रहा है लेकिन ऑलराउंडर की भूमिका को कम कर दिया है। इस नियम के कारण फिलिप्स को भी खेलने का मौका नहीं मिल रहा है। इससे पहले, रोहित शर्मा जैसे दिग्गज बल्लेबाज ने इस नियम पर सवाल उठाए थे।

**आइपीएल-2025 :** मेजबान टीम के खिलाफ पांच विकेट से जीत हासिल की

# शार्दुल की घातक गेंदबाजी, दो साल बाद लखनऊ ने हैदराबाद को हराया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**हैदराबाद.** मीडियम पेसर शार्दुल ठाकुर की घातक गेंदबाजी के बाद निकोलस पूरन के आतिशी अर्धशतक से लखनऊ सुपरजायंट्स ने मेजबान सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पांच विकेट से जीत हासिल की। लखनऊ ने 2023 के बाद पहली बार हैदराबाद को हराया है। यह इस सीजन लखनऊ की दो मैचों में पहली जीत है। वहीं, हैदराबाद को दो मैचों में पहली हार झेलनी पड़ी है।

टॉस जीतने के बाद लखनऊ ने पहले गेंदबाजी चुनी थी। हैदराबाद की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 190 रन बनाए थे। जवाब में लखनऊ ने 16.1 ओवर में पांच विकेट पर 193 रन बनाकर जीत हासिल कर ली। इस जीत से लखनऊ ने हैदराबाद के खिलाफ अपनी जीत का रेकॉर्ड भी अच्छा किया। लखनऊ ने हैदराबाद से पांच मैच खेले हैं और चार जीते व एक हारा है।

### जीत का हीरो : शार्दुल ने चार विकेट झटके

लखनऊ की जीत के हीरो मीडियम पेसर शार्दुल ठाकुर रहे। प्लेयर ऑफ द मैच बने शार्दुल ने चार ओवर में 34 रन देकर चार विकेट हासिल किए, जो आइपीएल में उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है। इससे पहले, उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 36 रन देकर चार विकेट था। उन्होंने दूसरी बार आइपीएल में चार विकेट झटके। वहीं, लखनऊ के लिए मिचेल मार्श ने 52 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने सात चौके व दो छक्के लगाए। इससे पहले, हैदराबाद की ओर से ओपनर ट्रेविस हैड ने सर्वाधिक 47 रन की पारी खेली। उन्होंने 28 गेंद खेलते हुए पांच चौके व तीन छक्के लगाए।





विकेट लेने के बाद बिश्नोई संग खुशी मनाते शार्दुल ठाकुर (बाएं)। इनसेट में निकोलस पूरन व मिचेल मार्श।

### सबसे तेज अर्धशतक: पूरन ने 18 गेंदों में ठोका

**लखनऊ** के लिए निकोलस पूरन ने 26 गेंदों में 70 रन की आतिशी पारी खेली। उन्होंने छह चौके और छह छक्के लगाए। उन्होंने 18 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, जो इस सीजन का सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले, यह रेकॉर्ड लखनऊ के ही मिचेल मार्श के नाम 21 गेंदों में था, जो उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ बनाया था।

### स्कोर बोर्ड

| हैदराबाद पारी | 20 ओवर में 190/9 |
| --- | --- |
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| हेड बो प्रिंस यादव | 47 28 05 03 |
| अभिषेक कॉ पूरन बो ठाकुर | 06 06 01 00 |
| ईशान कॉ पंत बो ठाकुर | 00 01 00 00 |
| रेड्डी बो रवि बिश्नोई | 32 28 02 00 |
| क्लासेन रनआउट | 26 17 02 01 |
| अनिकेत कॉ मिलर बो राठी | 36 13 00 05 |
| अभिनव कॉ समद बो ठाकुर | 02 06 00 00 |
| कमिंस कॉ राठी बो आवेश | 18 04 00 03 |
| हर्षल नाबाद | 12 11 00 00 |
| शमी कॉ बडोनी बो ठाकुर | 01 03 00 00 |
| सिमरजीत सिंह नाबाद | 03 04 00 00 |

**अतिरिक्त:** 7. **विकेट पतन:** 1-15, 2-15, 3-76, 4-110, 5-128, 6-156, 7-156, 8-176, 9-181. **गेंदबाजी:** ठाकुर 4-0-34-4, आवेश 4-0-45-1, दिग्वेश राठी 4-0-40-1, रवि बिश्नोई 4-0-42-1, प्रिंस यादव 4-0-29-1.

| लखनऊ पारी | 16.3 ओवर में 193/5 |
| --- | --- |
| **बल्लेबाज** | **रन गेंद 4 6** |
| मार्श कॉ रेड्डी बो कमिंस | 52 31 07 02 |
| मार्करम कॉ कमिंस बो शमी | 01 04 00 00 |
| पूरन एलबीडब्ल्यू बो कमिंस | 70 26 06 06 |
| पंत कॉ शमी बो पटेल | 15 15 00 01 |
| बडोनी कॉ पटेल बो जांपा | 06 06 01 00 |
| मिलर नाबाद | 13 07 02 00 |
| समद नाबाद | 22 08 02 02 |


**अतिरिक्त:** 14. **विकेट पतन:** 1-4, 2-120, 3-138, 4-154, 5-164. **गेंदबाजी:** अभिषेक 2-0-20-0, शमी 3-0-37-1, सिमरजीत 2-0-28-0, कमिंस 3-0-29-2, जांपा 4-0-46-1, पटेल 2-0-28-1, ईशान किशन 0.1-0-4-0.

**आज का मैच :** प्रसारण शाम 7.30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स पर

## आरसीबी 17 साल से चेन्नई में मैच नहीं जीती

**चेन्नई.** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) की टीम जब शुक्रवार को मेजबान चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ यहां आइपीएल मैच खेलने उतरेगी तो उसके सामने जीत हासिल करने की चुनौती होगी। आरसीबी की टीम 17 साल से चेन्नई सुपरकिंग्स को उसके घर में नहीं हरा सकी है। दोनों टीमों के बीच अब तक कुल 33 मैच खेले गए हैं। इसमें चेन्नई ने 21 जबकि आरसीबी ने 11 जीते हैं। वहीं, एक मैच बेनतीजा रहा है।

## CROSSWORD (वर्ग पहेली) 7295...



**बाएं से दाएं...** 1. संसार, जगत (3), 3. विष, जहर (4), 6. चाचा (2), 7. पंकज, अरविन्द (3), 8. केश, बच्चा (2), 10. कृत्रिम जल मार्ग (3), 12. पुस्तकालय (5), 14. प्रसिद्ध, ख्यातनाम (4), 16. ईश्वर, खुदा (2), 17. बेवकूफी, मूर्खता (4), 18. शेष, बचा हुआ (2), 20. सिख धर्म के संस्थापक गुरु (3), 22. यज्ञ करना (3), 24. आदत, व्यसन (2), 26. राय, वोट (2), 28. मृत्यु का देवता (4), 31. व्यंजन (4), 33. रसोई घर, खाद्य भंडार (3-2), 34. सारांश, निचोड़ (2)

**ऊपर से नीचे...** 1. वह स्थान जहां सामान आदि रखकर बेचा जाता है (3), 2. मुस्लिम पद्धति से होने वाले विवाह का दस्तावेज (3-2), 3. बराबर, चौरस (4), 4. लोभ (3), 5. पूर्णत: भरा हुआ (4), 9. गति, सामंजस्य, विलय होना (2), 11. झूलते हुए चलना, पेंग मारना (4), 13. नरक में होने वाला, अत्यंत दुराचारी (4), 15. स्वदेश (3), 17. भारत की उत्तरी सीमा पर स्थित विशाल पर्वत (4), 19. दौलत, रुपया-पैसा (2), 21. अल्प, थोड़ा (2), 23. बारात ठहराने का स्थान (4), 25. इमली (3), 27. तप्त होना, तपस्या करना (3), 29. आनंदमय क्रीड़ा, रस्सी (2), 30. चोट, मार, निशाना (2), 32. पुरुष, अर्जुन (2)

हल 7294



## SUDOKU 7030...

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 5 | | | | | 4 |
| 9 | | | | | 3 | | | 2 |
| 4 | | | | 8 | | | 6 | |
| | 7 | | | | 2 | | 3 | |
| | | | | | 1 | 5 | 2 | |
| | 6 | | | 7 | 9 | 1 | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 7 | 1 |
| | 3 | 1 | | | 5 | | | |

हल 7029

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 3 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 | 6 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 4 | 5 |
| 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 3 | 7 |
| 7 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 4 | 9 | 5 | 3 | 1 | 7 | 8 |
| 9 | 5 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 2 | 7 | 4 | 5 | 9 |

**कैसे खेलें :** वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। कोई अंक दुबारा नहीं आए।

**2028 ओलंपिक में गोल्फ: लुसाने @ पत्रिका.** अंतरराष्ट्रीय गोल्फ फेडरेशन (आइजीएफ) को उम्मीद है कि 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में गोल्फ की मिश्रित टीम स्पर्धा को भी शामिल किया जाएगा। आइजीएफ के अधिकारी सोमवार को होने वाली बैठक में दो दिवसीय स्पर्धा के लिए प्रस्ताव अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सामने रखेंगे।

### आज का पोल

**क्या आरसीबी की टीम 17 साल बाद चेन्नई को उसके घर में हरा सकती है?**

YES | NO

हमारे ट्विटर/फेसबुक पेज पर जाएं और विस्तार से अपनी राय रखें। @PatrikaNews

गुरुवार का जवाब

हां 38% नहीं 62%

***पिछला सवाल:*** क्या लखनऊ की टीम हैदराबाद को उसके घरेलू मैदान पर हरा सकती है?

**जॉयदीप करमाकर**

## चयन पर सवाल उठाए तो किया निलंबित



**नई दिल्ली@ पत्रिका.** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआइ) ने गुरुवार को कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता निशानेबाज जॉयदीप करमाकर को पश्चिम बंगाल में सभी निशानेबाजी गतिविधियों से निलंबित किए जाने के बारे में उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। प. बंगाल राइफल संघ (डब्ल्यूबीआरए) ने राइफल कोच करमाकर को राज्य में निशानेबाजी से संबंधित गतिविधियों से प्रतिबंधित करने का कदम तब उठाया जब इस ओलंपियन ने साल के शुरू में उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के चयन पर सवाल उठाए थे।

***करमाकर ने लिखा पत्र:*** एनआरएआइ सचिव राजीव भाटिया ने कहा, इस पर उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। करमाकर ने पत्र लिखकर एनआरएआइ से मामले में दखल देने की मांग की है।

**राष्ट्रीय महिला मुक्केबाजी :** पांच स्वर्ण पदक जीते

# रेलवे ने सर्वाधिक नौ पदक जीते, अपने खिताब का बचाव किया

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**ग्रेटर नोएडा.** रेलवे ने आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने खिताब का बचाव किया। रेलवे की मुक्केबाजों ने पांच स्वर्ण पदकों के साथ सर्वाधिक नौ पदक हासिल किए। गुरुवार को यहां शहीद विजय सिंह पथिक खेल परिसर में रेलवे की पांच मुक्केबाज अलग-अलग वर्गों में फाइनल खेलने के लिए उतरीं और सभी स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

हरियाणा दो स्वर्ण सहित कुल छह पदकों के साथ दूसरे स्थान पर जबकि अखिल भारतीय पुलिस एक स्वर्ण के साथ कुल सात पदक जीत तीसरे स्थान पर रहा।



अनामिका, मुक्केबाज, रेलवे।

***दमदार प्रदर्शन:*** रेलवे की अनामिका ने 48-51 किग्रा वर्ग जबकि नूपुर ने 80 किग्रा वर्ग में अपनी बादशाहत कायम रखी। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ ने पदक जीतने वाली मुक्केबाजों को 50 हजार रुपए नकद देने की घोषणा की है।

**इंडिया ओपन स्क्वैश**

## अनाहत और जोशना अंतिम-4 में पहुंचीं

**मुंबई@ पत्रिका.** भारत की अनाहत सिंह, जोशना चिनप्पा और अभय सिंह ने जेएसडब्ल्यू इंडियन ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की नंबर एक खिलाड़ी अनाहत सिंह ने मिस्र की नादियन एल्हममी को 3-2 (11-6, 12-14, 8-11, 11-6, 11-9) से हराया।

वहीं भारत की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक चिनप्पा ने शीर्ष वरीयता प्राप्त आकांक्षा सालुंखे को 3-2 (12-10, 13-11, 9-11, 9-11, 11-5) से शिकस्त दी। पुरुष वर्ग में भारत के अभय सिंह ने मलेशिया के अमीशेनराज चंद्रन के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाया। अभय ने शुरू से ही मैच पर नियंत्रण बनाए रखा और 34 मिनट में 11-5, 11-8, 11-7 से जीत हासिल करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

**एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप :** भारत का दूसरा पदक

# तुर्कमेनिस्तान के पहलवान को हरा नितेश ने जीता कांस्य पदक

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**अम्मान.** भारतीय पहलवान नितेश ने एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के 97 किलोग्राम ग्रीको रोमन वर्ग में अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को हराकर कांस्य पदक जीता। इस चैंपियनशिप में भारत का यह दूसरा पदक है।

जॉर्डन के अम्मान में खेले गए मुकाबले में 22 साल के नितेश ने तुर्कमेनिस्तान के अमानबेर्दी अगामम्मेदोव को तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 9-0 से हराकर दूसरा पदक पक्का किया। इससे पहले 67 किग्रा भार वर्ग में नीरज कांस्य पदक जीतने से चूक गए। टूर्नामेंट में सुनील कुमार ने 87 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर खाता खोला था।



नितेश कांस्य पदक जीतने के बाद।

***रितिका गोल्ड के करीब:*** भारत की रितिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। स्वर्ण पदक के लिए रितिका किर्गिस्तान की एइपेरी मेडेट के खिलाफ उतरेंगी।

**सख्त कदम //** वर्ल्ड एथलेटिक्स ने जेंडर की सही पहचान के लिए परीक्षण शुरू करने को मंजूरी दी, हर महिला एथलीट को देना होगा टेस्ट, उसके बाद मिलेगी मंजूरी

# महिला वर्ग में प्रतिस्पर्धा करना है तो साबित करना होगा... 'मैं महिला हूं'

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** विश्व एथलेटिक्स ने घोषणा की है कि अब यदि किसी महिला एथलीट को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा करनी है तो पहले उसे यह साबित करना होगा कि वह जैविक रूप से महिला है या नहीं। विश्व एथलेटिक्स ने यह निर्धारित करने के लिए एक जेंडर टेस्ट शुरू करने को मंजूरी दे दी है। यह फैसला इसलिए किया गया है ताकि महिला वर्ग में वही एथलीट प्रतिस्पर्धा कर सकें, जो जैविक रूप से महिला है। इससे ट्रांसजेंडर और उन एथलीटों के लिए मुश्किलें बढ़ जाएगी, जो हैं तो महिला, लेकिन जिनके अंदर पुरुष टेस्टोरन ज्यादा है। विश्व एथलेटिक्स ने कहा कि महिला वर्ग में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को अपने करियर में एक बार इस टेस्ट से गुजरना ही पड़ेगा।



ओलंपिक बाउट में खलीफ और एंजेला (नीली जर्सी)।

### पेरिस ओलंपिक में उठे थे इमाने खलीफ पर सवाल

पेरिस ओलंपिक 2024 में अल्जीरिया की चैंपियन महिला मुक्केबाज इमाने खलीफ विवादों में रहीं थीं। ओलंपिक के एक मैच के दौरान इटली की मुक्केबाज एंजेला ने खलीफ के खिलाफ खेलने से मना कर दिया। एंजेला ने कहा कि खलीफ के मुक्के पुरुषों की तरह थे और उन्होंने रोते हुए बाउट बीच में छोड़ दी।

***टेस्ट इस साल से शुरू होंगे:*** एक रिपोर्ट के तहत, इस साल सितंबर में टोक्यो में विश्व चैंपियनशिप 2025 की शुरुआत होगी और यहां से जेंडर टेस्ट की शुरुआत होने की संभावना है। गौरतलब है कि कुछ समय पहले ही विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में ट्रांसजेंडर और लिंग अंतर विकास (डीएसडी) एथलीटों की पात्रता पर नियमों को कड़ा करने के लिए मंजूरी दी गई थी।

### ऐसे की जाएगी पहचान

- परीक्षण में एसआरवाई जीन की जांच की जाएगी, जो वाइ क्रोमोसोम का हिस्सा है **और पुरुषों के लक्षण जाहिर होना बताता है।**
- एथलीट के गाल का भी परीक्षण किया जाएगा, **जिससे पता चलेगा कि एसआरवाई मौजूद है या नहीं।**
- सूखे रक्त के धब्बों के परीक्षण का उपयोग एथलीट के **टेस्टोस्टेरोन के स्तर को निर्धारित करने के लिए किया जाएगा।**

***अभी क्या है नियम:*** मौजूदा नियमों के अनुसार डीएसडी एथलीटों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी महिला श्रेणी की प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कम से कम छह महीने तक अपने टेस्टोस्टेरोन के स्तर को एक निर्धारित स्तर तक कम करना पड़ता है।

### इन कारणों से लिया गया फैसला

**विश्व एथलेटिक्स** के अध्यक्ष लोर्ड कोए ने इस बारे में कहा, यह फैसला दिखाता है कि हम महिला एथलीटों के अधिकारों की रक्षा के लिए सतर्क हैं। उन्होंने कहा, यह एक सटीक परीक्षण है। यह फैसला लेना जरूरी था ताकि महिला वर्ग में वही खिलाड़ी प्रतिस्पर्धा कर सकें, जो वास्तव में महिला हैं। अब हम परीक्षण शुरू करने के लिए काम कर रहे हैं, जिसकी समयसीमा पर अगले कुछ सप्ताहों में सहमति बन जाएगी।



लोर्ड कोए।

### एथलीटों में जेंडर असमानता दो तरह की....

1 **ट्रांसजेंडर:** इसमें वो एथलीट शामिल हैं जो जैविक तौर पर पुरुष होते हैं लेकिन बाद में ऑपरेशन के जरिए जेंडर बदलवा कर महिला बन जाते हैं, ***या वे एथलीट जो जैविक तौर पर पुरुष होते हैं लेकिन जिनके अंदर शुरुआत से ही महिलाओं वाले लक्षण होते हैं।***

2 **डीएसडीएस :** वे एथलीट जिनके अंदर जन्म से ही महिला और पुरुष दोनों तरह के लक्षण होते हैं। ***भारत की धाविका दुति चंद, अल्जीरिया की मुक्केबाज इमाने खलीफ, जो महिला वर्ग में भाग लेती हैं।*** इसके लिए उन्हें अपने टेस्टोस्टेरोन के स्तर को कंट्रोल करना पड़ता है।

## लेगोलैंड: 20 लाख लेगो ब्रिक्स से हुआ मेकओवर, नए आकर्षणों में सिटी हॉल भी जुड़ा




विंडसर, इंग्लैंड. लेगोलैंड के नए आकर्षणों में लंदन के प्रतिष्ठित भवनों – सिटी हॉल, 30 सेंट मैरी एक्स (द गेरकिन) और 122 लीडेनहॉल स्ट्रीट (द चीज ग्रेटर) – की प्रतिकृतियां भी शामिल हो गई हैं। नई प्रतिकृतियां 20 लाख से अधिक लेगो ब्रिक्स से बनी हैं। लेगोलैंड पार्क में 2 से 12 वर्ष की आयु के बच्चों वाले परिवारों के लिए रोमांच की बहुत सारी सुविधाएं हैं - जो कई दिनों तक उनके मनोरंजन और क्रियाकलापों के लिए पर्याप्त हैं।

## पत्रिका एक्सप्लेनर

# क्या हिंसा से ऊब गए हैं गाजा के लोग?

*पिछले 17 माह से युद्ध की विभीषिका झेल रहे इजरायल अधिकृत गाजा पट्टी में रह रहे फिलिस्तीनियों ने बुधवार को राजनीतिक संगठन से आतंकी संगठन बने हमास के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। गाजा के लोगों ने कभी हमास को गले लगाया था लेकिन युद्ध में 50,000 से ज्यादा लोग गंवाने के बाद पहली बार हमास के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। सवाल उठता है कि क्या गाजा के लोग युद्ध से ऊब गए हैं। जानते हैं यह स्थिति क्यों बनी?*

### हमास का विरोध क्यों?

**हरकत** अल-मुकावामा अल-इस्लामिया (हमास) दरअसल गाजा में रहने वाले फिलिस्तीनी लोगों के हितों की राजनीतिक लड़ाई लड़ने के लिए 1987 में राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हुआ था। उसे गाजा के लोगों का चुनाव में भरपूर समर्थन मिला जिससे वह वहां की सरकार चलाने लगा। बाद में वह इजरायल से सशस्त्र छापामार संघर्ष करने लगा और आतंकी संगठन बन गया। हमास के हमलों के बाद इजरायल के जवाबी वार से गाजा के लोग, खासकर महिला और बच्चे, सबसे ज्यादा पीड़ित हैं। अब गाजा के लोग समझ रहे हैं कि उसकी परेशानियों का कारण हमास है।

### क्या हमास के प्रति समर्थन कम हो गया?

**जी** हां, पेलेस्टिनियन सेंटर फॉर पॉलिसी एंड सर्वे रिसर्च के मुताबिक फिलिस्तीनियों के बीच हमास के लिए समर्थन सात अक्टूबर 2023 के तुरंत बाद 42 फीसदी था, जबकि जनवरी 2025 में केवल 21 फीसदी रह गया है।

### क्या घर छूटने का भी डर?

**अमरीकी** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप की ओर से गाजा को खाली करवाकर रियल एस्टेट साइट बनाने की योजना ने भी गाजा के लोगों में डर पैदा किया है कि हमास ने अपनी हरकतें नहीं छोड़ी तो उन्हें घर छोड़ने को मजबूर होना पड़ेगा।

***विरोध की और क्या वजह...*** गाजा पर हमास के राज में विकास और शांति के बजाय युद्ध, हमले तो बढ़े ही हैं, बेरोजगारी और गरीबी चरम पर है। युद्ध और भूख से पीड़ित लोगों में अन्य देशों की स्थिति देखकर शांति की ओर बढ़ने की इच्छा उनमें जाग्रत होने लगी है। हमास की ओर से कड़े धार्मिक नियम लागू करने से भी लोगों में उसका विरोध बढ़ा है।

प्रस्तुतिः **नीरू यादव**

## गुवाहाटी: केंद्र ने स्थापित की स्वदेशी 5जी प्रयोगशाला

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** केंद्र सरकार ने असम के गुवाहाटी विश्वविद्यालय में स्वदेशी 5जी प्रयोगशाला स्थापित की है, जो संकाय और छात्रों को एंड-टू-एंड 5जी प्रणाली में व्यावहारिक अंतर्दृष्टि प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। प्रयोगशाला से संकाय और छात्रों को 5जी व 6जी प्रौद्योगिकियों के लिए उन्नत अनुसंधान, सिस्टम क्षमताओं की गहरी समझ विकसित करने और अनुप्रयोगों में मदद मिलेगी।

## प. बंगाल: पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के आवास पर गोलीबारी

**बैरकपुर @ पत्रिका.** उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा में बुधवार रात भाजपा नेता व पूर्व सांसद अर्जुन सिंह के आवास के बाहर अज्ञात बदमाशों ने बम फेंके और गोलीबारी की। सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस मूकदर्शक बनी रही। घटना के बाद उनके घर के बाहर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस के अनुसार, हमले में एक युवक घायल हुआ, जबकि चार आरोपियों सुमित बेरा, दशरथ बेरा, बंटी दास और अशोक दास को गिरफ्तार किया गया।

## सुलग रहा बलूचिस्तान: हाईवे रोक कर गाड़ियों को आग लगाई

# अब ग्वादर पर बलूच आर्मी का हमला, 5 को गोली मारी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**क्वेटा.** पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में हिंसा की घटनाएं तेज हो गई हैं। बुधवार शाम को ग्वादर बंदरगाह के निकट बलूच आर्मी ने बड़ा हमला किया है। पहले हाईवे रोककर गाड़ियों को आग के हवाले किया और फिर कलमत में कराची जा रही बस को रुकवाकर पंजाबी मूल के लोगों को गोली से भून दिया।

बलूच विद्रोहियों का निशाना बने ज्यादातर वाहन बंदरगाह से माल लेकर निकले थे। ग्वादर हमला पाकिस्तान के लिए उनकी खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इसमें बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सहित कई संगठन शामिल हैं, जो लगातार पाकिस्तान पर हमलावर हैं। ग्वादर पोर्ट पाकिस्तान के लिए काफी अहम है। इसके विकास में जहां, चीन का काफी पैसा लगा तो यह चीन-पाकिस्तान कॉरिडोर का हिस्सा भी है। हाईवे पुलिस के फहीज बलोच ने बताया कि सशस्त्र विद्रोहियों ने तुरबत, ताजबन, पंजगुर और पसनी में भी सडकों को जाम कर दिया।



**बलूचिस्तान** की राजधानी क्वेटा में गुरुवार को एक बम धमाके में 2 की मौत हो गई और 17 घायल हुए हैं।

### लगातार हो रहे हमले

**इसी** महीने बीएलए ने 440 यात्रियों को ले जा रही जाफर एक्सप्रेस का अपहरण कर लिया था। हाल ही हथियारबंद लोगों ने 6 घटनाओं में चार पुलिसकर्मियों और चार मजदूरों की हत्या कर दी थी। एक दिन पहले, नोशकी में एक राजमार्ग पर तीन जवानों सहित पांच लोग मारे गए और 30 घायल हो गए।

### चीन के सीपीईसी प्रोजेक्ट का हिस्सा ग्वादर

**पाकिस्तान** के बलूचिस्तान में अरबों डॉलर की लागत से चीन का सीपीईसी प्रोजेक्ट चल रहा है। यही नहीं चीन की योजना ग्वादर में नेवी और सेना के बेस बनाने की है। चीन ने अरबों डॉलर खर्च करके ग्वादर में पोर्ट का विकास किया, लेकिन इसका उसे कोई फायदा होता नहीं दिख रहा है। वहीं भारत ने ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर बड़े प्लान पर काम करना शुरू कर दिया है। भारत का इरादा 4000 करोड़ खर्च करके अगले 10 साल में इस ईरानी पोर्ट की क्षमता को पांच गुना करने की है।

## लोकसभा: इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल पास

# ये देश कोई धर्मशाला नहीं कि कोई जब चाहे आकर रहे: शाह



पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**नई दिल्ली.** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को लोकसभा में इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पेश किया, जो देश की सुरक्षा और विदेशी नागरिकों का लेखा-जोखा सुनिश्चित करेगा। यह बिल पुरानी अप्रवासन नीतियों की जगह नई नीति लाएगा, जिससे भारत आने वाले सभी विदेशी नागरिकों का ऑटोमेटिक डेटाबेस तैयार होगा।

शाह ने कहा, 'देश की सीमा में कौन आता है? कब आता है? कितने समय के लिए आता है? किस उद्देश्य से आता है? यह जानना सुरक्षा के लिए बहुत जरूरी है।' उन्होंने कहा, व्यापार, शिक्षा व मैन्युफैक्चरिंग के लिए आने वालों का स्वागत है, पर जो शांति भंग करेंगे, चाहे वे रोहिंग्या हों या बांग्लादेशी, उन पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### क्या हैं प्रावधान

**विदेश** से किसी भी व्यक्ति को बुलाने पर संस्था या संबंधित व्यक्ति को सूचना देनी होगी

**विदेशी** नागरिकों के अवैध प्रवेश पर नियंत्रण, अनिवार्य पंजीकरण व निगरानी होगी

**बिना** वैध पासपोर्ट या वीजा के प्रवेश करने पर पांच वर्ष तक की कैद और पांच लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है

**जाली** दस्तावेजों का उपयोग करने पर दो से सात वर्ष तक की कैद व 1 से 10 लाख रुपए तक का जुर्माना हो सकता है

**आप्रवासन** कानून के उल्लंघन पर अधिकारियों को बिना वारंट के गिरफ्तारी करने का अधिकार होगा।

**बंगाल सरकार की वजह से घुसपैठः** गृहमंत्री ने कहा कि बांग्लादेश से सटी सीमा 2216 किमी. है। इसमें से 450 किमी. सीमा पर फेंसिंग के लिए बंगाल सरकार भूमि नहीं दे रही, जबकि सात बैठक हो चुकी हैं। यही बंगाल सरकार घुसपैठियों को आधार कार्ड देती है।

## शिखर सम्मेलन: स्टारमर, जेलेंस्की से चर्चा



**पेरिस.** ब्रिटिश पीएम कीर स्टारमर और यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ शिखर सम्मेलन में चर्चा करते फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों

## पत्रिका पोल

**Q** देश में अवैध तरीके से रह रहे विदेशियों को बाहर निकालने में क्या नया कानून मदद करेगा?

**कल का सवाल था**
दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद निर्वाचन को चुनौती की याचिकाएं क्या राजनीति से प्रेरित हैं?

जवाब
86% हां | 14% नहीं

क्यूआर कोड स्कैन करें...

**कन्हैया कुमार के निकलते ही मंदिर की गंगाजल से धुलाई, कहा- 'अभी धुला नहीं देशद्रोह का दाग**

बिहार की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

**गोबर से दुर्गंध आने के अखिलेश यादव के बयान पर केशव प्रसाद मौर्य ने कसा तंज**

उत्तर प्रदेश की प्रमुख खबरें पढ़ने के लिए क्यूआर कोड स्कैन करें

## सर्वे: 16 राज्यों में 8,276 पुलिसकर्मियों पर हुआ

# महाराष्ट्र, एमपी, राजस्थान पुलिस में दिखा मुस्लिमों के प्रति पूर्वाग्रह

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** 'स्टेटस ऑफ पुलिसिंग इन इंडिया रिपोर्ट 2025: पुलिस टॉर्चर और (अ)जवाबदेही' में दावा किया गया है कि पुलिसकर्मियों का एक बड़ा वर्ग अपराध की प्रवृत्ति को लेकर सांप्रदायिक पूर्वाग्रह रखता है। रिपोर्ट के अनुसार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, दिल्ली और गुजरात के पुलिसकर्मी सबसे अधिक इस धारणा को मानते हैं कि मुस्लिम समुदाय के लोग 'स्वाभाविक रूप से अपराध करने की प्रवृत्ति रखते हैं।' 'कॉमन कॉज' द्वारा लोकनीति, सीएसडीएस और लाल फैमिली फाउंडेशन के सहयोग से किए गए इस अध्ययन में पाया गया कि हर पांच में से दो मुस्लिम पुलिसकर्मी भी मानते हैं कि मुस्लिम समुदाय के लोग अपराध करने की 'प्रबल' (18 प्रतिशत) या 'कुछ हद तक' (22 प्रतिशत) प्रवृत्ति रखते हैं।

## सराहना: नेपाल, सेनेगल, घाना व बुरुंडी में भी घटी

# संयुक्त राष्ट्र ने बाल मृत्यु दर में कमी के लिए भारत को सराहा

**नई दिल्ली @ पत्रिका.** संयुक्त राष्ट्र ने बाल मृत्यु दर में कमी लाने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे 'उदाहरणीय' करार दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने स्वास्थ्य प्रणाली में रणनीतिक निवेश और योजनाओं के माध्यम से लाखों बच्चों की जान बचाई है।

'संयुक्त राष्ट्र इंटर-एजेंसी ग्रुप फॉर चाइल्ड मोर्टेलिटी एस्टिमेशन' की हालिया रिपोर्ट में भारत को नेपाल, सेनेगल, घाना और बुरुंडी के साथ उन पांच देशों में शामिल किया गया है, जो बाल मृत्यु दर में उल्लेखनीय कमी लाने में कामयाब हुए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति, साक्ष्य-आधारित रणनीतियां और सतत निवेश के माध्यम से, संसाधन-संकीर्ण परिस्थितियों में भी बड़ी उपलब्धियां हासिल की जा सकती हैं।

## उज्जैन: 5 साल में 100 शिकायत, 21 एफआइआर

# महाकाल मंदिर में भस्म आरती और दर्शन के नाम पर धोखाधड़ी

**प्रवीण नागर**
patrika.com

**उज्जैन.** महाकाल मंदिर में नजदीक से दर्शन और भस्म आरती में प्रवेश के नाम पर धोखाधड़ी की पांच साल में 100 से ज्यादा शिकायत मंदिर समिति और महाकाल थाना पुलिस के पास पहुंची। इनमें से अब तक 21 शिकायतों में ही एफआइआर दर्ज हो पाई। एक केस में आरोपी दोषी साबित नहीं हुआ। 79 ऐसी शिकायतें हैं, जो थानों और मंदिर समिति के ऑफिस में बंडल हो गई, ये न्यायिक प्रक्रिया से ही नहीं जुड़ पाई। महाकाल थाना पुलिस को मिली 100 शिकायतों में से अधिकतर मामलों में श्रद्धालुओं ने अपने साथ हुए फ्रॉड की शिकायत महाकाल मंदिर समिति को की। 35ऐसी शिकायतें हैं, जिनमें समिति की ओर से कोई पत्र थाना पुलिस को एफआइआर दर्ज करने के लिए जारी ही नहीं किया।

***दर्शनार्थी बढ़ने के साथ बढ़े मामले...*** महाकाल मंदिर की भस्म आरती प्रसिद्ध हैं। ऐसे में शहर आने वाले हर श्रद्धालु की इच्छा होती है कि वह भस्म आरती में शामिल हो। प्रतिदिन 1700 श्रद्धालुओं को प्रवेश दिया जा सकता है। इसी आरती को लेकर बिचोलिए और फ्रॉड एक्टिव हो गए। इन फ्रॉड के तार मंदिर समिति से जुड़े कर्मचारियों, पंडे-और सिक्योरिटी गार्ड तक से जुड़े रहे हैं।

## कांग्रेस: 338 जिलाध्यक्षों से बोले पार्टी अध्यक्ष

# जोशी ने लोकसभा में उठाया महाराणा सांगा को अपमानित करने का मुद्दा

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी ने महाराणा सांगा को अपमानित करने का मुद्दा लोकसभा में उठाया। जोशी ने अपमान करने वालों पर कार्रवाई की मांग की।

जोशी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान कहा कि कोई तुष्टीकरण के चक्कर में छोटी मानसिकता लेकर महापराक्रमी योद्धाओं के लिए इस प्रकार की बातें करना निंदनीय हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। वीर शिरोमणी महान योद्धा महाराणा सांगा के बारे में दिए गए वक्तव्य पर जोशी ने कहा कि दौलत खान के आमंत्रण पर बाबर भारत बताया था और इब्राहिम लोदी को दो-दो बार धूल चटाई थी। वहीं बाबर को भी युद्ध में हराया था। राणा सांगा एक ऐसे पराक्रमी योद्धा थे, जिन्होंने 100 युद्ध लड़े सभी 100 युद्ध जीते। कुछ लोग तुष्टीकरण के चक्कर में महान वीरों का अपमान करने से नही चुकतें हैं। यह वही लोग हैं जो अयोध्या नहीं जाते और बाबर की कब्र को धोने जाते हैं। चौथी पीढ़ी आ गई ये बाबर की कब्र पर जा रहे हैं इनको अयोध्या जाने में शर्म आती है। इसलिए सदन के माध्यम से आग्रह किया की इस तरह से वीर पुरूषों को अपमानित करने वालों पर कार्रवाई की जाए।

## सोना तस्करी मामला

### रन्या राव की जमानत अर्जी सत्र अदालत से भी खारिज

**बेंगलूरु @ पत्रिका.** सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार फिल्म अभिनेत्री रन्या राव को सत्र अदालत से भी राहत नहीं मिल पाई। अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र अदालत ने गुरुवार को अभिनेत्री रन्या राव की जमानत याचिका खारिज कर दी। इससे पहले विशेष अदालत ने राव की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। 64वें अतिरिक्त सिटी सिविल और सत्र न्यायाधीश ने रन्या व राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआइ) के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जमानत अर्जी खारिज कर दी। रन्या फिलहाल न्यायिक हिरासत में बेंगलूरु के परप्पन अग्रहार केंद्रीय जेल में बंद हैं।

## भुवनेश्वर: विधायकों के निलंबन से गुस्साए समर्थक, फेंकी कुर्सियां



**भुवनेश्वर.** ओडिशा विधानसभा से 14 कांग्रेस विधायकों के निलंबन के खिलाफ गुरुवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे समर्थकों को रोकती पुलिस और एक घायल कांग्रेस समर्थक (इनसेट में)।

# अमरीकी संसद में पाक सेना प्रमुख पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पेश

**इस्लामाबाद @ पत्रिका.** पाकिस्तान ने अमरीकी संसद में सेना प्रमुख असीम मुनीर के खिलाफ प्रतिबंध लगाने की मांग की निंदा की है। हाल ही अमरीकी संसद के निचले सदन में दक्षिण कैरोलिना से रिपब्लिकन सांसद जो विल्सन और कैलिफोर्निया से डेमोक्रेटिक सांसद जिमी पेनेटा ने 'पाकिस्तान डेमोक्रेसी एक्ट' पेश किया। इस बिल में जनरल मुनीर पर राजनीतिक विरोधियों के उत्पीडन और जेलों में डालने का आरोप लगाया गया। बिल पास होने पर मुनीर की अमरीका में एंट्री और वीजा रोका जा सकता हैं। बिल में उत्पीडन में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उन पर भी प्रतिबंध लगाने की मांग की गई हैं।

## कोलकाता हाईकोर्ट

# सीएपीएफ की तैनाती की याचिका खारिज

**कोलकाता @ पत्रिका.** कलकत्ता हाईकोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले में 29 मार्च को कोंटाई सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक लिमिटेड के चुनाव में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) के जवानों की तैनाती के लिए निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका खारिज कर दी। इस सप्ताह की शुरुआत में, स्वप्न बेरा ने चुनाव में गड़बड़ी और सप्ताहांत में हिंसा की आशंका जताते हुए जनहित याचिका दायर की थी।

## ट्रेंडिंग न्यूज



### जेलेंस्की बोले-पुतिन जल्द मर जाएंगे

**कीव.** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के खराब स्वास्थ्य की अटकलों के बीच यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा, पुतिन जल्द ही मर जाएंगे। यह बात उन्होंने फ्रांसीसी राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद कही।

### कनाडा : चंद्रा आर्य को चुनाव लड़ने से रोका



**ओटावा.** कनाडा की लिबरल पार्टी ने भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्य को चुनाव लड़ने से रोक दिया है। उन पर भारत सरकार से करीबी संबंध रखने के आरोप लगे हैं। आर्य ने कहा, खालिस्तानी चरमपंथ के खिलाफ बोलने की वजह से उन्हें निशाना बनाया गया।

### बीजेपी को दुर्गंध पसंद : अखिलेश



**लखनऊ.** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को कहा कि भाजपा को दुर्गंध पसंद है, इसलिए गौशालाएं बनवा रही हैं, जबकि उनकी पार्टी इत्र पार्क विकसित कर रही है। कन्नौज में उन्होंने कहा, बीजेपी की इस बदबू को खत्म कर दें।

# शाह ने साबित किया पीएम राहत कोष में कांग्रेस अध्यक्ष का नाम

**नई दिल्ली @ पत्रिका ब्यूरो.** राज्यसभा में कांग्रेस सांसद की ओर से गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ प्रधानमंत्री राहत कोष और कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ टिप्पणी को लेकर पेश किया गया विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव गुरुवार को सभापति जगदीप धनखड़ ने खारिज कर दिया। धनखड़ ने कहा कि शाह के बयान में कुछ गलत नहीं है। शाह ने बचाव में प्रेस सूचना ब्यूरो का 24 जनवरी 1948 को जारी सरकारी बयान पेश किया। इसमें तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू की ओर से पीएम राहत कोष शुरू करने व इसकी प्रबंधन समिति में पीएम, कांग्रेस अध्यक्ष व डिप्टी पीएम का जिक्र था। दरअसल, आपदा प्रबंधन विधेयक पर बोलते हुए शाह ने पीएम राहत कोष का जिक्र करते हुए कहा था कांग्रेस राज में एक परिवार के लिए सब काम होते थे। कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने आरोप प्रमाणित करने की मांग पर नोटिस दिया था।

***मामला उठाने में जल्दबाजी की...*** उपराष्ट्रपति ने कहा कि विशेषाधिकार का उल्लंघन एक गंभीर मामला है। विशेषाधिकार हनन का मामला उठाने में जल्दबाजी करना दुखदायी है।

# दुनिया की 83% झीलों से कम हुआ ऑक्सीजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बीजिंग.** जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से प्रकृति का दम घुटने लगा है। अब नए शोध में सामने आया है कि गर्मी की लहरों में वृद्धि के कारण दुनिया की झीलों की सतह से ऑक्सीजन कम हो रहा है। चीनी विज्ञान अकादमी के यिबो झान के नेतृत्व में शोधकर्ताओं ने 15,535 झीलों के नमूनों की विश्लेषण किया। इसमें 83% झीलों में ऑक्सीजन के घटते स्तर का पता चला। शोधकर्ताओं के मुताबिक इसके लिए 55% जलवायु परिवर्तन और 10% सुपोषण जिम्मेदार हैं। सुपोषण यानी पोषक तत्वों के कारण झीलों में शैवाल बढ़ते हैं, जो मरने के बाद भी ऑक्सीजन का उपयोग करते हैं।

साइंस एडवांसेज जर्नल में प्रकाशित चीनी वैज्ञानिकों के शोध में पता चला 55% जलवायु परिवर्तन व 10% सुपोषण है ऑक्सीजन घटने के पीछे कारण



### हर साल 15 दिन गर्मी की लहरें रहती

**शोधकर्ताओं** ने ईआरए5 डेटा का उपयोग कर पता किया कि 2003 से 2023 के बीच दुनिया भर की झीलों पर गर्मी की लहरें कब ज्यादा रहीं। इसमें पाया गया कि हर साल औसतन 15 दिन गर्मी की लहरें रहती है। इसके चलते झीलों में ऑक्सीजन की मात्रा कम हो रही है और यह प्रजातियों के विलुप्त होने, जलीय जीवों की मौत और व्यावसायिक मछली पकड़ने के उद्योगों के पतन का कारण बन सकता है।

### गर्म क्षेत्रों की झीलों में ज्यादा परेशानी

**तापमान** बढ़ने के साथ पानी की सतह पर घुली हुई ऑक्सीजन के और भी कम होने की आशंका है। इसके अनुसार, मध्यम उत्सर्जन होने पर 2100 तक इसमें लगभग 0.34 मिलीग्राम प्रति लीटर और बहुत 0 उत्सर्जन होने पर 0.76 मिलीग्राम प्रति लीटर तक की कमी आ सकती है। इसमें सामने आया कि जलवायु परिवर्तन के कारण गर्म क्षेत्रों की कई झीलों में भविष्य में समस्याएं आ सकती हैं।

# एलन मस्क की 'मां' के नाम पर लगाई ₹72 लाख की चपत!

**फरीदाबाद @ पत्रिका.** साइबर ठगी का एक अनोखा मामला सामने आया है, जहां एक पूर्व पायलट को एलन मस्क की 'मां' बनकर ठग लिया गया। शातिर ठगों ने हाई-प्रोफाइल स्कैम रचते हुए 72 लाख रुपए का साइबर फ्रॉड अंजाम दिया।

पूर्व कमर्शियल पायलट शक्ति सिंह लुंबा का 'एक्स' पर अकाउंट है। जनवरी 2024 में उनसे एक व्यक्ति ने खुद को एलन मस्क की कंपनी का मैनेजर बताते हुए संपर्क किया। लुंबा को एलन मस्क की मां का प्रोफाइल बताते हुए 'मे मस्क' को फॉलो करने के लिए कहा गया। लुंबा को प्रलोभन दिया गया कि अगर वे स्पेसएक्स और टेस्ला में निवेश करते हैं, तो उनकी मुलाकात एलन मस्क से कराई जाएगी। इस लालच में आकर उन्होंने शुरुआत में 2.91 लाख रुपए निवेश किए। फिर लगातार उनसे निवेश के लिए कहा जाता रहा।

***अकाउंट फ्रीज हो गया...*** ठगों ने खुद को एलन मस्क बताकर रोलेक्स घड़ी गिफ्ट देने की बात भी कही। इसी झांसे में लुंबा ने 72 लाख रुपए तक निवेश कर दिए। जब उन्होंने पैसे वापस मांगे, तो बहाना बनाया गया कि कंपनी का अकाउंट फ्रीज हो गया है और एलन मस्क जल्द भारत आकर खुद उन्हें पैसा लौटाएंगे। हकीकत सामने आई, तो लुंबा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। फरीदाबाद साइबर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

''स्वत्वाधिकारी राजस्थान पत्रिका प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक गजराज भण्डारी द्वारा 2/3 आई एन एस बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं राजस्थान पत्रिका प्रा. लि. भूखण्ड संख्या 68-69, फेज VII, सैक्टर-35, गुरुग्राम (हरियाणा) एवं मैसर्स विभा पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड, डी-160 बी, सैक्टर 7, गौतमबुद्ध नगर (यू.पी.) से मुद्रित। आर.एन.आई. नं. डेलहिन/2005/15156, सम्पादक: भुवनेश जैन।